ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● श्रावण शुक्ल पक्ष 02 ● विक्रम संवत 2080 ● बुधवार, 19 जुलाई 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-273 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

बहुत अच्छे अभिनेता व निर्देशक हैं मेरे ... पेज 10 पर

NEWS इन ब्रीफ

विष्णु अग्रवाल को ईडी ने 26 जुलाई का समन भेजा

रांची। न्यूक्लियस मॉल के संचालक विष्णु अग्रवाल को ईडी ने नए सिरे से समन कर दिया है। मंगलवार की दोपहर ईडी ने अग्रवाल को समन करते हुए 26 जुलाई की सुबह 11 बजे उपस्थित होने को कहा है। इससे पहले 17 जुलाई को विष्णु अग्रवाल को ईडी के रांची जोनल आफिस में जमीन घोटाले से जुड़े केस में उपस्थित होना था, लेकिन उपस्थिति के ठीक पहले उन्होंने ईडी को पत्र भेजकर बताया था कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है। ऐसे में उन्होंने तीन सप्ताह का वक्त ईडी से मांगा था। लेकिन ईडी ने विष्णु अग्रवाल के टाइम पीटिशन को खारिज कर दिया है।

जेईई/एनईईटी उत्तीर्ण आदिवासी छात्राओं को खेल मंत्री ने किया सम्मानित

रांची। झारखंड में युवाओं में छुपी हुई क्षमता को निखार कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास सरकार कर रही है। राज्य में कौशल विकास, रोजगार सृजन और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर भी सरकार का फोकस है, ये बातें मंगलवार को पर्यटन, कला और संस्कृति, खेल और युवा कार्य विभाग के मंत्री हफीजुल हसन ने कही। वे ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया और एक्सआईएसएस, द्वारा आयोजित 'इंडियन रूरल कोलोक्वि' के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। यह आयोजन ग्रामीण विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम एक्सआईएसएस के कैंपस में अंतर्राष्ट्रीय मंडेला दिवस के उपलक्ष्य पर किया गया। मुख्य अतिथि हफीजुल हसन ने ग्रामीण विकास पर वार्तालाप के दौरान प्रमुख रूप से युवाओं के लिए राज्य में अवसर सृजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, उन्हें रोजगार की तलाश में प्रवास करने की बजाय अपने राज्य में उपलब्ध संभावनाओं को तलाशने का आह्वान किया।

छात्राओं को मिल रहा लाभ : हफीजुल हसन ने कहा कि राज्य सरकार योजना के तहत किशोरियों को शिक्षा से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में कर रही है। खूंटी जिले की 11 ग्रामीण आदिवासी छात्राओं को जेईई/एनईईटी परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर सम्मानित किया गया। छात्राओं को लैपटॉप देकर माननीय मंत्री ने प्रोत्साहित किया।

सुखाड़ से निपटने के लिए सरकार तैयार : कृषि मंत्री

रांची। झारखंड के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा है कि मानसून के हालात पर सरकार की नजर है, कुछ जिलों में तो बारिश हुई लेकिन कुछ ऐसे भी जिले हैं जहां सुखाड़ की स्थिति है। 15 जुलाई से 15 अगस्त के बारिश की स्थिति को देख कर सरकार किसानों के हित में निर्णय लेगी। **राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता उदय कुमार चौहान** के साथ विशेष साक्षात्कार में उन्होंने सरकार की तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया। पेश है उनसे बातचीत का खास अंश

प्रश्न- राज्य में एक बार फिर सुखाड़ की आशंका जतायी जा रही है, सरकार ऐसे हालात से निपटने के लिए क्या रही है।

उत्तर- हमलोग 15 जुलाई से 15 अगस्त तक यह देखते हैं कि वर्षापात कितना हुआ, धान की रोपनी कितनी हुई, इसके बाद कोई निर्णय लेते हैं लेकिन जिस तरह से मौसम की बेरूखी देखी जा रही है, कुछ जिलों में अधिक वर्षा तो कहीं नाम मात्र की भी बारिश नहीं हुई है, इसका इंपैक्ट तो पड़ेगा, इसको लेकर पिछले साल हमने व्यापक तैयारियां की थी, उसका लाभ हमें इस बार की तैयारी में मिलेगा। अगर सूखा जैसी स्थिति बनती है तब। आज ही विभागीय स्तर पर इसकी समीक्षा की गई है, मेरे निर्देश पर विभागीय सचिव और डायरेक्टर इन सभी हालात पर अच्छी तरह से नजर रखे हुए हैं। इसका विकल्प में कौन से बीज का इस्तेमाल किया जाय, अगर वर्षा लेट आया, फसल जल्दी चाहिए तो वैज्ञानिक तरीके से कौन से बीज का इस्तेमाल करें, जिससे से कम समय में उत्पाद ज्यादा हो, पैदावार ज्यादा हो, इन सब पर भी किसानों को जानकारी लगातार दी जा रही है। किसानों का काउंसलिंग भी किया जा रहा है। मोटे अनाजों (मिलेट) पर भी जोर दिया जा रहा है, इसकी वैकल्पिक व्यवस्था के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। अगर खरीफ का समय चला गया, तो रबि फसल से कैसे मैनेज करें, कम बैक कैसे करें, उसके लिए कितने बीज की आवश्यकता पड़ेगी, कितना अनुदान हमें देना पड़ेगा, कितना सहयोग देने की हमें जरूरत है, इन सब विषयों पर हम हमेशा केंद्र से भी समन्वय बना कर काम कर रहे हैं।

प्रश्न- सूखे की स्थिति को देखते हुए क्या सरकार ने मोटे अनाज की खेती के कोई योजना है।

उत्तर- हां, इसका काम कुछ जिलों में चल रहा है हम लोगों ने दुमका में जाकर मोटे अनाज के बीज के पैकेट भी किसानों के बीच बांटी है, लगभग 5000 किसानों को चिन्हित किया गया है, हमारा डिपार्टमेंट ऑफ कोऑपरेटिव जो है साथ सभी डीएसओ इस पर मेहनत कर रहे हैं पैक्स और लैम्पस भी लगे हुए हैं, किसानों की भी रुचि अब देखी जा रही है तो उनको भी हम अनुदानित दर पर मोटे अनाज के बीज प्रोत्साहन के लिए दे रहे हैं। उन्हें बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज की भी व्यवस्था की जा रही है। ताकि उन्हें फसल पैदा करने से लेकर उसे कहां बेचना है, इसकी भी व्यवस्था हो, किसानों को मार्केट का भी भरोसा दिलाया जा रहा है, इस पर काम किया जा रहा है।

प्रश्न- किसानों के आय को बढ़ाने के लिए खेती के साथ ही पशुपालन का भी काफी अहम रोल है इसके लिए सरकार क्या कर रही है।

उत्तर- मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लगभग 300 करोड़ रुपए का लाइव स्टॉक अनुदानित दर पर लोगों को दिया गया है, इसके साथ ही कन्वर्जन से शेड भी दिया जा रहा है, इसमें 75 प्रतिशत से लेकर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

टमाटर व सब्जियों के बाद मसालों की महंगाई ने रसोई में लगाई आग

जीरा, मरीच, धनिया, लहसुन, हल्दी व मिर्च के भाव आसमान पर

संजय कुमार पांडेय

मेदिनीनगर। अभी टमाटर की महंगाई का शोर थमा नहीं है कि गरम मसालों की महंगाई ने रसोई में आग लगा दी है। भोजन पकाने में हर दिन इस्तेमाल होने वाले मसालों का भाव आसमान पर है। अगर हाल यही रहा तो वह दिन दूर नहीं जब गरीबों की थाल में उबली हुई सब्जी ही बच जायेगी। बिना छौंके की दाल ही नसीब हो पायेगी। घर की रसोई से दाल के छौंका और सब्जी के मसालों की उठने वाली सुगंध के लिए भी तरसना पड़ सकता है। इस बाबत खुदरा किराना दुकानदार प्रमोद कुमार कश्यप ने जो बताया उसके अनुसार जीरा का खुदरा भाव इन दिनों 650 से 720 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया है। एक दो माह पहले इसका भाव 300 से 350 रुपए था। इसी तरह भोजन का जायका बढ़ाने वाली काली मिर्च (मरीच) के भाव भी 560से 600रुपए प्रति किलो की दर पर आ गया है। जबकि धनिया 120, बड़ी इलाइची 1000एवं छोटी इलाइची 1600 रुपए प्रति किलो बिक रही है। अब हल्दी पीछे कइसे रहता उसने भी दाल और सब्जियों का रंग बदरंग करने की ठान ली है सो उसके भाव भी चढ़कर 110 से 150 रुपए किलो पर पहुंच गये हैं। लहसुन 100 से 150 रुपए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

405.7 करोड़ से अधिक का भुगतान

राज्य की सात लाख बेटियों के चेहरे पर बिखरी मुस्कान

सशक्तिकरण में सहायक बन रही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना

आठ माह में 7 लाख 29 हजार 632 किशोरियों को मिला योजना का लाभ

405.7 करोड़ से अधिक की राशि हुआ भुगतान

नवीन मेल संवाददाता



रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पहल पर अक्तूबर 2022 में गिरिडीह में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में राज्य की बेटियों के लिए शुरू की गई सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना बेटियों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर रही है। योजना को लेकर संवेदनशील मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2022-23 में 07 लाख 29 हजार 632 किशोरियों को योजना से आच्छादित करने में सफलता मिली है। इनमें आठवीं से 12वीं तक की 691770 और 18 से 19 वर्ष की 37862 किशोरियां शामिल हैं। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

किन किशोरियों को मिल रहा लाभ

राज्य सरकार योजना के तहत किशोरियों को शिक्षा से जोड़ते हुए उनमें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में कर रही है। योजना के तहत आठवीं और नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली किशोरियों को 2500-2500 दे रही है। इसके अतिरिक्त 10वीं, 11वीं और 12वीं की किशोरियों को 5000-5000 हजार रुपए की राशि मिल रही है। 18 से 19 आयु की बेटियों को एकमुश्त 20000 रुपए देने का प्रावधान है। इस तरह किशोरियों को पढ़ाई के क्रम में कुल 40,000 रूपए मिल रहा है।

जून में हुई सड़क लूट कांड का पुलिस ने किया उद्भेदन

पिस्तौल के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

लूट की स्कूटी, तीन मोबाइल व बाइक बरामद

मेदिनीनगर। पलामू पुलिस ने पिछले दिनों पाटन थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव मे हुई सड़क लूट की एक घटना का उद्भेदन करते हुए लूट में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अपराधियों के पास से पुलिस ने एक देशी पिस्तौल व लूटी गई स्कूटी, तीन मोबाईल, बैग एवं लूट में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। पकड़े गये अपराधियों में नवाजयपुर थाना क्षेत्र के कोल्हुआ गांव का राहुल कुमार एवं पाटन थाना क्षेत्र के करर कला का सरोज कुमार ऊर्फ सूरज तथा किशुनपुर गांव का आनंद कुमार शामिल है। तीनो अपराधी 18एवं 19वर्ष आयु वर्ग के किशोर हैं। जानकारी देते हुए एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने आज पत्रकारों को बताया कि 24जून को शहर थाना क्षेत्र के सुदना के रहने वाले 50वर्षीय संजय कुमार दूबे को अपराधियों ने अपना शिकार बनाया था और पिस्तौल की नोक पर उनसे स्कूटी, तीन मोबाईल, कागजातों से भरा बैग एवं 38हजार रुपए नकद लूट लिये थे। लूट की इस घटना को पाटन थाना क्षेत्र के बंका नदी से पहले बरवाडीह गांव के आस पास सुनसान जगह पर अपराधियों ने अंजाम दिया था। श्री दूबे द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के आलोक में पुलिस अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। पुलिस को सोमवार की शाम सफलता मिली और तीनों अपराधी हथियार और लूट के सामान के साथ पकड़े गये। पुलिस की छापमारी दल में थाना प्रभारी गुलशन गौरव, एसआई रोबिंस कुमार एवं किशुनपुर ओपी के एएसआई कुमार नीरज शामिल थे।

हाईकोर्ट ने विधानसभा में हुई अवैध नियुक्तियों की रिपोर्ट पेश नहीं होने पर जतायी नाराजगी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य विधानसभा में 150 से अधिक अवैध नियुक्तियों की जांच के लिए गठित जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट अदालत में पेश न किए जाने पर मंगलवार को गहरी नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई तक अगर यह रिपोर्ट पेश नहीं होती है, तो विधानसभा सचिव को खुद अदालत के समक्ष सशरीर उपस्थित होना पड़ेगा। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 अगस्त की तारीख मुकर्रर की है। बता दें कि झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्तियों की जांच होने के बाद भी कार्रवाई न होने पर शिव शंकर शर्मा ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2005 से 2007 के बीच में विधानसभा में हुई नियुक्तियों में भारी गड़बड़ी हुई है। इस मामले की जांच के लिए जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन (वन मेंबर कमीशन) बना था। कमीशन ने जांच कर वर्ष 2018 में राज्यपाल को रिपोर्ट भी सौंपी थी, जिसके बाद राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। लेकिन, अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस कमीशन की रिपोर्ट को जांचने के लिए एक दूसरा कमीशन बना दिया गया है।

चार पुलिसकर्मियों की हत्या में शामिल छह लाख के इनामी नक्सली ने किया सरेंडर

खुदी मुंडा पर दर्ज हैं 50 मामले

रांची। चार पुलिसकर्मियों की हत्या में शामिल पांच लाख के इनामी भाकपा माओवादी नक्सली खुदी मुंडा ने मंगलवार को आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में खुदी मुंडा ने विधिवत रूप से रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इस दौरान गुमला एसपी और सीआरपीएफ के अधिकारी भी उपस्थित थे। भरनो प्रखंड के बटकुरी गांव का रहने वाला खुदी मुंडा भाकपा माओवादी संगठन में सब जोनल कमांडर है। उसके पर झारखंड पुलिस ने पांच लाख और एनआईए ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। खुदी पर गुमला, सिमडेगा, लातेहार जिला के थानों में 50 केस दर्ज हैं। चैनपुर थाना में हमला, चैनपुर ब्लॉक भवन को उड़ाने व चैनपुर पुलिस पर हमला कर चार पुलिसकर्मियों को मारने की घटना में भी खुदी शामिल रहा है। खुदी मुंडा पिछले दो वर्ष से पालकोट और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

कारोबारियों पर फायरिंग, रंगदारी के मामलों की सीआईडी ने मांगी रिपोर्ट

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्य में कारोबारियों पर हुई फायरिंग, रंगदारी मांगे जाने के घटनाओं व संगठित आपराधिक गिरोहों के वारदातों पर पूरी रिपोर्ट सीआईडी ने मांगी है। सीआईडी ने मंगलवार को सभी जिलों के एसपी को पत्र लिखकर एक जनवरी से लेकर 18 जुलाई तक की संगठित आपराधिक गिरोहों के द्वारा फायरिंग, मर्डर के वारदातों में दर्ज कांड की अद्यतन स्थिति मांगी है। सीआईडी ने सभी जिलों के एसपी को कांड व धाराओं, घटना का संक्षिप्त विवरण, आरोपितों की संख्या, गिरफ्तार आरोपितों की संख्या, कांड अनुसंधानरत है या अनुसंधान पूर्ण है, इसका विवरण मांगा गया है। सीआईडी ने अनुसंधान लंबित रहने के कारणों का विवरण भी सभी जिलों से मांगा है।

अमन साव समेत अन्य संगठित गिरोह पर लगाम कसने की रणनीति पर बैठक : पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संगठित आपराधिक गिरोहों पर लगाम कसने को लेकर रणनीति बनेगी। राज्य पुलिस मुख्यालय ने पतरातू में एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार व दरोगा सोनू कुमार पर फायरिंग के केस को काफी गंभीर माना है। बुधवार को बैठक के दौरान अमन साव गिरोह के अलावे कई गिराहों की गतिविधियों पर लगाम लगाने को लेकर फैसले लिए जाएंगे।

कौन कौन से गिरोह निशाने पर

राज्य पुलिस मुख्यालय के द्वारा अमन साव, अमन श्रीवास्तव, अमन सिंह, विकास तिवारी, सुजीत सिन्हा, अखिलेश सिंह, सुधीर दूबे, प्रिंस खान समेत अन्य आपराधिक सरगनाओं के गिरोह पर लगाम कसने की रणनीति पर काम होगा। इन गिरोह के सदस्यों पर दर्ज सभी कांडों की समीक्षा पुलिस मुख्यालय में बैठक के दौरान होगी।

बैठक विपक्षी गठबंधन इंडिया के जवाब में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक दिल्ली में

2024 का लोस चुनाव भारत (एनडीए) बनाम इंडिया में होगा

- आरएनएम

नई दिल्ली। विपक्षी गठबंधन इंडिया से भी बड़ा गठबंधन दिखाने या बताने के लिए भाजपा ने वर्षों बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की मंगलवार को की दिल्ली बैठक में विभिन्न राज्यों के 38 दलों के नेताओं का जमावड़ा कराया। लेकिन कुछ माह में कुछ राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव होने हैं। कुछ महीनों बाद देश में लोकसभा चुनाव होना है। ऐसे में 38 दलों के गठबंधन से भाजपा को लोकसभा चुनाव और राज्यों की विधानसभा चुनावों के दौरान सीटों का बंटवारा करना आसान नहीं होगा। हर फुटकर दल की मांग पूरा करने के लिए कई तरह के त्याग करने पड़ेंगे। जिस पर आम सहमति बनाना नेतृत्व के लिए बहुत मुश्किल होगा। जिस समय एनडीए का गठन हुआ था, तब सिर्फ 24 दल थे और अब यह बढ़कर 38 हो गये हैं। बीते लोकसभा चुनाव में बिहार में नीतीश कुमार की पार्टी जदयू तो एनडीए के घटक के रूप में चुनाव मैदान में उतरी थी, इस बार वह विपक्षी गठबंधन इंडिया के साथ है। राम विलास पासवान की पार्टी एलजेपी भी एनडीए में है, लेकिन अब वह दो फाड़ हो गई है। चाचा-भतीजे में पट नहीं रही है। रामविलास के पुत्र चिराग पासवान की पार्टी को फिर अब जाकर भाजपा ने एनडीए में लिया है। दूसरे गुट का नेतृत्व राम विलास के भाई पशुपति पारस कर रहे हैं। भाजपा दोनों गुट को साथ रखना चाहती है, लेकिन दोनों गुट एक साथ आने पर सहमत होते नहीं दिख रहे हैं। चिराग पासवान अपने पिता के संसदीय क्षेत्र रहे हाजीपुर से लोकसभा चुनाव लड़ने की बात कर रहे हैं। जबकि चाचा इसके लिए राजी नहीं हैं। यही हाल राजग में आये अन्य फुटकर दलों दलों का भी है। बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी और हिंदुस्तान अवाम मोर्चा हैं ,तो महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) और हाल ही में शरद पवार से अलग होकर एनडीए में आई अजित पवार की एनसीपी है। चुनाव के दौरान जब सीटों का बंटवारा होगा, तब सभी दल सम्मानजक संख्या में सीटों की मांग करेंगी। ऐसे में भाजपा को सबको खुश रखना बहुत मुश्किल होगा। जहां तक सबसे ज्यादा लोकसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश का सवाल है तो भाजपा को अपने पुराने सहयोगी अपना दल के साथ ही निषाद पार्टी और कुछ ही दिन पहले साथ आई सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को भी संतुष्ट कर पाना कठिन होगा। हालत यह भी है कि इन दलों का जिन क्षेत्र में प्रभाव है, वहां पर भाजपा खुद कुछ कमजोर है। ऐसे में भाजपा उन क्षेत्रों में इनको सीट देगी, लेकिन इनकी मांग लोकसभा के साथ ही राज्य सभा के लिए भी रहती है, विधान सभा में भी ज्यादा सीट की होती है। तमिलनाडु, आसाम, हरियाणा व झारखंड जैसे राज्यों में भी इसी तरह गठबंधन के बीच टकराव की नौबत आ सकती है। विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया भी मोदी सरकार से मुकाबले के लिए कमर कसकर मैदान में आ गई है। वैसे तो विपक्षी दलों के संगठन इंडिया में भी सीटों के बंटवारे को लेकर तमाशा होगा। भारत बनाम इंडिया के इस मुकाबले में ऊंट किस करवट बैठेगा ये तो कहना कठिन है परन्तु मुकाबला रोमांचक अवश्य होगा।

NEWS इन ब्रीफ

जिला उपाध्यक्ष ने किया कंप्यूटर स्मार्ट क्लास का शुभारंभ

हुसैनाबाद। शहर के रेल ओवरब्रिज के नीचे बालाजी कॉम्प्लेक्स वी चैटर पॉइंट में सोमवार कंप्यूटर शिक्षा की स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया गया। जिसका शुभारंभ पलामू जिला के जीप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद जैसे जगहों में सबसे पहले कंप्यूटर और स्पोकेन इंग्लिश की शिक्षा देने में मीसम रिजवी का बहुत बड़ा योगदान है। मुझे याद हैं कि 20 वर्षो से हुसैनाबाद में ये विश्वसनीय शिक्षा दे रहे हैं,जिससे आज क्षेत्र के हजारों बच्चे कई बड़ी बड़ी कंपनियों और मार्केटिंग तथा अन्य संस्थाओं में काम कर रहे है। उन्होंने स्मार्ट क्लासेज शुभारंभ करने के लिए वी चैटर पॉइंट के निदेशक मीसम रिजवी को धन्यवाद दिया और कहा कि आज के दौर में स्मार्ट क्लास बहुत महत्वपूर्ण हो गयी है। दुनिया अब पूरी तरह डिजिटल हो चुकी हैं। इसलिए शिक्षा की पद्धति को समय अनुसार स्मार्ट डिजिटल होना चाहिए।

बिना गुणवत्ता के पुलिया निर्माण से ग्रामिणों में आक्रोश

नवीन मेल संवाददाता

छतरपुर। पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र ग्राम सुंगरी में कई वर्षो से अधूरे पड़े पुलिया का निर्माण एक वर्ष पूर्व जैसे तैसे बिना गुणवत्ता से ठेकेदार एवं एक्सक्युटीव इंजीनियर के द्वारा बनाया गया। लेकिन 1 वर्ष बाद ही गढ़वाल बहने लगा एवं रॉड दिखने लगा व पिलर टूटने लगे। इससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि बाहरी ठेकेदार जैसे-तैसे काम कर बिना गुणवत्ता के साथ बना कर चला गया। ग्रामीणों के विरोध के बाद कुछ सुधार हुआ, लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि के निगरानी में नहीं बनने के कारण बाहरी ठेकेदार जैसे तैसे बनाकर पूरी राशि डकार गया। ग्राम सुगरी पुल निर्माण छतरपुर विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार के द्वारा उद्घाटन किया गया था। लेकिन शिलापट्ट में राशि व उद्घाटन दिन व तारीख नहीं दिखी। इससे साफ दिखता है कि योजना पूर्व ही पुलिया निर्माण कर बाद में शिलापट्ट लगा है। स्थानीय ग्रामीण पुलिया की जांच कर कार्य में सुधार व ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

पांकी विधायक ने किया उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास

नवीन मेल संवाउदाता

पांकी। पांकी प्रखंड के तेतराई पंचायत के शेख मोहल्ला में मंगलवार को उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर किया। लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सड़क, पानी, बिजली व स्वास्थ्य बहुत जरूरी है। उप-स्वास्थ्य केंद्र के बन जाने से यहां के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। यहां के लोगों को शिक्षा और स्वास्थ्य का लाभ मिले इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। मौके पर, पांकी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य निधि सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुध्न सिंह, सांसद प्रतिनिधि चुनमुन पांडेय, महामंत्री श्याम नंदन ओझा, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, मिंटी वर्मा, रौशन सिंह, नईम अंसारी, साधु मांझी, ज्ञानी सिंह, सत्येन्द्र सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

एचपी गैस स्थापना दिवस पर गैस कर्मियों ने रक्तदान किया

मेदिनीनगर। हिंदुस्तान पैट्रोलियम गैस एजेंसी के 49 वें स्थापना दिवस के अवसर पर हिंदुस्तान पैट्रोलियम एचपी गैस के सात लोगों ने पलामू ब्लड बैंक में रक्तदान किया। इस अवसर पर बोलते हुए एचपी गैस के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार सिंह ने कहा कि हिंदुस्तान पैट्रोलियम सामाजिक उत्तरदायित्व को निभाता है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम गैस एजेंसी समय-समय पर बढ़ चढ़कर सामाजिक कार्य करती है। उन्होंने कहा कि एचपी गैस के स्थापना दिवस के अवसर पर सभी जगहों पर विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

पानी रोकने के लिए मरम्मत में जुटे ग्रामीण व किसान

बिहार झारखंड की सीमा पर पोखराही माइनर का टूटा तटबंध

माइनर निर्माण के बाद कभी भी सफाई नहीं होने से यह हालात उत्पन्न हुए हैं : ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। बिहार झारखंड की सीमा पर पलामू जिले के हुसैनाबाद के कररबार नदी से सटी उत्तर कोयल मुख्य नहर से निकली पोखराही माइनर का तटबंध भारी जलप्रवाह के दवाब से तीन दिन पूर्व ही टूट गया। जिससे इसका पानी खेतों के बजाय अन्यत्र बर्बाद हो रहा है। जबकि चालू मौसम में किसानों को धनरोपनी कार्य में समुचित पानी मिलने की चिंता धरी है। टूटे तटबंध का पानी रोकने के लिये दंगवार पंचायत के ग्रामीण व किसान मंगलवार की अल सुबह से अस्थायी मरम्मति कार्य में पसीना बहा रहे हैं। जिससे इसके पानी को खेतों में पहुंचाना संभव हो सके। तटबंध पर मौजूद किसान अयोध्या सिंह टिकैत, कमख्या पाठक, बीरेन्द्र सिंह, रामराज सिंह, अरविन्द सिंह, श्रवण पाठक, बुलू पाठक, रंजीत पाठक, सूर्यनाथ सिंह, राणा प्रताप सिंह, बसंत पाठक, वीरा यादव, कामेश्वर, मनोज चन्द्रवंशी सहित कई ग्रामीण व किसानों ने बताया कि माइनर निर्माण के बाद कभी भी सफाई नहीं होने से यह हालात उत्पन्न हुआ है। उन्होंने बताया कि दंगवार पंचायत के अलावा बेल बिगहा पंचायत के पांच गांवों के खेती कार्य में इससे ही पानी मिलता हैं। उन्होंने कहा कि इससे संबधित लाभुक किसानों के सैकड़ों एकड़ खेत में दरारें पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि इसकी स्थायी मरम्मत नहीं करायी गई तो सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

विधायक ने किया छापर गांव में चारदीवारी निर्माण का शिलान्यास

पांकी। पांकी प्रखंड के ताल पंचायत के छापर गांव में भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता ने मंगलवार को सरना स्थल की चारदीवारी के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम के पहले विधायक डॉक्टर मेहता को ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। छापर गांव के ही पाहन के द्वार विधिवत रूप से पूजा अर्चना कराकर एवं नारियल फोड़कर शिलान्यास किया गया। जिला कल्याण विभाग द्वारा सरना स्थल की चारदीवारी का निर्माण गांव के लाभुक समिति द्वारा ही निष्पादन किया जाएगा। मौके पर भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा चुनाव में की गयी ग्रामीणो की मांग को पूरा किया गया।

कौशल विकास मिशन सोसाइटी का कार्यशाला प्रशिक्षण सम्पन्न

पाटन। प्रखण्ड कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण सह मोबाइलेजशन कैम्प का आयोजन किया गया। झारखण्ड कौशल विकास मिशन एवं श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विकास विभाग के द्वारा कैम्प का आयोजन किया गया। कौशल विकास अंतर्गत संकल्प योजना की वर्कशॉप, स्कील जागरूकता एवं युवाओ के मोबाइलेजशन हेतु फ्री ट्रेनिंग तथा विभिन्न सिलाई कटाई, कम्प्यूटर की जानकारी, सिलाई मशीन आपरेटर,एसी फ्रिज रिपेयरिंग, इलेक्ट्रिशियन आदि का निःशुल्क तीन माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर 18 से 35 वर्ष के युवा -युवती रोजगार पा सकते है। प्रशिक्षण सह मोबाइलेजशन कैम्प में बीडीओ मनोज तिवारी ने मुख्यमंत्री सारथी योजना अन्तर्गत युवाओ को प्रशिक्षण प्राप्त स्वालम्बी बनने की सुनहरा योजना बताया। प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मुफ्त आवास एवं भोजन की व्यवस्था है, जिससे सूदूरवर्ती गांव के गरीब युवाओ को प्रशिक्षण लेने में आसानी होगा। मौके पर बीडीओ मनोज तिवारी, प्रमुख शोभा देवी , शक्ति शंकर गुप्ता, पिंकी विश्वकर्मा, सहित जिला परियोजना निदेशक देवेन्द्र सिंह, आलोक कुमार, प्रेम चौधरी, मनोज कुमार , पूनम देवी, आदि परियोजना कर्मी उपस्थित थे।

प्रखंड प्रमुख व पंसस ने किया छठ घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास

हुसैनाबाद । पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत देवरी कला पंचायत के कुसुआ गांव में छठ घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, पंचायत समिति सदस्य अजीत कुमार सिंह,देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सड़क,स्वास्थ्य ,बिजली,पेयजलापूर्ति व सिचाई सबसे महत्वपूर्ण है। इन सभी मूलभूत सुविधाओं से लोगों को जोड़ने का कार्य जारी है। वही पंचायत समिति अजीत कुमार सिंह ने कहा कि हम अपने पंचायत में विकास को लेकर हमेशा कटिबद्ध है। पंचायत क्षेत्र के विकास को लेकर निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छठ घाट का निर्माण हो जाने से ग्राम वासियों को धार्मिक कार्य के साथ-साथ अन्य कार्यों में काफी सुविधा होगी। इस मौके पर महुडंड पंचायत समिति सदस्य रमेश पासवान,देवरी खुर्द पंसस अरबिंद मेहता, अक्षय प्रताप सिंह, मिथलेश सिंह, सोनू कुमार ,अमित कुमार, अभिषेक कुमार, मुकेश कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

1 अगस्त से जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

मेदिनीनगर। अपनी मांगों के समर्थन में पलामू समेत पूरे देश के जनवितरण प्रणाली के दुकानदार एक अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे। हड़ताल को व्यापक बनाने के लिए कई स्तरों पर तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में सोमवार को मेदिनीनगर के रांची रोड स्थित एक मैरेज हॉल में फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन झारखंड के आह्वान पर जिले के सभी प्रखंड के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में हड़ताल को लेकर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र पांडे एवं महासचिव पारसनाथ सिंह उपस्थित थे। अध्यक्षता ब्रजकिशोर तिवारी ने की। बैठक के दौरान प्रखंडों के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष को हड़ताल को असरदार बनाने के लिए निर्देशित किया गया। कहा गया कि तीनों पदाधिकारी प्रखंडों में जनवितरण प्रणाली के बिक्रेताओं के साथ बैठक करेंगे और सभी से एक अगस्त से ई-पॉश मशीन को बंद रखने का आग्रह करेंगे।

पंचायत में खराब पड़े हैं जल मीनार

पानी के लिए इधर-उधर भटक रहें हैं ग्रामीण

जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से जल मीनार की देख-रेख का कार्य धरातल पर नहीं उतर पा रहा है

नवीन मेल संवाददाता

नावाबजार। पलामू जिला अंतर्गत सरकार के द्वारा हर पंचायत में ग्रामीण जनता के लिए जल मीनार लगायी गयी थी पर ग्राम पंचायत में लगभग हर जगह ज्यादा संख्या में देख-रेख ना होने के कारण जल मीनारें खराब स्थिति में अपना रोना रो रहीं हैं। ऐसे में देखा जाए सरकार के द्वारा जो पंचायती चुनाव कराया गया था वो कहीं न कहीं पंचायत को सशक्त मजबूत बनाने के उद्देश्य से था। जिला पार्षद से लेकर वार्ड तक ग्रामीण जनता के द्वारा जनप्रतिनिधि चुने गये थे, पर जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से जल मीनार की देख-रेख सहित पंचायत की अति आवश्यक कार्य धरातल पर उतर नहीं पा रहे हैं। विश्रामपुर प्रखंड के भंडार पंचायत अंतर्गत 3-4 की संख्या में ऐसे जल मीनार हैं जो छोटे-मोटे मेंटेनेंस कार्य के बिना बंद पड़े हैं। गरीब तबके के लोग इधर उधर से भटक कर पानी की व्यवस्था कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। सरकार को चाहिए ऐसे बंद पडे जल मीनारों की जांच कर अविलंब सुचारू रूप से चालू किया जाए। जिससे पानी के लिए लोगों को इधर-उधर भटकना न पड़े।

कार्यालय, जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू

शुद्धि पत्र

PR.no.-302454

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र सं0 950/जि0अ0, दिनांक 11.07.2023 द्वारा ई–संख्या– DOPR/DE/ZP/Palmu 01/2023-24 ई–निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशित कराई गयी थी जिसमें वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 17.07.2023 तथा ई–निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय 25.07.2023 समय 5:00 बजे तक निधारित की गयी थी। अपरिहार्य कारणों से तिथि में संशोधन किया गया है जो निम्न प्रकार है–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि– 20.07.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि 28.07.2023 एवं समय 5:00 बजे तक।
3. जिला परिषद कार्यालय में अपलोड किये गये दस्तावेज जमा करने की तिथि 29.07.2023 एवं समय पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि 31.07.2023 एवं समय पूर्वाह्न 11:00 बजे।

शेष शर्तें यथावत रहेगा।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 302584 District (23-24)_D

कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा
पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा
दूरभाषः (06526) 222932, फैक्सः 224599
ई–मेलः ssaloh@rediffmail.com lohardagassa@gmail.com

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 30.05.2023 को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा 6, 7, 8 एवं 9 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा लिया गया था। प्रवेश परीक्षा का परीक्षाफल दिनांक 07.06.2023 को प्रकाशित किया गया। उक्त परीक्षा में चयनित/ नामांकित/प्रतीक्षा सूची में अंकित बच्चों का दिनांक 24.07.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से काउंसिलिंग का आयोजन किया गया है। विवरणी निम्नवत् है:–

क्र0	उत्कृष्ट विद्यालय का नाम	कक्षा	काउंसिलिंग तिथि एवं समय
01	DISTRICT CM SCHOOL OF EXCELLENCE, NADIA HINDU, LOHARDAGGA.	6, 7, 8 एवं 9	दिनांक 24.07.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से संबंधित विद्यालय में
02	KASTURBA CM SCHOOL OF EXCELLENCE GIRLS, LOHARDAGGA	6, 7, 8 एवं 9	

अतः सभी चयनित/नामांकित/प्रतीक्षा सूची में अंकित बच्चों एवं उनके अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर काउंसिलिंग में भाग लेने हेतु अनुरोध किया जाता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा

PR 302623 (Lohardaga)23-24*D

झारखण्ड सरकार
जिला खनन कार्यालय, लातेहार
e-mail- dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in

-:: आम सूचना ::-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशानुसार, लातेहार जिलान्तर्गत कोयला खनिज के अवैध परिवहन/भण्डारण संबंधी मामलें में जप्त वाहनों का "The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) Rules, 2017 के नियम 11(V) के तहत् राजसात/नीलामी की कार्रवाई हेतु माननीय न्यायालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार में दायर निम्नांकित राजसात वादों में माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में निम्नलिखित राजसात वाहनों का आम नीलामी पुनः दिनांक–25.07.2023 को समय 03:00 बजे अपराहन् में उपायुक्त, लातेहार द्वारा गठित समिति द्वारा जिला समाहरणालय के सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी।

नीलामी हेतु निम्न सूचीबद्ध वाहनों के वाहन मालिक या संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त न्यायालय द्वारा पारित राजसात आदेश के विरूद्ध वाहन मालिक द्वारा यदि किसी अपीलीय न्यायालय में अपील दायर किया गया हो अथवा वाहन के नीलामी से आपत्ति हो तो दिनांक–24.07.2023 तक इसकी लिखित सूचना उक्त न्यायालय या जिला खनन कार्यालय, लातेहार में दें, जिससे कि वाहन की नीलामी नहीं की जा सके।

राजसात वाहनों का विवरणी निम्नवत् है –

क्र0 सं0	राजसात वाद संख्या	संबंधित थाना	वाहन निबंधन संख्या	वाहन का प्रकार एवं निमार्ण वर्ष	वाहन का अनुमानित न्यूनतम बाजार मूल्य	सुरक्षित जमा राशि का 10 % प्रतिभूति/ अग्रधन राशि	अभ्युक्ति
1.	40/2023	बालूमाथ	JH01DV-1268	Hywa 2020	21,50,000.00 (एकईस लाख पचास हजार) रूपये मात्र।	2,15,000.00 (दो लाख पन्द्रह हजार) रूपये।	बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
			JH04R-6852	Hywa 2019	16,50,000.00 (सौलह लाख पचास हजार) रूपये मात्र।	1,65,000.00 (एक लाख पैसठ हजार) रूपये।	
2.	29/2023	बालूमाथ	JH01CJ-7129	Truck 2017	14,50,000.00 (चौदह लाख पचास हजार) रूपये मात्र।	1,45,000.00 (एक लाख पैंतालीस हजार) रूपये।	बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
3.	35/2023	बालूमाथ	JH01CY-5897	407 Truck 2018	6,00,000.00 (छः लाख) रूपये मात्र।	60,000.00 (साठ हजार) रूपये।	बारियातु थाना परिसर में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
4.	03/2023	बालूमाथ	JH13E-3193	Loader 2017	22,00,000.00 (बाईस लाख) रूपये	2,20,000.00 (दो लाख बीस हजार) रूपये	बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
5.	27/2022	बालूमाथ	JH02AW-7103	Truck	**16,30,000.00 (सोलह लाख तीस हजार) रूपये**	**1,63,000.00 (एक लाख तीरसठ हजार) रूपये**	बालूमाथ थानान्तर्गत मारंगलोईया पिकेट परिसर में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
6.	16/2021	बालूमाथ	JH19B-2577	Truck 2017	**15,50,000.00**	**1,55,000.00**	बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट परिसर में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
7.	02/2023	बालूमाथ काण्ड सं0 (106/22)	JH01AC-6414	Motorcycle 2009	20,000.00 (बीस हजार) रूपये मात्र।	2,000.00 (दो हजार) रूपये।	बालूमाथ थानान्तर्गत वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
			JH01R-4796	Motorcycle 2007	10,000.00 (दस हजार) रूपये मात्र।	1,000.00 (एक हजार) रूपये।	
8.	49/2023	बारियातु	JH07L-2507	Tractor Swraj834 XM 2022	**05,20,000.00** (पांच लाख बीस हजार) रूपये मात्र।	**52,000.00** (बावन हजार) रूपये मात्र।	बारियातु थाना परिसर में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
9.	50/2023	बालूमाथ	JH01AU-2579	Motorcycle Dream Yuga 2012	**11,000.00** (ग्यारह हजार) रूपये मात्र।	**1,100.00** (एक हजार एक सौ) रूपये मात्र।	बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पुलिस पिकेट परिसर में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है।
			JH01S-4139	Motorcycle Discover 2007	**5,000.00** (पांच हजार) रूपये मात्र।	**500.00** (पांच सौ) रूपये मात्र।	
			JH01AH-0429	Motorcycle Passion Pro 2010	**10,000.00** (दस हजार) रूपये मात्र।	**1,000.00** (एक हजार) रूपये मात्र।	
			JH02F-2339 Chassis No. DSVBMD27396	Motorcycle Discover 2005	**4,000.00** (चार हजार) रूपये मात्र।	**400.00** (चार सौ) रूपये मात्र।	

उपरोक्त जप्त राजसात वाहन जहाँ एवं जिस स्थिति में है, उसी स्थिति के आधार पर नीलामी/बिक्री हेतु निविदा आंमत्रित की जा रही है। भौतिक रूप से उपलब्ध वाहन की स्थिति या वाहन का कागजात जिस स्थिति में होगा उसी में देय होगा, इसके विरूद्ध किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त आदि के जानकारी के लिए लातेहार जिला के Website: latehar.nic.in पर दिनांक–18.07.2023 से दिनांक–25.07.2023 तक देखा जा सकता है अथवा जिला खनन कार्यालय, लातेहार में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

PR 302591 Mines and Geology (23-24)_D

जिला खनन पदाधिकारी, लातेहार

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू (अनु०जनजाति, अनु०जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)
Email- dwopalamu2020@gmail.com

(अति अल्पकालिन निविदा)

वितीय वर्ष 2022–23 पलामू जिला अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए पोशाक, पठन–पाठन, लेखन एवं खेलकूद आदि आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति के लिए आपूर्तिकर्त्ता के चयन हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक26.07.2023 को 01:00 बजे अपराह्न तक जिला कल्याण कार्यालय, पलामू में आमंत्रित किया जाता है। विद्यालयों के नाम एवं क्रय की जाने वाली सामग्रियों की सूची तथा निविदा से संबंधित शर्त पलामू जिला के वेबसाईट www.palamu.nic.in एवं जिला कल्याण कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा का निस्तारण दिनांक 26.07.2023 को अपराह्न 03:30 बजेउप विकास आयुक्त, पलामू के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष किया जाएगा, जिसमें निविदादाता स्वयं या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं। निविदा निस्तारण की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी होगी। निविदा का तकनीकी बीड एवं वितीय बीड का लिफाफा अलग–अलग होगा। तकनीकी बीड सही पाये जाने पर ही संबंधित निविदादाता का वितीय बीड का लिफाफा खोलकर निविदा का निस्तार किया जाएगा।

जिला कल्याण पदाधिकारी, पलामू।

PR.NO.302629 Welfare(23-24):D

कार्यालय- जिला सहकारिता पदाधिकारी, गुमला

आवश्यक सूचना

निबंधक सहयोग समितियाँ, झारखण्ड राँची के पत्रांक 1407 दिनांक 13-06-2023 एवं विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या 03 दिनांक 04-05-2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) अन्तर्गत सहकारी अधिनियम 1935 के अधीन निबंधित विशेष प्रकार की सहकारी समितियों को प्रति समिति न्यूनतम 2.00 लाख (दो लाख) रूपये एवं अधिकतम 5.00 (पाँच लाख) रूपये समिति के परियोजना प्रतिवेदन के आधार पर Revolving Fund के रूप में राशि उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव है। गुमला जिलान्तर्गत निबंधित विशेश प्रकार की सहकारी समितियाँ विहित प्रपत्र में शर्त्तों के साथ जिला सहकारिता पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय में प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर प्रस्ताव समर्पित करना सुनिश्चित कर सकते हैं।

विहित प्रपत्र

प्रखण्ड का नाम	समिति का नाम/पता/ निबंधन संख्या	गत निर्वाचन की तिथि	आधारभूत संरचना				वित्तीय प्रतिवेदन			
			कर्मी की संख्या	कार्यालय (हाँ/नहीं)	गोदाम (क्षमता)	फर्नीचर फिक्सचर	गत अंकेक्षण का वर्ष	अंकेक्षण शुल्क भुगतान की स्थिति	लाभ/हानि (तीन वर्षों में 2019-20, 2020-21, 2021-22)	वार्षिक कारोबार (रूपये में)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11

प्रपत्र के साथ जमा किये जाने वाले अभिलेखः–
1. अंकेक्षण प्रतिवेदन (2019-20, 2020-21, 2021-22)
2. निर्वाचन प्रमाण पत्र।
3. व्यवसाय कार्य योजना।
4. कारोबार संबंधी लाइसेंस।
5. शपथ पत्रः– (क) समिति की प्रबंधकारिणी एवं वार्शिक आमसभा की बैठक नियमित रूप से होती रही है।
(ख) समिति वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 में बैंक डिफॉल्टर नहीं रहा है।

ह०/–
जिला सहकारिता पदाधिकारी, गुमला

PR 302596 Co-opretive(23-24)#D

सदर अस्पताल में लगातार चोरी होने से मरीजों में भय का माहौल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सदर अस्पताल में एक बार फिर से चोरी की घटना सामने आई है। लगातार चोरी की घटना से मरीज और मरीज के परिजनों में भय का माहौल उत्पन्न है।मंगलवार की सुबह सदर अस्पताल के 16 नंबर वार्ड में एक मरीज का पर्स चोर चोरी कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार जमशेदपुर टाटा निवासी चंद्रमणि कुमार जो अभी वर्तमान में शहर थाना क्षेत्र के रेडमा श्री राम पथ में किराए के मकान में रहते हैं। वह मंगलवार की सुबह 10:30 बजे अपना इलाज कराने के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल पहुंचे थे। इस दौरान वह अपना इलाज कराने के लिए सदर अस्पताल के वार्ड नंबर 16 में लाइन में खड़े थे,इसी बीच चोर उनके पैकेट से पर्स चोरी कर फरार हो गए। इसके बाद इस घटना की जानकारी शहर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा और टाइगर मोबाइल के जवान सदर अस्पताल पहुंचकर सदर अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच किया परंतु कुछ भी हासिल नहीं हुआ। बताते चलें कि दो दिन पहले भी एक मरीज का मोबाइल और पैसा चोरी हुआ था।लोगो ने बताया की सदर अस्पताल में चोर आसानी से टिकट काउंटर के पास लाइन में खड़े होकर मरीजों के पैसे सहित अन्य सामान की चोरी कर आसानी से फरार हो रहे हैं। अभी तक अस्पताल में दर्जनों चोरी हो चुकी है परंतु चोर अभी तक पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं। वही भुक्तभोगी चंद्रमणि कुमार ने बताया कि उनके पर्स में 55 सौ रुपए थे। चोरी की घटना के बाद से भुक्तभोगी काफी परेशान है।

चोरों को पकड़ने में पुलिस नाकाम

नई संस्कृति सोसायटी ने किया गांव का दौरा

परहिया परिवारों में किया वस्त्र व खाद्य सामग्री का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। दिनांक 18 जुलाई दिन मंगलवार को नई संस्कृति सोसायटी के तत्वावधान में लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड के अत्यंत दुर्गम गांव गेठा अचार के परहीया जाती के लोगों के बीच वस्त्र वितरण एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही साथ वहां की मूलभूत समस्याओं पर गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि आज तक वहां पर बिजली कभी नहीं आई, ना ही सड़क की व्यवस्था है, पानी के लिए भी लोग नदी और नालों पर ही निर्भर हैं। व्यवसाय के नाम पर उनके पास कुछ भी नहीं है। निहायती गरीबी का जीवन बसर कर रहे 23 परहिया परिवारों का यह छोटा सा गांव सभी तरह की बुनियादी सुविधाओं से वंचित ह। उक्त अवसर पर नई संस्कृति सोसायटी के सचिव अजीत कुमार पाठक ने बताया कि नई संस्कृति सोसायटी के द्वारा उक्त गांव के उत्थान के लिए सोसाइटी हर तरह के संभव प्रयास करेगी। सरकार एवं सभी तरह क ी सक्षम संस्थाओं से बात करेगी ताकि इस गांव का उद्धार हो सके। यहां के लोग भी दैनिक जीवन यापन करने के लिए पलायन से बच सकें। अति दुर्गम रास्ते से इस गांव में पहुंचने वाले लोगों में नई संस्कृति सोसायटी के वरिष्ठ कार्यकर्ता अशोक कुमार पांडे कोर कमेटी सदस्य चंदा झा एवं हिमांशु त्रिवेदी के साथ प्रिया आनंद एवं अजय कुमार चौधरी मुख्य रूप से शामिल थे।

गांव में अभी तक कभी बिजली नहीं आई, नाहीं आई सड़क व पानी

NEWS इन ब्रीफ

एमआरएमसीएच में देर से डाक्टरों का आना चिंताजनक : पंकज

मेदिनीनगर। श्रीराम सेना के राज्य प्रमुख पंकज कुमार जायसवाल ने कहा कि मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में देर से डाक्टरों का आना चिंताजनक है। हड्डी रोग विशेषज्ञ हमेशा की भांति मंगलवार को भी 10 बजे पूर्वाहन तक नहीं आए हैं और लोगों से पूछने पर मालूम चला कि यह डॉक्टर हमेशा ही देर से आते हैं और 1 बजते बजते और उससे पहले भी उठ जाया करते हैं । उन्होंने कहा कि इलाज के लिए यहां रोगियों की भीड़ लगी रहती है। एमआरएमसीएच के भरोसे 50 से 60 किलोमीटर दूर से रोगी आते है, लेकिन इसके विपरीत सरकारी परंपरा के अनुसार रोगियों को और आम जनता को परेशान करने का कार्य इन डॉक्टरों के द्वारा किया जा रहा है। आज तालिका के अनुसार डॉ राजेश कुमार मालवा की ड्यूटी है। सुशासन के नाम पर जनता के साथ यह एक छलावा है।

सीबीएसई पटना प्रक्षेत्र के अवर सचिव का रोटरी स्कूल में आगमन

मेदिनीनगर। सी.बी.एस.ई. 2023 की पूरक परीक्षा प्रारंभ हुई। जिसमें रोटरी स्कूल चैनपुर को गुमला, लोहरदगा, लातेहार, गढ़वा, पलामू जिले के 19 विद्यालयों के कुल 200 परीक्षार्थियों के लिए केंद्र बनाया गया है। उच्चतर माध्यमिक में 73 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 14 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे । माध्यमिक के 50 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में कदाचार मुक्त संपन्न हुई। केंद्र के पर्यवेक्षक आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल के प्राचार्य संजय खन्ना थे। औपचारिक निरीक्षण में पटना प्रक्षेत्र के अवर सचिव जीतेन्द्र महाजन के साथ सिटी - कोऑर्डिनेटर एमके डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के प्राचार्य जी.एन. खान भी थे। विद्यालय के चेयरमैन रो. अनुग्रह नारायण शर्मा ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ तथा अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य अक्षेश कुमार पाण्डेय, उप प्राचार्या सुश्री रितुल मुस्कान, समन्वयक सुश्री स्मिता सिंह, वरीय शिक्षक गौरी शंकर मिश्र, उमा कान्त मिश्र, एस.बी.पी. गुप्ता, आँचल कुमारी उपस्थित रहे।

पुलिस ने की लोगों से सावधान रहने की अपील

साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं पलामू के ग्रामीण

पलामू में दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में दो लोग ठगी का शिकार हुए है

राजेंद्र से करीब सात हजार रुपए की ठगी की गई है

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू माइक्रो फाइनेंस कंपनियों का डाटा लीक हो रहा है और इसका फायदा साइबर अपराधी उठाने लगे हैं। पलामू के इलाके में बड़े पैमाने पर साइबर अपराधियों ने माइक्रो फाइनेंस कंपनी से ऋण लेने वाले लोगों को शिकार बनाया है। ग्रामीण ठगी का शिकार होने के बाद शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंच रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पलामू में दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में दो लोग ठगी का शिकार हुए हैं। जानकारी के अनुसार पलामू के पांकी रोड के इलाके के रहने वाले राजेन्द्र साव नामक व्यक्ति की पत्नी ने एक निजी फाइनेंस कंपनी से ऋण लिया था। ऋण को उन्होंने चुकता भी कर दिया था। कुछ दिन बाद उन्हें एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने बताया कि उनके नाम पर एक और ऋण स्वीकृत हुआ है, लेकिन ऋण लेने के लिए कुछ राशि जमा करनी होगी। राजेंद्र साव उसके झांसे में आ गए और ऋण के लिए ऑनलाइन पैसा जमा कर दिया। पैसे जमा करने के बाद वह ऋण लेने के लिए निजी फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि उनके नाम पर कोई ऋण स्वीकृत नहीं हुआ है। इसके बाद राजेंद्र साव को अहसास हुआ कि वे ठगी के शिकार हो गए हैं। राजेंद्र से करीब सात हजार रुपए की ठगी की गई है। राजेंद्र साव की तरह हुसैनाबाद के रहने वाले राजीव रंजन नामक व्यक्ति भी ठगी के शिकार हुए हैं। राजीव रंजन को भी माइक्रो फाइनेंस कंपनी से ऋण देने के नाम पर साइबर अपराधियों ने ठग लिया।



छोटी-छोटी रकम उड़ा रहे साइबर अपराधी

माइक्रो फाइनेंस कंपनी ग्रामीण और अन्य लोगों को 20 हजार रुपए से लेकर एक लाख तक का ऋण उपलब्ध कराती है। छोटी राशि लेने वाले ग्रामीणों का डाटा साइबर अपराधियों तक पहुंच गया है। साइबर अपराधी ऋण लेने वाले संबंधित कंपनी का नाम लेकर ग्रामीणों को निशाना बना रहे हैं। साइबर अपराधी ऋण लेने वाले ग्रामीणों से दो हजार रुपए से लेकर सात हजार रुपए तक की ठगी कर रहे हैं। पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर और उसके आसपास के इलाके को ग्रामीणों को साइबर अपराधियों ने सबसे अधिक निशाना बनाया है। इसके अलावा पलामू के हुसैनाबाद और चैनपुर के इलाके में भी ग्रामीण ठगी का शिकार हुए है।पलामू साइबर थाना पुलिस जांच में जुटीः पलामू साइबर थाना में तैनात पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस इस तरह के मामले में अनुसंधान कर रही है। डाटा लीक होने के बाद ही साइबर अपराधी इस तरह की ठगी कर रहे हैं। पुलिस आम लोगों से सावधान रहने की अपील कर रही है और इस तरह के ठगी में शामिल अपराधियों की तलाश की जा रही है।

व्यवसायियों ने काला बिल्ला लगाकर निकाला मौन जुलूस

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के बाजार में सत्तार सेठ चौक, विष्णु मंदिर रोड, अमलाटोली व लाल कोठा रोड में लगने वाली थोक सब्जी मंडी को हटवाने के लिए यहां के निवासियों और व्यवसायियों का आंदोलन मंगलवार से तेज हो गया। बाजार व्यवसायी एकता मंच की बैठक में लिए गए निर्णय के मुताबिक इलाके के सभी व्यवसायी व निवासी झंडा चौक पर जुटे और काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया। साथ ही हाथों में अवैध थोक सब्जी मंडी स्थानांतरित करने, आवासीय क्षेत्र को गंदगी मुक्त करने, बच्चों के स्कूल जाने के रास्ते को जाम मुक्त करने, मंदिर रोड जाम करना बंद करने' सहित कई अन्य स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर बाजार क्षेत्र में मौन पैदल मार्च किया। व्यवसायियों का नेतृत्व कर रहे पूर्व वार्ड पार्षद राजकुमार गुप्ता टिंकल ने कहा कि सभी प्रभावित निवासी और व्यवसायियों ने काला बिल्ला लगाकर मौन जुलूस निकाला। इस आन्दोलन के बाद भी नगर निगम थोक सब्जी मंडी हटाने का निर्णय नहीं लेता है तो व्यवसायी कोर्ट क ी शरण में जायेंगे। साथ ही अपनी अपनी दुकानें बंद कर उपायुक्त को चाभी सौंप दी जायेगी। उन्होंने कहा कि उपरोक्त स्थलों पर थोक सब्जी मंडी का लगना अवैध है और इसे हटाने का निर्णय नगर निगम को हर हाल में लेना ही होगा। इधर, अन्य व्यवसायियों ने कहा कि थोक सब्जी मंडी के हटने तक आंदोलन को हर हाल में जारी रखने का निर्णय लिया गया है। मौके पर मौन जुलूस में वार्ड पार्षद नवीन कुमार गुप्ता (लाल बाबू), चंदन केशरी, राकेश कुमार सिन्हा, समीर कुमार दत्ता, एनबी बोराल, सुचित्रा अग्रवाल, प्रकाश प्रसाद, सोनू पांडे, विवेक पांडे, अभय सिन्हा, मंजय चन्द्रवंशी, राकेश कुमार अग्रवाल, मिट्ठू गुप्ता, धर्मेन्द्र कालिया, राहुल गुप्ता, राजकुमार मोची, रमेश मालाकार, प्रेम सिंह नामधारी, संकेत कुमार गुप्ता सहित दर्जनों व्यवसायी शामिल थे। बता दें कि आन्दोलन के संबंध में बीते 12 जुलाई को डीसी, एसडीओ और नगर आयुक्त से एक प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर इस संबंध में जानकारी दी थी।एक महीने से ज्यादा समय से थोक सब्जी मंडी को लेकर मामला गर्म है, लेकिन इसका समाधान नहीं निकल पा रहा है।

उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आयोजित होने वाले इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंड वासियों की समस्याओं के निवारण हेतु डीसी के समक्ष तीन दर्जन से अधिक मामले आये। उपायुक्त श्री दोड्डे सभी फरियादियों से एक-एक कर मुलाकात एवं संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उपायुक्त के इस जनता दरबार में फरियादियों द्वारा अधिग्रहित भूमि का मुआवजा निर्गत नहीं करने, दबंगो द्वारा जमीन हड़पने, पारिवारिक विवाद, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण,पेंशन रूक जाने, म्युटेशन नहीं होने, रसीद नहीं काटे जाने, एलपीसी निर्गत नहीं करने, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आये तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिये।

भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग, जेएमएम ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

मेदिनीनगर। जिले के पांडू प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में संचालित योजनाओं में हो रही गड़बड़ी, भ्रष्टाचार, बढ़ती घूसखोरी आदि को लेकर जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष एवं पार्टी नेता सह पूर्व जिप सदस्य अनिल चंद्रवंशी के नेतृत्व में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के पश्चात प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना हम सबकी भागीदारी है। किसी भी परिस्थिति में प्रखंड स्तर पर भ्रष्टाचार नहीं होने दिया जाएगा। जरूरत पड़ी तो प्रखंड में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार को पत्र लिखा जाएगा एवं जोरदार तरीके से विरोध किया जाएगा। वहीं जेएमएम नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल चंद्रवंशी ने कहा कि पांडू प्रखंड कार्यालय में आए दिन अवैध वसूली की बात सामने आती है। प्रखंड के लोग बढ़ती घूसखोरी से त्रस्त हैं इससे सरकार की भी छवि धूमिल हो रही है। इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा। मौके पर जयराम पासवान, विनोद साव, जगदीस राम, अनिल कुमार राम, सफीक अंसारी, के साथ अन्य लोग शामिल रहे।

सड़क दुर्घटना में 3 लोग हुए घायल

पांकी। मेदिनीनगर मुख्य पथ के कोनवाई पिपरा कला गांव में मंगलवार की दोपहर सड़क दुर्घटना हो गई। जिसमें 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उक्त सड़क से गुजर रहे पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने सभी घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पांकी भिजवाया। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक बाइक गाड़ी संख्या जेएच 03 ए एच 1404 पर सवार बेतला बरवाडीह गांव निवासी तीनों युवक घर जा रहे थे इसी बीच बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

थाना प्रभारियों को दिया गया आईआरएडी ऐप का प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। समाहरणालय स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में मंगलवार को आईआरएडी ऐप का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहर थाना, सदर थाना, चैनपुर थाना, हुसैनाबाद थाना, पांकी थाना, नावाबाजार थाना एवं नावा जयपुर थाना के थाना प्रभारी के साथ सीसीटीएनएस ऑपरेटर को आईआरएडी ऐप का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के आरंभ में जिला सुचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, रणवीर सिंह के द्वारा आईआरएडी के महत्व के बारे में बतया गया कि कैसे आईआरएडी ऐप के द्वारा एकत्र की गई जानकारी का विश्लेषण आईआईटी मद्रास करती है एवं इन जानकारियों के अनुसार ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर वहाँ क्या क्या सुरक्षा के उपाय किये जा सकते है। उन्हें लागू कराया जाता है। डीआरएम अंजली के द्वारा आईआरएडी एप्लीकेशन पर कैसे दुर्घटनाओं को प्रविष्ठ करना है, की जानकारी दी गई। बताया गया की आईआरएडी ऐप पर दुर्घटनाओं से सम्बंधित विस्तृत जानकारी एकत्र की जाती है एवं ऐप के माध्यम से ही ऑनलाइन एमवीआई एवं रोड एजेंसी से दुर्घटना सम्बंधित रिपोर्ट की मांग की जाती है। सभी विभागों द्वारा आईआरएडी पर डाटा प्रविष्ठ करने की अवधी 30 दिन है। डाटा को 30 दिनों के अंदर ही डाला जाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आगामी 19, 20 एवं 21 जुलाई को अन्य थानों को भी प्रशिक्षण दिया जाना है।अंत में थानों में लंबित दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई।

पहल

किसानों को दिये डेढ़ सौ क्विंटल अनुदानित बीज

किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में जुटी बेतला किसान प्रॉड्यूसर कम्पनी

कम्पनी ने अपने शुरूआती वर्ष में ही आठ सौ किसानों को रजिस्टर्ड किया है

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला मुख्यालय से सटे चैनपुर प्रखंड के महुँगावा में संचालित बेतला किसान प्रॉड्यूसर कम्पनी क्षेत्र के किसानों को खेती की पैदावार बढ़ाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। कम्पनी ने अपने शुरूआती वर्ष में ही आठ सौ किसानों को रजिस्टर्ड किया है। जिनके बीच पचास प्रतिशत अनुदान पर दो अलग अलग प्रजाति के करीब 40 क्विंटल उन्नत धान एवं करीब 108क्विंटल दलहन तथा तेलहन बीजों का वितरण किया गया है। कम्पनी के पास डीएपी एवं यूरिया खाद प्रचूर मात्रा में उपलब्ध है। जिसका वितरण संस्था से रजिस्टर्ड किसानों के बीच बाजार से सस्ते दाम पर किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए कम्पनी के अध्यक्ष अशोक चौरसिया एवं सचिव ब्रजेश कुमार पाण्डेय ने आज संयुक्त रूप से बताया कि उनकी इस कम्पनी को भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है। कम्पनी किसानों के विकास के लिए देश के प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करने में जुटी है। नाबार्ड द्वारा कंपनी के शुरूआती संचालन के लिए वित्तीय सहयोग भी किया जा रहा है। पदाधिकारी द्वय ने बताया कि कंपनी का उदेश्य खेती को बढ़ावा देना है। उन्नत किस्म के बीज के साथ खाद समय पर मिलेगी तो किसान समय से खेती कर पायेंगे और पैदावार भी बढ़ेगी। दोनों ने बताया कि इतना ही नहीं कम्पनी किसानों की फसल को बाजार भी उपलब्ध कराने में उनकी मदद करेगी। पहले वर्ष ही किसानों का रुझान कम्पनी के प्रति काफी बढ़ा है। प्रयास है कि अधिक से अधिक किसानों को जोड़कर उन्हें उन्नत तकनिकों से खेती - बारी करने के प्रति जागरूक किया जाये। एक से पांच एकड़ जमीन वाले किसान कम्पनी से जुड़कर सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। बताया गया कि पिछले दिनों गरमा सब्जी के बीज भी कम्पनी की ओर से किसानों के बीच मुफ्त वितरण किया गया है।

आश्वासन के बावजूद अब तक नहीं मिली निजात : राजीव

हरिहरगंज। हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न जनसमस्याओं से निजात पाने के लिए अधिकारियों के आश्वासन के बावजूद भी अब तक निजात नहीं मिली है,उक्त बातें सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन ने मंगलवार को सब्जी हरिहरगंज मंडी स्थित अपने आवास पर वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का निदान के लिए धरना प्रदर्शन के एक महीने बीत जाने के बाद भी हरिहरगंज नपं के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर जनसमस्या का निदान नहीं कराया गया तो शहर के अंदर चलने वाले वाहनों का चक्का जाम कर देंगे। साथ ही निष्क्रिय नपं अधिकारियों के विरुद्ध मशाल जुलूस भी निकाला जायेगा।

करंट की चपेट में आने से बच्ची की हुई मौत

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दंगवार पंचायत के नदियाईं गांव के टोला अम्बा बीघा गांव निवासी मनोज प्रजापति की दस वर्षीय पुत्री ज्योति कुमारी की बिजली करंट तार की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना मंगलवार की शाम चार बजे की बताई जाती है। जानकारी के अनुसार वह अपने घर से कुछ दूरी पर खेत में घास काटने गई थी। उस खेत में बिजली का नंगा तार टूट कर गिरा पड़ा था। जिसकी चपेट में आ गई। स्थानीय ग्रामीण उसे तत्काल एक निजी क्लीनिक में ले गए, वहां के चिकित्सक ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना दंगवार पंचायत के मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने हुसैनाबाद थाना को दी।

पंडवा में राजद कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। मंगलवार को पंडवा प्रखंड में राष्ट्रीय जनता दल द्वारा कार्यकर्ता बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष उपेन्दर मेहता जी एवं संचालन महेंद्र जी ने किया। इस कार्यक्रम में पलामू जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा , रउ प्रकोष्ठ के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष श्री धनंजय पासवान जी, रउ प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजू भुईया ,नगर अध्यक्ष फैयाज खान जी छतरपुर, रूबी ऋषी, युवा अध्यक्ष नावा बाजार प्रखण्ड उपेंद्र , नीलम देवी ,अकाश गंगा , हंसराज यादव , शत्रुधन साव साथ ही सैकड़ों लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल के विचारधारा को मानते हुए लोगों से राजद का सदस्यता ग्रहण किए जिनका नाम इस प्रकार है:-लालजी राम, सोनू कुमार, यशवंत , अजीज अंसारी , भोला भुईया , विनय भुईंया ,महेंद्र भुईयाँ , मोहित भुईयां , जितेन्द्र भुईयां, बच्चन भुईयां, करमदेव भुईयाँ , संतोषी भुईयां, बीफन भुईयाँ , मुरारी भुइयां, आकेश भुईयां , बिगू भुईयां , दिलीप भुईयाँ , शयामदेव भुईयां, सभीखन भुइयां आदि।

पीडीएस डीलर पर राशन कम देने का आरोप, हंगामा

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर
पंडरिया पंचायत के सरैया गांव के दर्जनों लाभुकों ने जनवितरण प्रणाली दुकानदार पर राशन गबन करने व कम राशन देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

लाभुकों ने आपूर्ति पदाधिकारी सह बीडीओ जयपाल महतो को आवेदन देकर स्वर्णलता महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष धनवंती देवी पर कार्रवाई करने की मांग के साथ दूसरे दुकानदार से राशन दिलवाने की मांग की है। सरैया के लाभुक चंपा देवी, संगीता देवी, शारदा देवी, चंद्रावती देवी, ममता देवी, बिगन साह, पदमा देवी, नागेंद्र शाह, प्रेमी देवी, तारकेश्वर साह सहित दर्जनों लाभुकों ने स्वर्ण लता महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष धनवंती देवी पति सुरेंद्र शाह पर आरोप

लगाया है। लाभुकों ने कहा कि जुलाई महीने का राशन जब लेने गए तो दुकानदार के द्वारा प्रति कार्ड धारी को चार किलो ग्राम राशन दिया जा रहा था, जिसे लेने से इनकार कर दिया। पूछने पर राशन कम क्यों दे रहे हैं तो सुरेंद्र साह के द्वारा कहा गया कि लेना है तो लीजिए नहीं तो जाईए। लाभुकों ने आरोप लगाया कि दिसंबर 22 व जनवरी 23 का भी राशन हम लोगों को नहीं दिया गया है। लाभुकों को देने के बजाय डीलर के द्वारा राशन की कालाबाजारी कर दी गई है। राशन लेने के बाद पर्चा भी नहीं दिया जाता है। समूह के अध्यक्ष धन्वंतरी देवी के पति सुरेंद्र शाह ने बताया कि दिसंबर 22 व जनवरी 23 का राशन मिला ही नहीं है जो अंडर प्रोसेस है। साथ ही जून महीने का राशन कट गया है। 16.72 क्विंटल की जगह 4.32 क्विंटल चावल तथा 4.26 क्विंटल गेहूं की जगह 8 किलो मिला है। हमारे यहां 107 लाभुक हैं जिनको 4-4 किलो दे रहे हैं। जुलाई का राशन निर्धारित मात्रा के अनुसार वितरण कर दिया है।

डीलरों को केतार एफसीआई से मिलेगा राशन

केतार। केतार पंचायत सचिवालय के समीप मंगलवार से एफसीआई गोदाम में राशन आना शुरू हो गया है। प्रखंड सहायक सिदेश्वर नाथ एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार की देखरेख में सितंबर माह का 58.60 टन राशन मजदूरों द्वारा गोदाम में सुरक्षित रखा गया। बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने बताया कि केतार प्रखंड के डीलरों को भवनाथपुर एफसीआई गोदाम से राशन, किराशन लाना पड़ता था। इससे डीलरों को समय के साथ अतिरिक्त खर्च होता था। अब केतार प्रखंड के डीलरों को राशन ले जाने में काफी सहूलियत मिलेगी। वहीं लाभुकों को भी समय पर राशन मिल पायेगा। इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार, प्रधान सहायक सिदेश्वर नाथ, कम्प्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

जिला परिषद की बैठक में रखी खरौंधी प्रखंड क्षेत्र से जुड़ी अनेक समस्याएं

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी
गढ़वा जिला परिषद सदस्यों की बैठक मंगलवार को की गई, जिसमें खरौंधी प्रखंड जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने खरौंधी प्रखंड क्षेत्र से जुड़ी अनेक मूलभूत समस्याओं के निवारण को लेकर कई मांगों को सदन के समक्ष उठाया। इनमें प्रखंड क्षेत्र के मेन रोड के किनारे सभी विद्यालयों में चहारदीवारी के निर्माण एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराए जाने की मांग की। इसके साथ ही खरौंधी उप स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की पदस्थापना का मामला उठाया ताकि खरौंधी प्रखंड के सत्तर हजार आबादी को तत्काल प्राथमिक उपचार मिल सके। इसके साथ ही डोमनी बराज के डूब क्षेत्र के रैयतों को मुआवजा का भुगतान करते हुए

तत्काल कार्य प्रारंभ करने, खरौंधी बाजार के दोनों तरफ नाली निर्माण कराने, खरौंधी प्रखंड के दिव्यांगजनों का खरौंधी में ही कैंप लगाकर दिव्यांगता प्रमाण पत्र देने की मांगें रखी। इसके अलावा खरौंधी प्रखंड में तत्काल कैंप लगाकर वृद्धा पेंशन का भुगतान करने, मझिगावां पंचायत के आमरोरा भुईया टोला एवं चंदनी पंचायत में थाना के पीछे विवा बांध टोला में विद्युतीकरण कराने आदि की मांग की।

मोहर्रम त्योहार को लेकर थाना परिसर में हुयी शांति समिति की बैठक में एसडीपीओ ने कहा

जुलूस निकालने को लाइसेंस लेना अनिवार्य

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर
थाना क्षेत्र शांति पूर्वक माहौल में मोहर्रम संपन्न कराने को लेकर सोमवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता श्रीबंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद केशरी ने की। इसमें प्रखंड क्षेत्र के राजनीतिक, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में मोहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारा के साथ सभी समुदाय के लोगों को मिलजुल कर मनाने की अपील की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीपीओ प्रमोद केसरी ने कहा कि प्रखंड के लोग हमेशा अमन पसंद और काफी शांतिप्रिय रहे हैं। थाना क्षेत्र के लोग आपसी भाईचारे के साथ सभी त्योहार मनाते आये हैं। उक्त भावना को आगे भी बरकरार रखें और मिलजुलकर आगे भी आपसी भाईचारा के साथ त्योहार मनाएं एवं भाईचारा का मिशाल कायम कर दिखायें। मोहर्रम जुलूस निकलने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस के ताजिया का जुलुस निकलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

वहीं बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पुलिस निरीक्षक कृष्णा कुमार ने कहा कि त्यौहार के दौरान मेला स्थल एवं चौक-चौराहों

में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। कहा कि त्योहार के दौरान अफवाह फैलाने वाले लोगों पर चिन्हित कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि मोहर्रम का जुलूस आपसी भाईचारा और शांतिपूर्ण तरीके से निकाले। कहा गया कि त्योहार में अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि मोहर्रम जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा, बिना लाइसेंस के ताजिया का जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कहा कि संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में बल तैनाती रहेगी। उन्होंने लोगों से भी शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुए लोगों को किसी तरह का अफवाह पर ध्यान नहीं देने की बात कही। मौके पर सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव, जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा, एसआई शहदेव साव, सिंदुरिया पंचायत मुखिया नंदलाल पाठक, बीडीसी चंदन ठाकुर, मधुलता कुमारी, समाज सेवी तासवीन अंसारी, के डी चौबे, जयप्रकाश यादव, अनिल चौबे, प्रदीप चौबे, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, धनंजय साह, शंभू सेठ, महेंद्र पासवान, अख्तर अंसारी, सुनील पटेल, शेख सिराजुद्दीन अंसारी, असमुद्दीन अंसारी, सलाउद्दीन अंसारी, कलीम अंसारी, याकूब अंसारी, प्यारे मोहम्मद अंसारी, हनीफ अंसारी, रहीम अंसारी, निजामुद्दीनअंसारी, शमशेर अंसारी, जसीमुद्दीन अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

धुरकी थाने में हुई बैठक : धुरकी। थाना क्षेत्र में शांति पूर्वक माहौल में मोहर्रम संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ अरूण कुमार सिंह ने की। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के राजनीतिक, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जन प्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। मौके पर सहादत अंसारी, मुखिया सगुनी राम, काग्रेस नेता मोबीन अंसारी, समाजसेवी लक्ष्मण यादव, साबिर अंसारी आदि उपस्थित थे।

तय रूटों पर ही ताजिया का जुलूस निकालें

डंडाई। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में मंगलवार को थाना प्रभारी शाबाज अंसारी की अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। इसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव, अंचलाधिकारी चोनाराम हेंब्रम के साथ-साथ कई जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मौके पर थाना प्रभारी शाबाज अंसारी ने कहा कि थाना क्षेत्र के तमाम मुसलमान भाई पारंपरिक तरीके से आपसी भाईचारा के साथ मुहर्रम त्योहार को मनायें। वहीं अशांति होने की स्थिति में पुलिस को त्वरित सूचित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि मोहर्रम पर्व के दिन शांतिपूर्ण वातावरण में निर्धारित रूटों में ही ताजिया का जुलूस निकालें। इस दौरान शांति व्यवस्था को भंग करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर इसकी सूचना पुलिस को दें। वहीं बीडीओ सोमा उरांव ने कहा कि 29 जुलाई को आने वाले मुहर्रम को सभी लोग मिलजुलकर सरकार की गाइडलाइन के अनुसार मनायें। त्योहार को लेकर सोशल मीडिया पर गलत पोस्ट करने वाले व्यक्ति सहित उसके अभिभावकों पर सख्त कानूनी कार्रवायी की जाएगी। वहीं अंचलाधिकारी चोनाराम हेंब्रम ने शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार को मनाने को लेकर लोगों से अपील की। मौके पर डंडई पंचायत के पश्चिमी भाग के बीडीसी शीला देवी, 20 सूत्री सदस्य दीनानाथ पांडेय, कुर्बान अंसारी, पूर्व जिला पार्षद रामनाथ पासवान, नसीरूद्दीन अंसारी, शिव कुमार यादव मुख्तार अंसारी, श्रीधर बैठा, करके मुखिया प्रतिनिधि सूर्यदेव चौधरी, एसआई नवीन शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

नगर उंटारी में हुई शांति समिति की बैठक

श्री बंशीधर नगर। थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक एसडीपीओ प्रमोद केशरी की अध्यक्षता में की गयी। इसमें लोगों से मोहर्रम पर्व शांतिपूर्वक मनाये जाने की अपील की गयी। मौके पर अंचलाधिकारी अरुण मुंडा, थाना प्रभारी नीतीश कुमार, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, पुअनि अक्षय कुमार सिंह, चंद्रदेव कुमार, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, सदर तौहिद खान, झामुमो नेता अमरनाथ पांडेय, अमर राम, मुखिया उषा देवी, मुखिया मनोज ठाकुर, सिविस्टयानी केरकेट्टा, मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र प्रसाद, राजकुमार राम, भगवान राम, मुहर्रम इंतजामिया कमेटी सदर मुराद खान, खजांची लालबाबू खान आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त

बीएलओ व पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

श्री बंशीधर नगर। प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 225 से 269 तक कुल 45 मतदान केंद्रों के बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने सभी बीएलओ को आगामी 21 जुलाई से 21 अगस्त तक डोर टू डोर जाकर बीएलओ रजिस्टर के माध्यम से मतदाताओं का सत्यापन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के घर पर स्टीकर चिपकाते हुये अगले भ्रमण की तिथि भी अंकित करेंगे। उन्होंने कहा कि आपके कार्यों का पर्यवेक्षण बीएलओ पर्यवेक्षक द्वारा किया जायेगा इस दौरान सभी योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने हेतु फॉर्म 6 प्राप्त करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कंप्यूटर ऑपरेटर मुखलाल उरांव, बीएलओ पर्यवेक्षक प्रशांत कुमार, उत्तम रंजन, बिरेंद्र कुमार सिंह, अमन केशरी, सीमा कुमारी, बीएलओ बबीता कुमारी, सुनीता देवी, सुशीला गोस्वामी, अनुराधा देवी, राबिया बानो, बबिता पासवान सहित सभी बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

पंचमुखी शिव मंदिर में की गयी विशेष आरती

श्री बंशीधर नगर। बांकी नदी के तट पर अवस्थित पंचमुखी शिव मंदिर में प्रत्येक दिन शाम 7 बजे भगवान शिव की आरती होती है। उक्त आशय की जानकारी देते हुये मंदिर समिति के अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया अजय प्रसाद ने बताया कि सोमवार को विशेष आरती का आयोजन होता है। सोमवार को आरती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता नित्यानंद चौबे सपरिवार तथा हिंदुस्तान लिवर एजेंसी के अजय प्रसाद द्वारा आरती किया गया। मंदिर समिति द्वारा अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। आरती कार्यक्रम में मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय प्रसाद, बिरेंद्र कमलापुरी, हृदयानंद कमलापुरी, संतोष कमलापुरी, शुभम कुमार, आनंद प्रकाश, राहुल जायसवाल, प्रमोद कुमार, श्रवण कुमार, उमाशंकर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

श्राद्धकर्म में शामिल हो मुखिया ने की मदद

केतार। केतार प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने सोमवार की शाम मुकुंदपुर गांव निवासी मृतक शिवबरत बियार के श्राद्धकर्म में शामिल हुए। उन्होंने उनके परिजनों को श्राद्धकर्म में नकद राशि देकर सहयोग भी किया। उन्होंने कहा ि गरीब असहाय लोगों की सेवा के लिए मैं हमेशा तत्पर हूं। मौके पर वार्ड सदस्य धर्मेंद्र सिंह, ददन बियार, रामजी बियार, राम लाल बियार उपस्थित रहे।

रुआर 23 के तहत विद्यालय में हुआ कार्यक्रम

श्री बंशीधर नगर। झारखंड शिक्षा परियोजना गढ़वा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के निर्देश के आलोक में स्कूल रुआर, 2023-2024 बैक टू स्कूल कैंपेन का शुभारंभ नगर उंटारी प्रखंड में स्थित अंबा लाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय के प्रांगण में विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सबिता देवी, पत्रकार गौरव पांडे, सीआरपी शोभा पांडे, बीपीओ तमन्ना प्रवीण ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सबिता गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्कूल से जोड़ना है। विद्यालय से बाहर रह गये बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन, अप्रवासी, अनामांकित एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चे का नामांकन, पिछले वर्षों में कक्षा 1 से 9 तक के नामांकित सभी बच्चों का अगली कक्षाओं में शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति की पुष्टि तथा नव-नामांकित बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। शिक्षक प्रमोद कुमार, प्रकाश चंद्र सोनी, शिक्षिका ममता रानी, निधि सिंह, रजनी कुमारी, जाया कुमारी कृष्णा यादव बबलू कुमार आदि उपस्थित थे।

वन पट्टा के लिए सीओ का सौंपा दावा पत्र

भवनाथपुर। आंचल अधिकारी को वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत वन भूमि उपयोग करने वाले वन पट्टा से वंचित दर्जनों वनाश्रित परिवार मंगलवार को सिंदुरिया पंचायत के मुखिया नंदलाल पाठक के नेतृत्व में वन पट्टा हेतु दावा पत्र सीओ रामाशंकर श्रीवास्तव को सौंपा। सीओ को सौंपे गये दावा पत्र में वनाश्रितों ने उल्लेख किया है कि हमलोग वर्षों से वन भूमि में निवास कर उसका उपयोग करते आ रहें हैं। इसके लिए सभी को वन पट्टा उपलब्ध कराने की मांग की है। आपको बता दें कि डीसी ने सभी अंचलाधिकारी को वन भूमि में निवास करने वनाश्रित जो अब तक वन पट्टा से वंचित हैं,उनका दावा पत्र अभिलेख उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इसके आलोक में भवनाथपुर अंचल क्षेत्र में वन भूमि का उपयोग करने वाले वन पट्टा से वंचित अनुसूचित जनजाति एवं अन्य वनाश्रितों ने सीओ को आवेदन सौंपकर वन पट्टा हेतु दावा पत्र समर्पित किया। मौके पर सुशील चौबे, बबन पासवान, जयनंदन उरांव, वीरेंद्र उरांव, उमेश उरांव, तेजू उरांव, शनीचर अगरिया, मथुरा भुईंया, फुलवंती देवी, कुलवंती देवी, शांति देवी, चंपा देवी, शनिचरी देवी उपस्थित थे।

वृक्षों को बचाने व 1100 पौधे रोपने का संकल्प

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर
पंडरिया पंचायत के शिवपहाड़ी गुफा के आसपास के क्षेत्रों में लगे वृक्षों को बचाने का संकल्प के साथ 1100 पौधरोपण का संकल्प लिया है। शिवपहाडी कमिटी के सदस्यों ने निर्णय लिया है कि वृक्ष काटते पकडे जाने पर 5 हजार का जुमार्ना लगाया जाएगा। शिव पहाड़ी गुफा के आसपास के क्षेत्रों में पूर्व से लगे वृक्षों की तेजी से कटाई की जा रही है, जिससे जंगल का अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। इसको देखते हुए शिव पहाड़ी गुफा के कमेटी के सदस्यों ने बैठक कर सख्त निर्णय लिया है। इस पूरे सावन में नए 1100 फलदार और छायादार वृक्ष लगाए जाएंगे, जिसकी शुरुआत 100 वृक्ष लगाकर की गई है।

कमेटी के सदस्य बृजेश कुमार गुप्ता, भानु गुप्ता, रामानंद यादव, लाल बहादुर शाह, सोहन साह, चंद्रेश्वर गुप्ता, कुमार संदीप, अतुल बाबू, राकेश, रवि, छोटे लाल बाबू, कंगन कुमार, संजय पासवान आदि सदस्यों ने कहा कि वन विभाग की लापरवाही के कारण शिव पहाड़ी गुफा के आसपास के वृक्ष तेजी से काट रहे हैं लेकिन हम सभी सदस्य वन विभाग के भरोसे नहीं रहेंगे वृक्ष को स्वयं बचाएंगे। सदस्यों ने वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधकर वृक्ष को बचाने का संकल्प लिया है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए कमेटी के सदस्य सभी संसाधन मुहैया करा रहे हैं। श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि पूरे सामान में एक वृक्ष अवश्य लगाएं।

होली फेथ पब्लिक स्कूल सहित तीन विद्यालयों का यू डाइस कोड होगा निरस्त

डंडाई। प्रखंड क्षेत्र के तीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों का यू डाइस कोड जब्त होगा। इनमें प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडई गांव के किसान उच्च विद्यालय एवं होली फेथ पब्लिक स्कूल के साथ-साथ ज्ञानदीप निकेतन पब्लिक स्कूल सोने हरा शामिल हैं। जिले के प्रभारी जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रंभा चौबे ने इस बाबत राज्य परियोजना निदेशक के नाम 17 जुलाई को एक पत्र जारी किया है। उक्त पत्र में प्रखंड के तीन विद्यालयों के साथ-साथ जिले के अन्य 40 विद्यालयों के नाम भी शामिल हैं। राज्य परियोजना निदेशक के नाम लिखे पत्र में प्रभारी डीईओ ने बताया है कि उक्त विद्यालयों के द्वारा यू डायस प्लस मैंडेटरी का कार्य नियमित नहीं किया जा रहा था। इस कारण अन्य विद्यालयों के कार्य भी लंबित रह जा रहे थे। परिस्थिति बस प्रखंड के उक्त तीन विद्यालयों के साथ-साथ जिले के अन्य 40 विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

चैंबर्स ऑफ कॉमर्स की बैठक में चुनाव पदाधिकारियों का चयन

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर
गुलाब मेमोरियल मार्केट परिसर स्थित चैंबर ऑफ कॉमर्स कार्यालय परिसर में सार्वजनिक बैठक आयोजित कर सत्र 2023-25 के लिये चुनाव संपन्न कराने के लिये पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक में चुनाव संपन्न कराने के लिये पर्यवेक्षक डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल को, मुख्य चुनाव पदाधिकारी मो. तस्लीम खान को, चुनाव पदाधिकारी ओमप्रकाश चौबे, आनंद अग्रवाल, मनोज कुमार, विनोद कांस्यकर, राजन सोनी व अजय प्रसाद को बनाया गया। चैंबर ऑफ कॉमर्स का सदस्य 18 जुलाई से 25 जुलाई तक बनाया जायेगा। सदस्य बनाने की सभी प्रक्रिया चैंबर कार्यालय से होगी। अध्यक्ष व सचिव पद के लिये 29 व 30 जुलाई को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन किया जा सकेगा। 31 जुलाई को प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे तथा उसी दिन शाम 6 बजे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह

अध्यक्ष व सचिव पद के लिये 29 व 30 जुलाई को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन किया जा सकेगा 31 जुलाई को नाम वापस ले सकेंगे

आवंटित किया जायेगा। प्रत्याशी 1 अगस्त से 5 अगस्त तक अपना प्रचार प्रसार कर सकेंगे। आगामी 6 अगस्त को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान कराया जायेगा। साथ ही 4 बजे से मतों की गिनती प्रारंभ होगी तथा उसी दिन विजयी प्रत्याशी को प्रमाणपत्र दिया जायेगा। बैठक में चैंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर, गोपाल जायसवाल, मिक्की जायसवाल, अनूप निराला, हृदयानंद कमलापुरी, अशोक जायसवाल, कामेश्वर प्रसाद, अजय प्रसाद, उदय जायसवाल, मनोज कुमार, प्रवीण कुमार, सूरज प्रसाद, राजन सेठ, डॉ धर्मचंदलाल अग्रवाल, तस्लीम खान, शमीम खान आदि चैंबर सदस्य उपस्थित थे।

धर्म-कर्म | पाल्हे जतपुरा में चल रहे प्रवचन के दौरान बोले जीयर स्वामी

भागवत कथा सुनने से पापों से मिलती है मुक्ति

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर
भागवत कथा सुनने के कारण ही भक्ति के पुत्र ज्ञान तथा वैराग्य ठीक हो गये। श्रीमद्भागवत महापुराण भगवान की तसाक्षात मुर्ति हैं। इसे सुनने से स्मरण से पापों का नाश होता है। आत्मा तृप्त होती है। दिल दिमाग शांत होता है। उक्त बातें जीयर स्वामी ने पाल्हे जतपुरा में चल रहे प्रवचन के दौरान कहीं।

उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत के कथा के कारण ही भक्ति के दोनों पुत्र स्वस्थ हो गये.कीर्तन आनंद का विषय होता है। कीर्तन में तन्मयता होनी चाहिए। कीर्तन का बहुत बड़ा

महत्व होता है। शास्त्र में भगवान को पूजन करने के लिए अनेक उपाय बताया गया है। एक उपाय है भगवान के सामने नृत्य करना, परंतु आज दुर्भाग्य है कि व्यास की गद्दी पर बैठ करके व्यास गद्दी के नियम के विरूद्ध खड़े होकर नाच रहे हैं। यह भारत की संस्कृति के लिए दुर्भाग्य है। व्यासगद्दी की एक गरिमा होती है। मयार्दा होती है। वेद और शास्त्र के अनुसार जो ऐसा करता है ठीक नहीं है। जो आज के युग में नृत्य करते हैं वो तन्मयता के साथ नहीं बल्कि दिखावा करते हैं जो ठीक नहीं है। भगवान को प्रसन्न करने का दूसरा माध्यम है गीत गाकर। तीसरा वेद, पुराण का पाठ करके भगवान को प्रसन्न किया जाता है। उन्होंने कहा कि नारद महाराज ने भक्ति के पुत्र ज्ञान तथा वैराग्य को निरोग करने के लिए गंगा के पावन तट पर हरिद्वार में सनत कुमार से कथा श्रवण करने लगे। श्रीमद्भागवत कथा की महिमा बताते हुए उन्होंनेकहा कि कोई भी दवा अच्छा होता है तो तत्काल अपना प्रभाव दिखाता है। चाहे वह शास्त्र हो, चाहे वह अपनी संस्कृति हो, चाहे श्रोता हो, चाहे औषधि हो, चाहे संत हो। यह बताया गया है। इन सभी के संसर्ग में जाने के बाद तत्काल हमारे मन में बुद्धि में अपने किसी भी प्रकार के भटकाव पर अफसोस होने लगे, तो सही मायने में आप संत के यहां आये हैं। अफसोस होने लगे कि हमने गलत काम किया है। यह संत के प्रभाव से ही संभव है।

वन विभाग ने अवैध लकड़ी की जब्त

डंडाई। अवैध तरीके से लकड़ी लेकर गढ़वा की ओर जा रही टेंपो को बीच रास्ते में रोक वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा उसे अपने कब्जे में ले लिया गया। लकड़ी के बारे में टेंपो चालक से पूछताछ की गयी। चालक ने टुनु नामक व्यक्ति की लकड़ी होने की बात बताई। घटना मंगलवार अहले सुबह 8:00 बजे की है। वन बीट अधिकारी राजू कुमार ने बताया कि मैं अपने अन्य कर्मियों के साथ अपने क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रहा था। इसी बीच डंडाई मेराल मुख्य सड़क स्थित कैरियेजरहि के गांव के पास अवैध तरीके से लकड़ी लेकर गढ़वा की ओर जा रहे एक टेंपो पर नजर पड़ गई। कागजात की जांच पड़ताल होने के बाद जब्त सभी लकड़ियों को टेंपो के साथ छोड़ दिया जाएगा।

योजना में लगे पाइप टूट कर खेतों में बिखरे

जल नल में बरती जा रही अनियमितता

नवीन मेल संवाददाता। कुन्दा
केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना हर घर जल देने के उद्देश्य से कुंदा प्रखंड में चलाई जा रही जल नल योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों की मानें तो संवेदक द्वारा कई स्थानों पर कार्य पूर्ण हो जाने के बावजूद भी सिर्फ इसलिए नहीं चालू कराई जा रही है कि उक्त बोरिंग में या तो पानी की कमी या संवेदक को डर है कि पाइप से जगह-जगह पानी का रिसाव हो सकता है। संवेदक की मंशा है कि जब जल का अभाव क्षेत्र में कम हो जाए या बरसात के उपरांत बोरिंग में पानी का जलस्तर ऊपर हो जाए उस वक्त चालू कर



योजना में लीपापोती कर ली जाएगी। वहीं कई घरों के पास खेतों में पाइप ऊपर दिखाई पड़ रहा है और पाइप ऊपर होने के कारण टूटता जा रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की जल नल योजना में कितनी अनियमितता बरती गई है। गर्मी के दिनों में एक-दो स्थानों पर संवेदक द्वारा पानी की सप्लाई चालू की गई थी, लेकिन पाइप में जल का रिसाव व बोरिंग में नाम मात्र पानी होने के कारण ग्रामीणों का काफी विरोध झेलना पड़ा था। उसके बाद से संवेदक कार्य कछुवे की गति से करा रहा है। ग्रामीणों ने कार्य की उपायुक्त से जांच की मांग की है।

राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित हुए उपायुक्त अबु इमरान

नवीन मेल संवाददाता। चतरा
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जिला उपायुक्त अबु इमरान को प्लैटिनम ग्रेडिंग प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

उक्त सम्मान भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम डीआईएलआरएमपी) योजना अंतर्गत सभी घटकों में 99 प्रतिशत से अधिक का कार्य पूर्ण करने की उपलब्धि हासिल करने वाले चयनित जिलों को दिया जाता है। उन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों में चतरा जिला का भी चयन भूमि सम्मान 2023 (प्लैटिनम ग्रेडिंग सर्टिफिकेट) से सम्मानित करने के लिए चयन किया गया। उनके साथ सम्मान समारोह में अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, सिमरिया एसडीओ सुधीर कुमार दस भी शामिल थे।

ठेकेदार पर मनमाना कार्य करने का आरोप

स्कूल में मरम्मत कार्य को लोगों ने रोका

नवीन मेल संवाददाता। मनिका
प्रखंड के प्लस टू विद्यालय में किए जा रहे मरम्मत के कार्य का ग्रामीणों ने विरोध करते हुए दिन मंगलवार को काम को रोक दिया। वहीं मिथिलेश पासवान ने बताया कि विद्यालय में ठेकेदार अपने मनमानी तरीके से कार्य करवा रहे हैं मरम्मत के कार्य में कई जगह बिना प्लास्टर किए ही पेंटिंग का काम किया जा रहा है। यहां तक कि जहां पर प्लास्टर किए गए हैं उसमें पानी भी नहीं पटाया गया है। इस बारे में ठेकेदार से बात की तो वह कहता है कि उच्च अधिकारियों को खर्चा दिया जाता है। उसको अधिकारियों से कोई डर नहीं है।

मिथिलेश पासवान ने कहा कि जब तक मरम्मत का कार्य ठेकेदार सही से नहीं करवाते हैं तब तक हम लोग काम नहीं होने देंगे। अगर जरूरत पड़ी तो आंदोलन भी करेंगे। वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर ठेकेदार लाल बिहारी यादव ने कहा कि मरम्मत का कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है और काम में जो भी कमियां रह गई हैं उसको हम लोग जल्द पूरा करेंगे। मैंने उच्च अधिकारियों को खर्चा देने जैसी कोई भी बात नहीं कही है। नेताओं को बस यही बोला है कि जब तक कार्य पूरा नहीं होता है तब तक बिना मतलब के काम को नहीं रोके।

लोहा चोरों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

3 टन स्क्रैप के साथ 2 पकड़े

पुलिस ने दो बाइक, दो गैस सिलेंडर, गैस कटर समेत अन्य सामान भी किया बरामद

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा
पुलिस ने लोहा चोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर अभिजीत ग्रुप प्लांट एरिया से दो लोहा चोर समेत तीन टन लोहा, दो बाइक, गैस सिलेंडर, गैस कटर समेत अन्य सामान बरामद किया है। उक्त जानकारी पुलिस इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने प्रेस रिलीज जारी कर दी है। पुलिस इंस्पेक्टर बबलु कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना सूचना मिली थी चकला पावर प्लांट के सीएचपी एरिया में झाड़ियों के पीछे से चोरों के द्वारा लोहा कटिंग कर पिकअप वाहन में लोड करने की तैयारी की जा रही है।

इस आशय का सनहा दर्ज कर वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार एक छापामारी दल का गठन किया गया। सूचना का सत्यापन कर चकला स्थित

अभिजीत पावर प्लांट के सीएचपी एरिया के झाड़ियों के पीछे पहुंचे जहां कुछ लोग लोहा काट रहे थे। पुलिस को देखते ही सभी इधर उधर भागने लगे। छापामारी दल के जवानो के द्वारा खदेड़ कर दो लोगों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पुलिस के द्वारा पूछे जाने पर गिरफ्तार लोगों ने अपना नाम महेंद्र भुईयां उम्र 36 वर्ष पिता स्व जीवन भुईयां, चरका भुईयां (उम्र 55 वर्ष) पिता ढोटन भुईयां दोनो ग्राम चकला थाना चंदवा जिला लातेहार बताया। सीएचपी एरिया के झाड़ियों में सर्च करने पर झाड़ियों में छुपा कर रखे तीन टन लोहा एक बड़ा गैस सिलेंडर, एक बड़ा आक्सीजन सिलेंडर, एक काला रंग का पल्सर मोटरसाइकिल, एक लाल रंग का होन्डा साईन मोटरसाइकिल, गैस कटर, एवं एक नोजल पाईप बरामद किया गया है। पुलिस ने अग्रेतर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्तों को लातेहार जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में थाना प्रभारी बबलु कुमार, पुलिस निरीक्षक शशिरंजन कुमार बालूमाथ, पुलिस अवर निरीक्षक सह बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत कुमार व अन्य जवान शामिल थे।

'समाज में सौहार्द बनाये रखना सबकी जिम्मेदारी'

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा
प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम के तहत समाज में परस्पर सौहार्द बढ़ाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलु कुमार ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन कामता पंसस अयूब खान ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि समाज में रहने वाले सभी समुदाय का हमें सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम को बीडीओ विजय कुमार, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अमित लाल नाथ शाहदेव, समाजसेवी रामयश पाठक, राजकुमार साहु, चंदवा पक्षिमी जिप सदस्य सरोज देवी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, कॉग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, पंसस नीलम देवी आदि ने भी संबोधित किया। वहीं बैठक में उपस्थि गणमान्य लोगों ने कहा कि चंदवा प्रखंड आपसी प्रेम व भाईचारे के लिए जाना जाता है और इस पर किसी प्रकार की आंच नहीं आने दी जायेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप तिलैयाटांड़ अंजुमन के सदर मो. अब्दाल, संजीव आजाद, मजदूर संघ सतेंद्र प्रसाद यादव, झाविस रवि कुमार डे, झामुमो प्रखंड सचिव मो इजहार, बिनोद कुमार गुड्डू, नईम अंसारी आदि मौजूद थे।

असमाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा

बारियातु। टोंटी पंचायत अतंर्गत इटके ग्राम स्थित जामिया परिसर में मुहर्रमको लेकर मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने कहा कि पर्व में बाधा उत्पन्न करने वाले असमाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, मुखिया शांति देवी, पंसस मो होजैफा, एसआई मिथलेश सिंह मौजूद रहे।

संक्षिप्त

वाहन मालिक करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

टंडवा (चतरा)। टंडवा प्रखंड क्षेत्र में संचालित आम्रपाली कोल परियोजना के विस्थापित-प्रभावित वाहन मालिकों की बैठक मंगलवार को बिंगलात स्थित 1 नंबर बैरियर के समीप हुई। इसकी अध्यक्षता आशुतोष मिश्रा व संचालन प्रह्लाद सिंह ने की। बताया गया कि ट्रांसपोर्टरों द्वारा कम भाड़ा दर में कोयले का उठाव कराने की मंशा पाले बैठे हैं जिसे संघ किसी भी सूरत में सफल नहीं होने देगा। वहीं बैठक में भाड़ा वृद्धि, ट्रांसपोर्टरों द्वारा नगद भाड़ा का भुगतान करने, विस्थापित-प्रभावित कोल वाहनों का परिचालन में प्राथमिकता जैसे मुख्य मांगों को लेकर 1 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया गया। मौके पर दर्जनों वाहन मालिक मौजूद थे।

45 लीटर अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

प्रतापपुर (चतरा)। प्रतापपुर थाना क्षेत्र के मोनिया गांव अंतर्गत नर्सरी के समीप से 45 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ मोटरसाइकिल से जा रहे युवक को पुलिस ने छापेमारी कर पकड़ कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मोनिया नर्सरी के पास त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी सह चेकिंग अभीयान चलाया गया। इस दौरान मोटरसाइकिल से एक युवक आता दिखा लेकिन पुलिस को देखकर वह वापस मुड़कर भागने लगा, जिसे पीछा कर पकड़ कर तलासी ली गई तो ब्लू प्लास्टिक जार में 45 लीटर अवैध महुआ शराब पाया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम नंद किशोर यादव पिता चंद्रदेव यादव बताया। प्रतापपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई। छापामारी में थाना प्रभारी के साथ एएसआई अनिल कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

14 वाहनों की नीलामी करेगा खनन विभाग

लातेहार। जिला खनन विभाग आगामी 25 जुलाई को अवैध खनन, भंडारण व परिवहन में संलिप्त जब्त वाहनों की नीलामी करेगा। इसको लेकर विभाग ने टेंडर निकाला है। समाहरणालय सभागार में अपराह्न तीन बजे उपायुक्त द्वारा गठित समिति के समक्ष नीलामी की जायेगी। डीएमओ आनंद कुमार ने इस बात की जानकारी दी है। आनंद कुमार ने बताया कि निविदा में भाग लेने वालों को शर्तों को पूरा करना अनिवार्य होगा। संवेदकों को सुरक्षित जमा राशि का दस प्रतिशत की राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में जिला खनन पदाधिकारी के नाम बैंक ड्राफ्ट, आयकर रिर्टन की फोटोकॉपी, दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड और पहचान पत्र की फोटोकॉपी आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

बालूमाथ में खड़े ट्रक से बैटरी व जैक चोरी

बालूमाथ। प्रखंड मुख्यालय स्थित मोर शेरवा के पास खड़े ट्रक की बैटरी और जैक चोरी कर ली गई। ट्रक मालिक राजू पासवान ने बताया कि घर के बगल में मोर शेरवा स्थित खाली जमीन पर ट्रक खड़ा था। इसकी लिखित शिकायत स्थानीय थाना को गई है। ज्ञात हो कि बालूमाथ में ट्रक, हाईवा से बैटरी, तेल व अन्य सामान चोरी होना कोई नई बात नहीं है। पहले भी इस तरह की घटना हो चुकी है। इस तरह के मामले में पुलिस ने कई चोरों को जेल भी भेजा था।

इंद्र देव को प्रसन्न करने के लिए अखंड कीर्तन

बालूमाथ। प्रखंड के मरंगलोइया पंचायत स्थित रामघाट हनुमान मंदिर में मंगलवार से 24 घंटे का अखंड कीर्तन का शुभारंभ किया गया। क्षेत्र में कम वर्षा होने से किसानों के खेत सूखे पड़े हुए हैं। इस मौके पर प्रारंभ प्रखंड के कई जनप्रतिनिधि समाजसेवी, किसान श्रद्धालु मिलकर विधि विधान के साथ हरि कीर्तन करते नजर आ रहे हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रखंड उप प्रमुख कामेश्वर राम, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, बिंदेश्वर महतो, जगरनाथ महतो, महादेव महतो, प्रद्युमन महतो, दुल्लश महतो, दिनेश महतो, सुरेश महतो, शिवनारायण महतो, बिनोद, प्रमोद, सुरेश सहित कई महिला पुरुष भक्त मौजूद रहे।

भूमि अधिग्रहण संघर्ष समिति का किया गठन

मनिका। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मनिका पचपेड़ी चौक स्थित राजद किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद के आवास में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड भूमि अधिग्रहण संघर्ष समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, अध्यक्ष महेश सिंह, महासचिव परमानंद यादव, सचिव हरिहर प्रसाद यादव, मीडिया प्रभारी मिथिलेश पासवान बनाया गया। समिति में मनिका से केसों भुइयां, सत्येंद्र भुइयां, विशाल पासवान, कलटु पासवान, रामेश्वर सिंह, सिंजो से दारोगी यादव, लाल बिहारी यादव, ईश्वरी प्रसाद, ललन शर्मा, अमित उरांव, नामुदाग से नबीज अंसारी, कौसर अंसारी, राजदेव राम, हकीम अंसारी, एनामुल हक, तिलकु मिस्त्री, दुंदु से अख्तर अंसारी, मुनेश्वर सिंह, औराटांड बुधन सिंह, जगत सिंह, लाली से नवल सिंह, लालचंद यादव, सुरेश राम, नदबेलवा से, शिवानंद यादव, जमुना से, सुदेश उरांव, तुलसी उरांव को शामिल किया गया।

'भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का समय'

महुआडांड़। अनुमंडल मुख्यालय अंतर्गत स्थानीय डाक-बंगला प्रशाल में कांग्रेस जनों की बैठक हुई। बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षा विभाग के स्टेट चेयरमैन एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य श्याम नारायण सिंह बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। एक तरफ देश में लाखों नौकरियां खाली पड़ी हुई हैं। दूसरी तरफ देश के करोड़ों नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। एक समय था जब भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता सड़कों पर महंगाई और भ्रष्टाचार के विषय पर आंदोलन किया करते थे और जब से सत्ता में आए हैं महंगाई और भ्रष्टाचार पर सभी ने चुप्पी साध ली है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है ऐसे निरंकुश सरकार को उखाड़ फेंकने का। इसके लिए हम सभी को एकजुट होना होगा। बैठक की अध्यक्षता शिक्षा विभाग के प्रखंड चेयरमैन सुभाष कुमार ने की। मौके पर धनंजय सिंह, रविंद्र चौबे, उदय सिंह, मेरी एक्का, अब्दुल रहीम, मिलयानुस एक्का, अजय बड़ाईक, रजाक अहमद अन्य मौजूद थे।

आंगनबाड़ी सेविका पर फर्जी हाजिरी बनाने का आरोप, कार्रवाई की मांग

टंडवा (चतरा)। टंडवा प्रखंड क्षेत्र के मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र गाडिलौंग में पदस्थापित सेविका द्वारा बच्चों की फर्जी हाजिरी बनाकर विभाग को गुमराह करने का आरोप लगाया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत है कि आंगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या 07 का औचक निरीक्षण मंगलवार को निरीक्षण किया गया जहां सेविका सुरेखा चौरसिया व मात्र 9 बच्चे केंद्र में मौजूद थे। वहीं उपस्थिति पंजी निरीक्षण के दौरान 13 जुलाई तक का हीं हाजिरी अद्यतन पाया गया।

गौरतलब हो कि विभाग के आंखों में लगातार धूल झोंकते हुए नामांकित 40 बच्चों में से 90 से 95 प्रतिशत बच्चों की लगातार फर्जी हाजिरी बनाई गई है। वहीं मौके पर मौजूद मुखिया पति सुभान अंसारी ने मामले में नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से समुचित कार्रवाई की मांग की है। दूसरी ओर मामले में पक्ष जानने हेतु सेविका से संपर्क साधने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका। वहीं बीडीओ रंथु महतो ने बताया कि उक्त मामले की उन्हें जानकारी मिली है। पर्यवेक्षक को समुचित जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

मनिका के युवक की गोखलाबागी में हत्या

नवीन मेल संवाददाता। बारियातु
थाना क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत गोखलाबागी टोला नीवासी मनीजर उरांव के घर के समीप से पुलिस ने मंगलवार को मनिका थाना क्षेत्र के चामा ग्राम अंतर्गत अल्बेला टोला निवासी संजय यादव के 20 वर्षीय पुत्र छोटु यादव का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है। मृतक के मामा अनोज यावद व शिवशंकर यादव ने बताया कि मंगलवार को सुबह लगभग सात बजे डेमु ग्राम निवासी मेरे बहनोई रामसेवक यादव ने फोन कर बताया कि छोटु को डाढा के गोखलाबागी निवासी मनेजर उरांव अपने घर में मारपीट कर बांध कर रखे हुए हैं। सूचना पाकर मैं लगभग दस बजे गोखलाबागी पहुंचा तो देखा कि मेरा भांजा मनीजर उरांव के घर के समीप बने मचान के खंभे से गमछे से मुंह ढका टेक लगा कर बैठा है। आवाज देते हुए जब पास पहुंचे तो मुंह से गमछा हटाते ही वह जमीन पर गिर गया।

उसकी सांस बंद हो गयी थी। पीढ और छाती पर चोट के निशान थे। तुरंत अपने बहनोई को फोन कर जानकारी दी। बहनोई ने थाने को जानकारी दी। बताया कि भांजा का मोबाइल और पर्स गायब है। भांजा गोखलाबागी कैसे आया इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। भांजा हरियाणा में मजदूरी करता था। खेती के कार्य के लिए वह पांच दिन पूर्व घर लौटा था। बीते सोमवार को लगभग ग्यारह बजे अपनी मां के साथ खाद्य बीज की खरीद की थी।

वृद्ध दंपती के हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

बरवाडीह। प्रखंड के अमडीहा ग्राम में वृद्ध दंपती हत्या प्रकरण में मंगलवार को भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरे कृष्ण सिंह अपने समर्थकों के साथ पीड़ित परिजनों से मिले। गौरतलब है कि रविवार मध्य रात्रि वृद्ध दंपती की डायन बिसाही के आरोप में अज्ञात अपराधियों द्वारा धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। पूर्व विधायक हरे कृष्ण सिंह ने इस घटना पर दुख प्रकट करते हुए पीड़ित परिजनों को आश्वस्त किया कि जल्द ही घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लातेहार पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करेंगे। पूर्व विधायक ने पीड़ित परिजनों को हर संभव सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। पूर्व विधायक ने बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह से भी मुलाकात करते हुए करते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। अमडीहा घटनास्थल से लौटने के बाद प्रेस वार्ता करते हुए उन्होंने वृद्ध दंपती की हत्या को बेहद शर्मनाक बताते हुई कहा कि जल्द ही हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो भाजपा जोरदार तरीके से आंदोलन करेगी। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र में अपराधिक घटनाओं में वृद्धि को लेकर पुलिस प्रशासन को दोषी बताया। मौके पर विधायक के साथ सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, प्रदीप सिंह, मनोज प्रसाद, मनोज यादव, हेमंत कश्यप, जितेंद्र शाह, विवेक कुमार सिंह आदि साथ थे।

चार माह से ट्रांसफार्मर खराब, ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर

बारियातु। प्रखंड के गाड़ी ग्राम टोला लोदमदाग भंडार टोला में लगे 25 केवीए का ट्रांसफार्मर पिछले चार माह से खराब है। ग्रामीण अंधेरे में रह रहे हैं। सुखी गंझु, बिजय भुइयां, रसीद गंझु, जगदीश गंझु, जैनुल अंसारी, देवचरण उरांव, मनीष यादव, दसनी देवी, राजकुमारी देवी, सकल यादव, मनोज यादव, विजेंद्र प्रजापति सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा विजय कंपनी का ट्रांसफार्मर लगाया गया था, जो चार माह पूर्व अपने आप जल गया। ट्रांसफार्मर जल जाने व खराब होने से लोदमदाग भंडारटोला के ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश हैं। मोबाइल चार्ज करना भी मुश्किल हो गया है। पास के गांव जाकर मोबाइल चार्ज करना पड़ता है। ग्रामीणों ने उपायुक्त व विद्युत विभाग से अविलंब ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

गुहार | बकाया मानदेय भुगतान सहित विभिन्न मांगें रखीं

जलसहिया ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
मनिका विधानसभा अंतर्गत 4 प्रखंडों में कार्यरत जलसहिया ने मंगलवार सुबह मनिका विधानसभा के विधायक रामचंद्र सिंह के मांगरा स्थित आवास पहुंचकर बकाया मानदेय समेत अन्य मांगों को लेकर पांच सूत्री मांग पत्र देते हुए समस्याओं का निदान करने की मांग की।

इसमें मनिका विधानसभा के महुआडांड़, गारू, मनिका एवं बरवाडी प्रखंड में कार्यरत 100 से अधिक जल सहिया शामिल थी। हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र में जलसहिया ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने 1000 रुपये प्रोत्साहन राशि (मानदेय) के रूप में देते हुए उन लोगों को नियुक्त किया था, लेकिन कुछ दिन बाद से

ही मानदेय राशि समय से नहीं मिल रही है। 50 महीने से अधिक का मानदेय उनका बकाया है। इससे उन लोगों के समक्ष भयावह आर्थिक स्थिति उत्पन्न हो गई है। हम निस्वार्थ भाव से निरंतर सेवा करते आ रहे हैं, लेकिन मानदेय कुछ माह मिलने के बाद नहीं मिलने से परेशानी हो रही। उन्होंने अपनी मांगों में बकाया मानदेय राशि का भुगतान करने, सेवाकाल में मृत्यु होने के उपरांत आश्रितों को नौकरी एवं 2000000 का मुआवजा देने, विभाग द्वारा निकाले जाने वाली नियुक्ति में वरीयता एवं योग्यता के आधार पर नियुक्ति करने, मानदेय की राशि नियमित भुगतान आदि को शामिल किया है। विधायक ने सभी जलसहियाओं को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखते हुए बकाया राशि का भुगतान अविलंब कराया जाएगा। अन्य मांगों को भी मंत्रालय के समक्ष रखते हुए निदान कराया जाएगा।

प्रखंड प्रमुख पति के पक्ष में एकजुट हुए जनप्रतिनिधि

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा
शहर के इंदिरा गांधी चौक के समीप स्थित पथ निर्माण विश्रामागार में मंगलवार को प्रखंड के सैकड़ों जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रखंड प्रमुख मनीषा उंराव के पति राजु उंराव के पक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हुटाप मुखिया सुखनारायन सिंह के द्वारा की गई। बैठक में प्रखंड की बीपीओ रतन कुमारी शाहदेव के द्वारा प्रमुख पति राजु उंराव के ऊपर लगाये गए झूठे आरोप पर चर्चा की गई। लोगों ने कहा कि एक साजिश के तहत राजू उंराव को फंसाया गया है क्यूंकि बीपीओ की कार्यशैली से नाराज होकर उनके खिलाफ जिले के उपायुक्त के समक्ष शिकायत की गई थी। इसी बात का बदला लेने के लिए उनके ऊपर झूठा आरोप लगाया गया है। अगर इस मामले में प्रशासन निष्पक्षता से जांच नहीं करती है तो प्रखंड के जनप्रतिनिधि प्रशासन के किसी भी कार्य में सहयोग नहीं करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए चंदवा पूर्वी जिप सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव ने कहा कि राजु उंराव मामले की जांच अगर निष्पक्षता से की जाये तो मामला सबके सामने आ जायेगा। राजु एक युवा समाजसेवी है क्षेत्र में उनकी पकड़ है। प्रखंड की बीपीओ के द्वारा गणतंत्र दिवस पर दिये गए सहयोग राशि को रंगदारी के रूप में दिखाया जा रहा है जो कि सरासर गलत है। रोहित यादव ने प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। मौके पर विभिन्न पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य समेत कई लोग मौजूद थे।

नगजुआ स्टेशन पर सासाराम-रांची ट्रेन के ठहराव के लिए डीआरएम से वार्ता

जनआकांक्षाओं को पूरा करने के लिए रहता हूं हमेशा तत्पर : सुखदेव भगत

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
जिला के ग्राम नगजुआ बाजार टांड में इस क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा नगजुआ रेलवे स्टेशन में सासाराम रांची एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव करने की मांग को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 20 गांव के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सुखदेव भगत तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में रेलवे पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

बैठक को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा की जनता की समस्याओं का निदान करना उनका दायित्व एवं कर्तव्य है तथा जनता के जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए वे सदैव प्रयासरत रहते हैं। भगत ने कहा कि जब सासाराम रांची एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन प्रारंभ हुआ था तो उस समय नगजुआ स्टेशन में ट्रेन रुकती थी। कोरोना काल में रेलवे विभाग के द्वारा ट्रेन का परिचालन बंद कर दिया गया था बाद में जब ट्रेन का परिचालन प्रारंभ हुआ तो ट्रेन नगजुआ स्टेशन में नहीं रुकने लगी जो आज तक की यही स्थिति है। इस रेलवे स्टेशन में लगभग 40 गांव 3 जिला तथा 4 विधानसभा क्षेत्र के लोग ट्रेन से आवागमन करते हैं। सासाराम रांची एक्सप्रेस ट्रेन बंद हो जाने से व्यापक स्तर पर इस क्षेत्र के लोगों पर इसका प्रभाव पड़ा है जो इस क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय हुआ है ।श्री भगत ने कहा कि वे जनता के साथ हैं उन्होंने जनता को विश्वास दिलाया कि सासाराम रांची एक्सप्रेस ट्रेन को नगजुआ स्टेशन में रुकवाने के लिए हर संभव सहायता करेंगे। इस दौरान श्री भगत ने मौके पर से ही रेलवे के डीआरएम प्रदीप गुप्ता से वार्ता कर यहां की समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए शीघ्र नगजुआ स्टेशन में सासाराम रांची एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव कराने की बात कहें। डीआरएम ने श्री भगत को इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मौके पर ग्रामीणों ने श्री भगत को डीआरएम के नाम वाला आवेदन सौंपा। भगत ग्रामीणों के आवेदन को रांची में डीआरएम से मिलकर उन्हें सौंपेंगे। ग्रामीणों ने रेलवे स्टेशन जाने वाले पथ में पीसीसी निर्माण कराने की मांग भी।

मौके पर कांग्रेसी नेता उमेश्वर नाथ तिवारी, आलोक साहू, सलील सिंह,तेमबू उरांव, शाहिद अहमद बेलू, विजय चौहान, शाहजहां अंसारी , विजय उरांव ताहिर अंसारी ,मकबूल अंसारी , देवराज उरांव, मनराज उरांव, उलफान अंसारी, भानु प्रताप शाह, छेदी अंसारी, नारायण उरांव, मनको उरांव, सफीक अंसारी ,सुचित मिंज, काले उरांव, सिराजुल अंसारी, मंगरा उरांव, इमरान अंसारी, किशुन महतो, ब्रज किशोर मिश्रा, गणपत उरांव,शमीम अंसारी सिराजूल अंसारी, यासीन अंसारी इत्यादि ग्रामीण उपस्थित थे।

अपराध नियंत्रण को लेकर चलाया गया वाहन जांच अभियान

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा
सेन्हा थाना के समीप गुमला लोहरदगा मुख्य पथ पर पुलिस अधीक्षक आर राजकुमार के निर्देश पर अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन जांच अभियान चलाया गया। मौके पर सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा की वाहन में बस ट्रक छोटी बड़ी चार पहिया वाहन सहित मोटर साइकिल सवार का बैग,डिक्की और वाहन से सम्बंधित कागज का जांच किया गया।

वहीं थाना प्रभारी ने मोटरसाइकिल चालको को अपने पास वाहन की कागजात रखने और हेलमेंट पहन कर वाहन चलाने का शख्त निर्देश दिया। सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने पर जागरुक किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण को रोकने के लिऐ छोटी बड़ी वाहन और मोटर साइकि सवार का बैग,थैली, डिक्की आदि की जांच किया गया। वाहन की जांच के बाद सभी के बीच जागरुकता अभियान चलाते हुए कहा गया की हेलमेंट पहन कर चलें और घर सुरक्षित लौटे आप देश के युवा हो देश के अच्छे नागरिक बने और समाज तथा घर को खुश रखें । दुर्घटना से बचे साथ ही कहा गया बिना कागजात व हेलमेट का वाहन चलाते पकड़े जाने पर अगले आदेश के बाद कानूनी करवाई किया जायेगा। मौके पर थाना प्रभारी अभिनव कुमार,ए एस आई विरेन्द्र बाखला पुलिस बल के साथ मौजूद थे।

वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत, बच्ची घायल

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
सदर थाना क्षेत्र के कैमो पतराटोली गांव के पास मंगलवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक रूप से मौत हो गई जबकि इस हादसे में एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। बाइक और पिकअप वैन की टक्कर से ये हादसा हुआ है। बच्ची के सिर पर गंभीर चोट आई है। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला गांव निवासी महेसर राम का पुत्र शिवा राम (32 वर्ष), बच्ची रिया कुमारी (12 वर्ष) के साथ मोटरसाइकिल से मनहों गांव से वापस लोहरदगा की ओर आ रहे थे। शिवा राशन लेने के लिए मनहों गांव गया हुआ था। जहां से वह अपनी बाइक से बच्ची के साथ वापस लौट रहा था। इसी दौरान कैमो पतराटोली गांव के समीप बांस लदे हुए एक पिकअप वैन की चपेट में वह आ गया। इससे शिवा और रिया गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से आनन फानन में दोनों घायलों को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के क्रम में शिवा की मौत हो गई जबकि रिया के सिर पर गंभीर रूप से चोटें आई हैं। रिया दुर्घटना के बारे में कुछ भी नहीं बता पा रही है। इस हादसे की सूचना मिलने के बाद परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। पुलिस एक-एक बिंदु पर जांच कर रही है। साथ ही शव के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। हालांकि दुर्घटना के बाद वाहन चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया, जिसके बारे में पता लगाने का पुलिस प्रयास कर रही है।

युवा महोत्सव में विद्या मंदिर का श्रेष्ठ प्रदर्शन

लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, लोहरदगा में नेहरू युवा केंद्र द्वारा जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भैया बहनों के लिए पांच प्रकार की प्रतियोगिताएं रखी गई थीं। विद्या मंदिर के भैया बहनों ने भी इन प्रतियोगिताओं में अपनी सहभागिता दी। भाषण प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा की बहन मुस्कान वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कविता लेखन प्रतियोगिता में बहन करुणा कुमारी ने प्रथम स्थान एवं कशिश कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में बहन तान्या वर्मा एवं उनकी सहेलियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने बहनों को बधाई देते हुए कहा कि जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में विशिष्ट स्थान प्राप्त करके आप लोगों ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

लोहरदगा जिला को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों मिला भूमि सम्मान

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मंगलवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 09 राज्यों के सचिवों और 68 जिला कलेक्टरों को उनकी टीम के साथ भूमि सम्मान-2023 प्रदान किया गया। इसमें लोहरदगा जिला की ओर से उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त समीरा एस और जिला पंचायती राज पदाधिकारी पवन कुमार ने यह सम्मान ग्रहण किया। सम्मान के रूप में प्लैटिनम ग्रेडिंग सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। जिला को यह सम्मान डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) में सौ फीसदी पूर्णता हासिल करने के लिए दिया गया है। लोहरदगा जिला समेत झारखण्ड राज्य के कुल नौ जिलों को यह सम्मान मिला है। यह कार्यक्रम आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया गया। विज्ञान भवन में आयोजितआज के कार्यक्रम में ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, पंचायती राज के राज्यमंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल, भूमि संसाधन मंत्रालय के सचिव अजय तिर्की समेत सभी सम्मानित होनेवाले राज्यों के सचिव व डिप्टी कलेक्टर व टीम उपस्थित थे।

संक्षिप्त

सांसद ने शोकाकुल परिवार से की मुलाकात

लोहरदगा। पावरगंज स्थित एक दैनिक समाचार पत्र के लोहरदगा ब्यूरो चीफ राजेश गुप्ता की माताजी सुशीला देवी उम्र 87 वर्ष 12 जुलाई 2023 निधन हो गयी थी। इस निमित्त लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत ने पावरगंज स्थित आवास जाकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सांसद से संभवत ने कहा कि इस दुख की घड़ी में भाजपा परिवार आपके साथ में है। ईश्वर से पुण्य दिवंगत माता जी के लिए प्रार्थना करता हूँ। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ,जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, जिला मंत्री जगनंदन पौराणिक उपस्थित थे।

अनुदान पर राइस ट्रांसपलांटर का वितरण

लोहरदगा। वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य योजनान्तर्गत कृषि यांत्रिकीकीरण प्रोत्साहन योजनान्तर्गत अनुशांसित कृषकों को अनुदान पर राईस ट्रान्सपलान्टर का वितरण मंगलवार को भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय कुमार राम के द्वारा लाभुक कार्तिक उरांव को राईस ट्रान्सपलान्टर दिया गया। मौके पर भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने कहा कि जिला के कमेटी के द्वारा चयनित किसान को वितीय वर्ष के तहत वितरण किया गया है। लोहरदगा जिले के किसान समृद्व एवं खुशहाल बनें, ताकि योजनाओं का लाभ लेकर किसान आत्मनिर्भर बन सकें। किसानों को खेती की तरफ प्रोत्साहित करने के लिए भूमि संरक्षण विभाग हरसंभव प्रयास कर रहा है। किसानों की हर छोटी सी छोटी जरूरतों का ख्याल विभाग करने लगा है। उक्त चयनति किसान विभागीय द्वारा पांच दिवसीय प्रशिक्षण जेएमटीटीसी, रांची द्वारा प्राप्त कर चुका है। मौके पर विभागीय कर्मी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

भालू के हमले से घायल युवक सीएचसी से फरार

महुआडांड़। प्रखंड के पंचायत ओरसा के पीएफ क्षेत्र ओरसापाठ के अंतर्गत चिरोपाठ के वन क्षेत्र में जंगली भालू के हमले से चिरो गांव के निवासी जेठु नागेसिया (33) पिता कान नगेसिया का दायां पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। यहां से बेहतर इलाज के लिए जेठु नागेसिया को लातेहार सदर अस्पताल के लिए रेफर किया गया, लेकिन जेठु नागेसिया सदर अस्पताल जाने के बजाय मौका देख अस्पताल से बिना किसी को कुछ बताये फरार हो गया। इस संबंध में गांव से उसे लेकर आये ग्रामीणों ने बताया कि जेठु नागेसिया जंगल पूटू उठाने गया था, जहां से घर आने के क्रम में रास्ते पर घात लगाये जंगली भालू ने उस पर हमला कर दिया था।

एलटी विनय सिंह बतौर परीक्षक जौनपुर गये

लातेहार। ऑल इंडिया मेडिकल लैबोरेट्री टैक्नोलोजिस्ट एसोसिएशन के द्वारा आहुत पारा मेडिकल परीक्षा में झारखंड के चार लैब टेक्निशियनों को परीक्षक के रूप में देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में भेजा गया है। लातेहार ब्लड बैंक के लैब टेक्निशियन विनय कुमार सिंह उत्तर प्रदेश के अमृता पैरामेडिकल कॉलेज, जौनपुर में बतौर परीक्षक भेजे गये हैं। विनय कुमार सिंह ने बताया कि ऑल इंडिया मेडिकल लैबोरेट्री टैक्नोलोजिस्ट एसोसिएशन पारा मेडिकल परीक्षायें आयोजित करती हैं और ऐसोसिएशन के सदस्यों को बतौर परीक्षक वहां भेजती है। इसके लिए अवकाश, यात्रा व आवसन भत्ता के अलावा पारिश्रमिक भी मिलता है। उन्होने बताया कि झारखंड से अनुज कुमार मिश्रा, सुधांशु रंजन भारती एवं केशव कुमार मिश्रा बतौर परीक्षक विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में भेजे गये हैं।

बीएलओ को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य को लेकर बीएलओ को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर आकाश केशरी के द्वारा बीएलओ को देते हुए बताया गया की 21 जुलाई से 21 अगस्त तक घर-घर जा कर सत्यापन करना है। ही नये मतदाताओं का नाम जोड़ने, मृत मतदाता का नाम हटाने, मतदाता सूची में गलत नाम या गलत पता का सत्यापन कर शुद्धीकरण करने आदि कार्यों का सहित कई प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में तरुण कुमार, दिगम्बर पांडेय, बीएलओ सुनैना देवी सहित कई बीएलओ उपस्थित थे।

प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने बैठक की स्थगित

मयूरहंड(चतरा)। जिले के मयूरहंड प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक पूर्व निर्धारित समया अनुसार मंगलवार को होनी थी। परंतु बैठक में आमंत्रित सदस्यों ने निर्धारित समय पर बैठक की सूचना नही मिलने पर असंतोष जताया। जिसे लेकर बीस सूत्री अध्यक्ष रामभरोस यादव ने प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा को पत्र प्रेषित कर सूचित किया की बैठक की सूचना समय पर नही देने के कारण आज की बैठक स्थगित की जाती है। साथ ही आगे लिखा है कि पूर्व के बैठकों में लिए गए निर्णय को विभागवार धरातल पर लाया जाय व बैठक की सूचना पांच दिन पूर्व सभी संबंधितों को दिया जाय।

सभी पंचायतों में होगा विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का संगठन विस्तार

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का जिला बैठक अग्रसेन भवन में रखी गई। इसमें आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई। विहिप अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि आए दिन जिस तरह से पूरे भारत में लव जिहाद, गो हत्या जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं इसके लिए जिले के सभी प्रखंड एवं पंचायत में कमेटी का विस्तार किया जायेगा। बजरंग दल शौर्य जागरण रथ यात्रा की भी चर्चा की गई। पूरे भारत में बजरंग दल शौर्य जागरण रथ यात्रा कराने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद की कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप देव ने की। बैठक में मुख्य रूप से परावर्तन धर्म प्रसार प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य लाल ओंकार नाथ शहदेव, जिला मंत्री सतीश पांडे, सह मंत्री रंजीत साहू, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू, सुरक्षा प्रमुख उमेश सिंह, सहसंयोजक उज्जवल कुशवाहा, कोषाध्यक्ष सोहन साहू, धर्म प्रसार प्रमुख रमेश चंद्र कुमार, जिला प्रचार प्रमुख रोहित वर्मा, गौ रक्षा प्रमुख परशुराम गोप, सह गौरक्षा प्रमुख चंदन गोयल, अखाड़ा प्रमुख चंदन साहू, उपाध्यक्ष अशोक कांस्यकार, मिथिलेश प्रजापति, विजय कुमार यादव, शंकर प्रजापति, मुन्ना प्रजापति, अजय सोनी, श्याम नंदन पाठक, अंकित कुमार साहू, रितेश कुमार साहू, विकी कुमार साहू आदि मौजूद थे।

नुक्कड़ नाटकों से दी योजनाओं की जानकारी

लोहरदगा। लोकनाथ कला दलों की ओर से मंगलवार को कुडू और किस्को प्रखंड में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और जनजागरूकता से संबंधित प्रचार नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया। लोकनाथ लोहरा के नेतृत्व में जत्था दुंदरु पेशरार द्वारा कुडू प्रखंड के जीमा, कालिंदी कुमारी के नेतृत्व में मनभावन कला मंच द्वारा किस्को प्रखंड के कसियाडीह और अनिता उरांव के नेतृत्व में कुडुख कला केंद्र द्वारा चिरी गांव में सरकार के योजनाओं का प्रचार-प्रसार नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया गया। इन कार्यक्रमों में राज्य सरकार के लोककल्याणकारी योजनाओं यथा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, श्रमाधान की जानकारी दी गई।

लकड़ी के अपहरण मामले में एक युवक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा
सेन्हा थाना क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की का अपहरण का मामले में सेन्हा थाना पुलिस किस्को थाना क्षेत्र के परहेपाट निवासी लोलस साहू के पुत्र विजय साहू को गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेजा गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की का अपहरण किया गया था। साथ ही उन्होंने कहा नाबालिग लड़की के परिजनों द्वारा प्राप्त आवेदन को संज्ञान में लेते हुए सेन्हा थाना कांड संख्या 96/23 दर्ज कर धारा 363,366 के तहत पुलिस द्वारा विजय साहू के विरुद्ध कारवाई करते न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल भेजा गया।

मारपीट मामले में चार पर नामजद मामला दर्ज

कैरो। थाना क्षेत्र के चाल्हो निवासी 26 गुलाम अंसारी ने गांव के ही इंदर मुंडा, सुरेश उराँव, डेविड खाखा, कमल उराँव के खिलाफ मारपीट कर जख्मी करने का आरोप लगाते हुए कैरो थाना में लिखित आवेदन दिया है। जिसपर कैरो थाना पुलिस द्वारा कांड संख्या 31/23 धारा 341, 323, 307, 325, 504 भादवि के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

कवायद एकल अभियान लोहरदगा की कार्यकारिणी समिति के सभी विभागों की घोषणा

पुनः अध्यक्ष बने नवलकिशोर, सचिव नीलेश गुप्ता बने

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
एकल अभियान ग्राम संगठन की बैठक अग्रसेन भवन में हुई। एकल अभियान लोहरदगा का कार्यकाल पूरा होने के उपरांत नए कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से सभी विभागों की घोषणा की गई। केंद्रीय ग्राम संगठन प्रमुख संजय साहू ने दीपक सर्राफ को संरक्षक के रूप में मनोनीत किया। उन्हें कार्यसमिति की घोषणा करने को कहा। दीपक सर्राफ ने सर्वसम्मति से कार्यकारिणी की घोषणा की।

संरक्षक के रूप में डॉ राजीव रंजन अग्रवाल एवं अवधेश मित्तल को रखा गया। वहीं नवल किशोर अग्रवाल को पुनः अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं उपाध्यक्ष धनंजय प्रसाद अग्रवाल, सचिव निलेश कुमार गुप्ता, सहसचिव ओम प्रकाश गुप्ता व जय गोविंद प्रसाद, कोषाध्यक्ष किशोर कुमार बंका, प्राथमिक शिक्षा विभाग में-अध्यक्ष सत्येंद्र ठाकुर, उपाध्यक्ष नंदन गोयल, सचिव गोरखनाथ पांडे, चमरराम प्रजापति, आरोग्य योजना विभाग में-अध्यक्ष डॉ कुमुद अग्रवाल, सचिव सज्जल कुमार, ग्रामोत्थान योजना विभाग में-अध्यक्ष आनंद केसरी, सचिव अशोक घोष, श्रीहरिकथा प्रचार योजना विभाग में-अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, सचिव प्रमोद अग्रवाल एवं भीम साहू, युवा समिति विभाग में-अध्यक्ष नितिन सिंह, सचिव विवेक राज, सहसचिव अंकित कुमार एवं रथ योजना प्रभारी जय गोविंद प्रसाद को अतिरिक्त भार दिया गया। केंद्रीय ग्राम संगठन प्रमुख संजय साहू ने कहा एक लाख अस्सी हजार गांवों तक एकल अभियान ग्राम संगठन को स्थापित कर लोगों को शिक्षित बनाने का कार्य कर रही है। एकल अभियान बच्चों को गढ़ने का काम करता है। जिससे बच्चों को अच्छे संस्कार मिल सके। वे अपने उचित-अनुचित समझ सके और अपना भविष्य बना सके। अध्यक्ष नवल किशोर अग्रवाल ने कहा कि एकल अभियान विदेशों पर भी अपना सेवा कार्य कर रही है। मैं निष्ठा पूर्वक निभाते हुए संगठन को और ऊंचाइयों तक ले जाने का यथा संभव प्रयास करूंगा। मौके पर अशोक चंद्र घोष,निलेश गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, अवधेश मित्तल, देवेंद्र कुमार मंडा, सत्येंद्र ठाकुर, चमर राम प्रजापति, नितिन कुमार सिंह, आनंद केसरी, विवेक राज, अंकित मित्तल, आमिरचंद्र अग्रवाल, जय गोविंद प्रसाद, रामनाथ उरांव, जितवाहन बड़ाईक, राधे उरांव आदि थे।

कोयला पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध : कोयला मंत्रालय

एजेंसी। नई दिल्ली

कोयला मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि देश के ताप विद्युत संयंत्रों (टीपीपी) के लिए कोयला पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। 16 जुलाई 2023 तक, ताप विद्युत संयंत्रों का कोयला स्टॉक 33.46 मिलियन टन (एमटी) था, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 28% अधिक है। खदान के अंत में पिटहेड कोयला स्टॉक, पारगमन में स्टॉक और टीपीपी सहित सभी स्थानों पर कोयले की उपलब्धता पिछले वर्ष के 76.85 एमटी की तुलना में 103 एमटी है, जो 34% अधिक है। कोयला मंत्रालय सभी

बिजली संयंत्रों में कोयला स्टॉक 28 बढ़कर 33.46 मिलियन टन तक पहुंचा

भारतीय रेलवे द्वारा पर्याप्त रेक उपलब्ध करायी जा रही है

केंद्रीय और राज्य की विद्युत उत्पादन कंपनियों के साथ भी निकटता से समन्वय कर रहा है और बिजली क्षेत्र के लिए कोयले की कोई कमी नहीं है।

कोयला मंत्रालय ने यह भी कहा है कि जुलाई, 2023 के दौरान उत्पादन पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में काफी अधिक रहा है। दरअसल, वर्षा के कारण कोयले के उत्पादन पर बहुत ही मामूली असर पड़ा है। यह मानसून ऋतु के लिए खदान-वार अग्रिम योजना के माध्यम से संभव हुआ है। कोयला कंपनियों ने बड़ी खदानों से निर्बाध निकासी के लिए सीमेंटेड सड़कों का निर्माण किया है। मशीनीकृत कोयला हैंडलिंग संयंत्रों के माध्यम से नौ कोयला खदानों से रेलवे साइडिंग तक परिवहन शुरू किया गया है। कोयला कंपनियों ने ऊपरी परतों से कोयला निकालने की भी योजना बनाई है, जिसके फलस्वरूप 1 अप्रैल से 16 जुलाई 2023 तक कोयला उत्पादन 258.57 मिलियन टन (एमटी) रहा है, जबकि पिछले साल यह 236.69 एमटी था। वहीं, बिजली क्षेत्र को भेजा गया कोयला पिछले साल के 224 एमटी के मुकाबले इस साल 233 एमटी रहा है। वास्तव में, पर्याप्त उपलब्धता के कारण, कोयला कंपनियों ने इस अवधि के दौरान गैर-विनियमित क्षेत्र को भारी अतिरिक्त मात्रा में कोयले की आपूर्ति की है। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि इस वर्ष तापीय विद्युत उत्पादन में वृद्धि केवल 2.04% है, जबकि कोयले के उत्पादन में वृद्धि 9% से अधिक रही है। जहां तक रेलवे रेक की उपलब्धता का सवाल है, रेल मंत्रालय द्वारा सभी सहायक कंपनियों के लिए पर्याप्त रेक उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले के स्टॉक की पर्याप्त उपलब्धता का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। कोयला, रेल और बिजली मंत्रालय सभी ताप विद्युत संयंत्रों के लिए कोयले की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निकट समन्वय में काम कर रहे हैं। कोयला मंत्रालय द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि कोयले की अनुपलब्धता के कारण किसी भी बिजली संयंत्र को बंद नहीं किया गया है। जो संयंत्र बंद हुए हैं, वे किन्हीं अन्य कारणों से बंद हुए हैं।

अमेरिकी राजदूत जलवायु मुद्दों पर चर्चा करने पहुंचे चीन

पर्यवेक्षकों को उम्मीद है कि वार्ता से बहुत कम ठोस प्रगति होगी

एजेंसी। बीजिंग

अमेरिका के राजदूत जॉन केरी चीन के साथ जलवायु मुद्दों पर चर्चा शुरू करने के लिए बीजिंग पहुंचे। ग्लोबल टाइम्स ने बताया कि चीनी पर्यवेक्षकों को उम्मीद है कि वार्ता से बहुत कम ठोस प्रगति होगी। केरी रविवार को बीजिंग पहुंचे । पर्यवेक्षकों ने कहा कि

द्विपक्षीय संबंधों को नियंत्रणीय स्थिति में ले जाने और मार्ग प्रशस्त करने के लिए हाल के महीनों में अमेरिकी अधिकारियों द्वारा की गई उच्च स्तरीय यात्राओं के कारण जलवायु वार्ता को सफल होने देना मुश्किल है। ग्लोबल टाइम्स ने अमेरिकी मीडिया के हवाले से बताया कि गुरुवार को कैपिटल हिल में सांसदों से बात करते हुए केरी ने कहा कि उन्हें मीथेन उत्सर्जन को कम करने, कोयले से दूर जाने, वनों की कटाई से निपटने और संयुक्त रूप से नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों की तैनाती बढ़ाने पर चीन के साथ बातचीत में प्रगति की उम्मीद है। ग्लोबल टाइम्स एक चीनी दैनिक है जो चीन से संबंधित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर रिपोर्टिंग करता है। केरी ने हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी की एक उपसमिति को बताया, अब हम जो हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं वह वास्तव में कुछ स्थिरता स्थापित करना है। उन्होंने कहा, मैं कोई रियायत नहीं देने जा रहा हूं। केरी की यात्रा और दोनों देशों की प्रत्याशित जलवायु वार्ता तब हो रही है।

ट्रक-ट्रैक्टर बनाने वाली कंपनी को रक्षा मंत्रालय ने दिया 800 करोड़ का काम

एजेंसी। नई दिल्ली

शेयर बाजार में कई कंपनियों ने निवेशकों को काफी कम समय में करोड़पति बना दिया है। इन शेयरों ने निवेशकों को बेहद शानदार रिटर्न दिया है। ऐसा ही एक शेयर ट्रक और ट्रैक्टर बनाने वाली कंपनी अशोक लेलैंड का है। अशोक लेलैंड ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। अब इसके शेयरों में और तेजी आने की संभावना जताई जा रही है। दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, डिफेंस मिनिस्ट्री ने अशोक लेलैंड को करीब 800 करोड़ रुपये का काम सौंपा है। इस खबर के सामने आने के बाद शेयरों में तेजी देखने को मिली थी। निवेशकों की खरीदारी के बीच शेयर के भाव 173 रुपये तक पहुंच गए थे। हालांकि अभी शेयर में गिरावट देखने को मिल रही है। अभी यह शेयर 172.25 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, तकनीकी चार्ट पर भी शेयर काफी मजबूत दिखाई दे रहे हैं। अशोक लेलैंड के शेयरों में बंपर उछाल आ सकता है। शेयर में अच्छा वॉल्यूम देखा जा रहा है। अब कंपनी को जिस तरह से बड़ा ऑर्डर मिला है। इससे कंपनी का प्रॉफिट बढ़ेगा। इसका फायदा निवेशकों को मिल सकता है। हालांकि आप किसी भी शेयर में निवेश करने से पहले एक बार अपने वित्तीय सलाहाकार से बात जरूर कर लें। ऐसा नहीं करने पर आपको आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ सकता है।

लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैप में जबरदस्त इजाफा

एजेंसी। नई दिल्ली

इस हफ्ते की शुरूआत में ही सेंसेक्स अपने ऑल टाइम हाई रिकॉर्ड पर कारोबार करता दिखा। इरए पर लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 303.59 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। सोमवार को निवेशकों ने जमकर पैसा लगाया और 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 529 अंकों की बढ़त के साथ 66,589.93 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले दिन में, सूचकांक 595.31 अंक या 0.90 फीसदी उछलकर 66,656.21 अंक के अपने इंट्रा-डे शिखर पर पहुंच गया। इस दमदार रैली की बदौलत बीएसई-लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 3,03,59,528.96 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। कोटक सिक्योरिटीज के हेड रिसर्च (रिटेल) श्रीकांत चौहान ने कहा कि 17 जुलाई को बाजार शानदार फॉर्म में दिखा क्योंकि एचडीएफसी बैंक के उम्मीद से बेहतर द1 नतीजों की घोषणा के बाद बैंकिंग शेयरों में तेजी के कारण बेंचमार्क सूचकांक नए शिखर पर पहुंच गए। अब तक जिन कंपनियों के द1 नतीजे घोषित हुए हैं, उन्में से ज्यादातर कंपनियों के नतीजे उम्मीद के मुताबिक ही रहे। इससे ये भी साबित होता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार आ रहा है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय बाजारों में कमजोरी और प्रमुख एशियाई बाजारों में मिश्रित संकेतों के बावजूद भारतीय शेयर बाजार में यह तेजी देखने को मिली।

यूएस ने इस्लामाबाद के आरोपों का दिया जवाब-

पाकिस्तान में आतंकी कृत्यों में शामिल नहीं अफगान शरणार्थी

एजेंसी। वाशिंगटन

इस्लामाबाद द्वारा अस्थिरता पैदा करने का आरोप लगाए जाने के बाद व्हाइट हाउस ने कहा है कि पाकिस्तान में रह रहे या अफगानिस्तान के साथ लगने वाली सीमा पर रह रहे अफगान शरणार्थियों के आतंकवादी कृत्यों में शामिल होने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने यह बात कही। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने दो दिन पहले कहा था कि देश में बढ़ते आतंकवादी हमलों के बीच अफगान शरणार्थियों को पाकिस्तान में बसने की अनुमति देना एक गंभीर गलती थी। आसिफ ने कहा था, मौजूदा स्थिति ने अफगान शरणार्थियों को प्रदान की गई सुविधाओं के संबंध में चिंताएं बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि अफगान शरणार्थियों को आश्रय और सुविधाएं देने के परिणाम पाकिस्तान को भुगतने पड़े हैं। उन्होंने अफगान नागरिकों पर आतंकी गतिविधियों में शामिल होने का भी आरोप लगाया। किर्बी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, पाकिस्तान में या अफगानिस्तान से लगने वाली उसकी सीमा पर रह रहे अफगान शरणार्थियों के आतंकवादी कृत्यों में शामिल होने के हमें कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं।" उन्होंने कहा कि इतनी अधिक संख्या में अफगान नागरिकों की मदद करने के लिए अमेरिका पाकिस्तान की सराहना करता है और हम आतंकवाद की चुनौतियों से निपटने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करना जारी रखेंगे। किर्बी ने एक सवाल के जवाब में कहा, मेरा मतलब है कि राष्ट्रपति ने स्पष्ट कर दिया है। कि हम आतंकवाद विरोधी क्षमता में सुधार को गंभीरता से लेंगे और हम इसका प्रभावी ढंग से उपयोग करेंगे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला

अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 6/2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम :– ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं स्थान। :– दिनांक 22.07.2023 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 01.00 बजे अपराहन तक।
   (क)अधीक्षण अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य अंचल, रॉची।
   (ख)कार्यपालक अभियंता,ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल,गुमला।
   (ग) सहायक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य अवर प्रमण्डल, गुमला–1 ।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं स्थान। :– दिनांक 28.07.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक।जिला नियंत्रण कक्ष,गुमला।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान :– दिनांक 28.07.2023 को 4.00 बजे अपराहन में। कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल,गुमला।
5. कार्य मद :– Critical Gap
6. कार्यो का विस्तृत विवरण :–

ग्रुप सं0	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा आमंत्रण सं0
1	2	3	4	5	6	7	8
1	Gumla	Construction of Boundary wall at Budha Mahadev Mandir Campus, Block-Gumla, Dist-Gumla.	2459270.00	50000.00	5000.00	3 माह	चतुर्थ
2	Gumla	Construction of PCC Road at Budha Mahadev Mandir Campus, Block-Gumla, Dist-Gumla.	351500.00	7100.00	750.00	1 माह	चतुर्थ
3	Gumla	Construction of Ladies & Gents Toilet at Budha Mahadev Mandir Campus, Block-Gumla, Dist-Gumla.	661100.00	13500.00	1250.00	2 माह	चतुर्थ

निविदा की शर्तें:–

1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा।
   परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) देना अनिवार्य होगा।
3. निविदा संबंधित सभी कागजात स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पीन कोड– 835207 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा संबंधित सभी कागजात निर्धारित तिथि एवं समय (28.07.2023 अपराहन 3.00 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला।

PR.NO.302606 Rural Work Department(23-24):D

कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 13/वर्ष 2023–24

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 26.07.2023 को 11.00 बजे पूवाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 28.07.2023 को 11.00 बजे अपराह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 28.07.2023 को 02:00 बजे अपराह्न नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. कार्य का नाम

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Construction of (i) RCC Culvert near Pradeep sinha house (ii) PCC road near Dinesh Divedi house (iii) Laying of Paver Block from Munna Shukla house to Girendra Shukla House in ward no. 1,2 & 11 Under Medininagar Municipal Corporation	383840	7700	1000	तीन माह
2	Laying of Paver Block, Construction of Pathway , Railing and Repair of Statue near Gandhi Maidan in ward no. 23 under Medininagar Municipal Corporation	993970	19900	5000	तीन माह
3	Construction of PCC Road from nahar pul to ganesh bhuiya house in ward no. 18 Under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar.	796410	15950	5000	तीन माह
4	Detailed estimate for Laying of Paver Block from Virendra tiwari house to ranchi road in ward no. 18 under Medininagar Municipal Corporation	400140	8100	1000	तीन माह
5	Construction of New PCC road over old PCC road over old PCC road from Dudun singh house to Bypass road in ward no. 15 Under Medininagar Municipal Corporation.	772360	15500	5000	तीन माह
6	Construction of Drain and Repair of PCC road from Ramesh kumar house to Deepak Verma house, Repair of PCC road from Prabhu ji house to Adarsh kumar house in ward no. 12 Under Medininagar Municipal Corporation.	998200	20000	5000	तीन माह
7	Construction of PCC Road and Drain from Major More to saiket dubey house in ward no 11 , PCC road From Rupesh Singh house to Ravindra Singh House ward 09 Under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar.	985040	20000	5000	तीन माह
8	Construction of PCC Road from (i) Madan soni house to Kail ram house in ward no 26 (ii) Jaswant singh house to bada Nala ward no 11(iii) Munna singh shop to Shakti singh house ward no 03 Under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar.	923330	18500	5000	तीन माह
9	Construction of (i) PCC Road from Istaf hussain house to abid house (ii) Repair of PCC road from Basant house to qasim mistri house in ward 27 & (iii) Construction of PCC Road with hume pipe from hasiburrahman house to Md Rafiq house with 1 no. culvert in ward 31 Under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar.Under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar.	671180	13500	5000	तीन माह
10	Construction of PCC Road from Birendra Giri house to Arvind Sharma house ward 17 , Culvert near Ajay singh house , PCC road near Ajay singh house and Repair of Matkodua at Hospital Chowk in ward no 24 Under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar.	599970	12000	5000	तीन माह
11	Detailed Estimate for Construction of Road from Nandkishor singh house to Santosh singh house via Satyendra patel house in ward no. 10 Under Medininagar Municipal Corporation.	987660	20000	5000	तीन माह
12	Laying of Paver Block from Sanjay Giri house to main road and PCC road from Anganbari kendra to Tipu ram house in ward no. 04 Under Miedininagar Municipal corporation.	984330	19700	5000	तीन माह
13	Construction of PCC Road From Ashok mehta house to Khatal (Paver block road) and Anganbari kendra to Dr house in ward no. 03 Under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar.	995560	20000	5000	तीन माह
14	Detailed Estimate for Laying of Paver Block at gurunanak colony ground in ward 21 Under Medininagar Municipal Corporation	899280	18000	5000	तीन माह
15	Construction of PCC Road From Sanjay Bhuiya house to Shravan Paswan house in ward no. 04 Under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar.	997060	20000	5000	तीन माह
16	Deatailed Estimate for Construction of New P.C.C. Over Old P.C.C From hospital chowk to damodar prasad house via tad mohalla chowk in ward no. 35 under Medininagar Municipal Corporation	702660	14100	5000	तीन माह
17	Deatailed Estimate for Construction of New P.C.C. Over Old P.C.C From from Kashyam mohalla, mahavir temple to giriwar saw house in ward no. 35 unde Medininagar Municipal Corporation	704640	14100	5000	तीन माह
18	Construction of PCC Road from Nikunj kumar pal house to old PCC road via vinod kumar house in ward 33 Under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar.	447400	9000	1000	तीन माह
19	Construction of PCC Road and Hume pipe drain From rajan Singh house to Culvert near Housing colony ground in ward no. 03 Under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar.	333630	6700	1000	तीन माह
20	Construction of PCC Road From Akhilesh singh house to Near Rahul singh house in ward no. 10 Under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar.	998550	20000	5000	तीन माह
21	Construction of PCC Road From Anand singh house to near Altu saw boundary in ward no. 19 Under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar.	985130	20000	5000	तीन माह
22	Construction of PCC Road From Dr.Riddhi house to Niraj ji house ward no 10 and Bittu Thakur house to Main road ward no 02 Under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar.	970190	19500	5000	तीन माह
23	Paver block work with street light and Rcc bench near Irrigation chowk in ward no. 8 under Medininagar Municipal Corporation	970010	19500	5000	तीन माह
24	Construction of PCC Road From Azaz house to Mr bhai house (130'), from sarwar house to kadar sahab house (200'), from Guddu house to mansoor house(105') and from Ala academy house to Mansoor house(145') in ward no. 26 Under Medininagar Municipal Corporation	810040	16300	5000	तीन माह
25	Detailed estimate for Laying of Paver Block From main road to Sachchidanand dubey house, from Saryu ram house to Kamesh Paswan house and from Vinod Ram house to Gupta ji house in ward no. 08 under Medininagar Municipal Corporation	966450	19400	5000	तीन माह
	नागरिक सुविधा नाली निर्माण				
26	Construction of (i) Drain from Shivaji Maidan to Girwar School Gate (ii) laying of 600 mm dia Hume Pipe near Girwar School in ward no. 22 Under Medininagar Municipal Corporation.	923070	18500	5000	तीन माह
27	Detailed Estimate for Construction of Drain From jagjiwan dubey house to dhananjay dubey house (Part) And Laying of Paver block from Jagjiwan dubey house to Dhananjay Dubey hous in ward 17 Under Medininagar Municipal Corporation	998200	20000	5000	तीन माह
28	Detailed Estimate for Repair of drain, Laying of Paver block and Hume Pipe in front of Judge colony in ward no. 24 Under Medininagar Municipal Corporation	366390	7400	1000	तीन माह
29	Repair of Dashgatra shed in ward 20 under Medininagar Municipal	393300	7900	1000	तीन माह
30	Construction of Drain From Bittu Thakur house to Main road ward no 02 Under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar.	393300	7900	1000	तीन माह
31	Construction of (i)300 mm Hume pipe drain from Vishwanath Ram house to Kanti devi house and near Narmada Pandey house (ii) 450mm hume pipe near bigan mistri house (iii) laying of paver block from pankaj house to main road via shukla ji house (iv) drain ftom rajkumari devi house to bigan mistri house (v) PCC over old PCC from vishwakarma niwas to parmehswar paney house and from mulayam singh house to ajay sinha house (vi) culvert near narmada pandey house under (vi) PCC Road Near Omprakash house ward 04 Under Medininagar Municipal Corporation	998510	20000	5000	तीन माह
32	Repair of Dashgatra shed in ward 18 under Medininagar Municipal	589550	11800	5000	तीन माह
33	Detailed estimate for construction of coundry wall and gate at zonal office in ward 18 Under Medininagar Municipal corporation	580530	11700	5000	तीन माह
34	Detailed estimate for construction of boundary wall and gate near shiv chabutra at jharna tola in ward 18 Under Medininagar Municipal corporation	557920	11200	5000	तीन माह
35	Beautification work near pasupalan office at road side in ward 18 under Medininagar Municipal Corporation	987360	20000	5000	तीन माह
36	Construction of drain from Ahmad Hawari house to Garhwa road in ward no. 31 under Medininagar Municipal Corporation	867540	17400	5000	तीन माह
37	Detailed Estimate for Construction of RCC drain from Bhim paswan house to lallan paswan house in ward no. 08 under Medininagar Municipal corporation	272540	5500	1000	तीन माह
38	Construction of Drain from Krishna Murari Sharma House to Bablu Gupta house in ward no. 15 Under Medininagar Municipal Corporation.	998770	20000	5000	तीन माह
39	Construction of Drain from Maiya Babu hospital to Puranchandra Chowk in ward no. 34 Under Medininagar Municipal Corporation.	496620	9950	1000	तीन माह
40	Construction of Drain from Niranjan Sharma House to Sai Pathology and Culvert near Devi mandir ward 12, Pcc Near OM prakash house,PCC Road near Vickey kumar house, ranjit Kumar House and Raghvendra singh house Under Medininagar Municipal Corporation.	996510	20000	5000	तीन माह
41	Estimate for Repair of Drain from Kamlesh singh to Aluminium Factory in ward no. 25 Under Medininagar Municipal Corporation.	997340	20000	5000	तीन माह
42	Repair of Drain from R.K sinha house to A.K Pandey house Under Medininagar Municipal Corporation.	988230	20000	5000	तीन माह
43	laying of GI Pipe from Ranchi road Akash Dharam Kanta to Kashinagar Path via Semartola in Ward no. 18 under Medininagar Municipal corporation	999188	20000	5000	तीन माह
44	Detailed Estimate for Construction of Drain from Vishvakarma gerrage to post office Chowk in ward no 22 Under Medininagar Municipal Corporation.	696740	14000	5000	तीन माह
45	Detailed Estimate for Repair of drain from Post office chowk to Late bhola prasad house and opposite singhaniya house and drain in front of gautam sen house in ward no. 22 under Medininagar Municipal Corporation.	699328	14000	5000	तीन माह
46	Repair of Drain from ADB bank to Jitendra Singh and Brajesh singh house to Dr. Vishwanath ojha in ward no. 13 Under Medininagar Municipal Corporation.	983920	20000	5000	तीन माह
47	Construction of Drain from Near upadhyay ji house to Railway colony in ward no. 16 Under Medininagar Municipal Corporation.	488390	9800	1000	तीन माह
48	Construction of 200mm x 165mm x 212 M Deep High Yield Drilled Tube well in Residence campus of Deputy Commission, palamu in ward no. 24 Under Medininagar Municipal Corporation.	259270	5200	1000	तीन माह
49	Detailed Estimate for Construction of Drain From baba sound house to kapil prasad kamalapuri house in ward 35 Under Medininagar Municipal Corporation	633910	12700	5000	तीन माह
50	Detailed Estimate for Construction of Drain bhuneshwar saw house to hospital chowk in ward 35 Under Medininagar Municipal Corporation	641800	12900	5000	तीन माह
51	Detailed Estimate for Construction of Drain From Munni saw house to Mahavir temple in ward 35 Under Medininagar Municipal Corporation	637080	12800	5000	तीन माह
52	Detailed Estimate for Repair of Drain from Vikash Kumar house to Manish Singh house in ward no. 12 Under Medininagar Municipal Corporation	980920	19700	5000	तीन माह
53	Detailed Estimate for Construction of Drain from Late Amarnath Tiwari house to santosh pandey in ward 23 Under Medininagar Municipal Corporation.	807630	16200	5000	तीन माह
54	Detailed Estimate for Construction of Drain from R P singh clinic to Fishery Pond in ward 23 Under Medininagar Municipal Corporation.	662410	13300	5000	तीन माह
55	Supply and Installation of Pole light from DC Residence to Tinkoniya Garage in ward no. 23 under Medininagar Municipal Corporation	994950	19900	5000	तीन माह
56	Supply and Installation of Pole light from near Tinkoniya Garage to Subhash Chowk in ward no. 22 & 23 under Medininagar Municipal Corporation	994950	19900	5000	तीन माह

ह0/– नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR.NO.302647 Palamu(23-24):D

झारखंड की राजनीति

झारखंड की राजनीति परवान चढ़ने लगी है। जब से बाबूलाल मरांडी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने हैं,कयासों के बादलों का बरसना जारी है। सभी दल और दलदल आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मगजमारी में जुट गये हैं। नयी उर्जा से लबरेज पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने पार्टी नेताओं, कार्यकताओं को बूथ सशक्तिकरण में जोर शोर से लगने का मंत्र दिया है। अब सवाल उठता है कि बाबूलाल मरांडी में पहले वाली उर्जा बची है या नहीं। यह आने वाला समय बतायेगा। लेकिन सच यही है कि भाजपा मरांडी के माध्यम से वर्तमान सरकार के कामकाज की समीक्षा जनता की अदालत में कराने का मन बना चुकी है। राजनीति पंडितों की बात मानी जाये तो मरांडी वर्तमान सरकार की विफलता को जनता तक पहुंचाने के लिए खाका तैयार कर लिये हैं। अब उसी के माध्यम से वह लोकसभा चुनाव की वैतरणी पार करना चाहते हैं। ऐसा दृष्य स्नेह मिलन समारोह में देखने को मिला। मरांडी ने मौके पर कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन पर जो भरोसा दिखाया है, उस पर वे सबों के सहयोग से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। पार्टी संगठन के कार्यों को सबों के सहयोग से पूरा करेंगे। अब हमारा पहला लक्ष्य है कि बूथ कमिटी के बचे हुए कार्यों को पूर्ण करें। बूथ जीतेंगे तो लोकसभा और विधानसभा चुनाव भी जीतेंगे। बाबूलाल मरांडी ने पार्टी कार्यकताओं से आग्रह करते कहा कि अत्याचार के खिलाफ वे हर प्रयास करें। इसकी पूरी छूट प्रदेश अध्यक्ष के रूप में वे उन्हें दे रहे हैं। इसका खासा असर दिखने लगा है। राज्य की भाजपा हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोल आक्रामक होती दिखाई पड़ रही है। यही कारण है कि उसे अपना खोया जनाधार पाने की उम्मीद बढ़ती दिखने लगी है। यही कारण है कि अपने- अपने क्षेत्रों में महाजन संपर्क अभियान की शुरूआत होती दिखलाई पड़ने लगी है। वह लोगों को यह बतला रही है कि देश में पहली बार द्रौपदी मुर्मू के रूप में पहली महिला आदिवासी महिला का चयन उसी ने किया है। केंद्र सरकार में 8 से अधिक आदिवासी मंत्री हैं। सब भाजपा की देन है। भाजपा का विजन गरीब, किसान, युवा, दलित, महिला, बुजुर्गों को आगे लाने का है। इस प्रचार माध्यम का असर दिखने लगा है। दूसरी तरफ विपक्ष की ओर से कोई सार्थक प्रयास होते नहीं दिख रहे हैं। ऐसी स्थिति में भाजपा के पलटवार विपक्ष को भी सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की जरूरत है। कारण भाजपा आने वाले दिनों में मरांडी के माध्यम से और आक्रामक होगी। इस बात से इंकार भी नहीं किया जा सकता है। हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि सरकार के कामों को जिस तरह से जनता के पास पहुंचाना चाहिए,वह नहीं पहुंच रहा है। इसके लिए सरकारी महकमें के साथ राज्य की विपक्षी दल कम दोषी नहीं हैं। बीजेपी के इस अभियान को हल्के में लेकर जेएमएम के साथ की पार्टियां एक बड़ी गलती दोहराने की तैयारी कर रही हैं। इस स्थिति में समय जाया न करते हुए राज्य की विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ जनता की अदालत में जाकर सरकार के कार्यों को बताये। तभी जाकर उसे जनता स्वीकार करेगी,अन्यथा परिणाम सामने है।

राजनीति पंडितों की बात मानी जाये तो मरांडी वर्तमान सरकार की विफलता को जनता तक पहुंचाने के लिए खाका तैयार कर लिये हैं। अब उसी के माध्यम से वह लोकसभा चुनाव की वैतरणी पार करना चाहते हैं। ऐसा दृष्य स्नेह मिलन समारोह में देखने को मिला।

बिखरने की विवशता भोगती विपक्षी एकता

ललित गर्ग

जब-जब विपक्षी दलों की एकता की बात जितनी तीव्रता से हुई, तब-तब वह अधिक बिखरी। विपक्षी दलों की पटना की बैठक से लेकर बैंगलोर बैठक के बीच काफी कुछ बदल चुका है। विपक्षी एकता से पहले ही बिखराव एवं टूटन के स्वर ज्यादा उभरे हैं। भले ही पटना की बैठक में शामिल 16-17 दलों की संख्या बेंगलुरु में 26 हो रही हैं। लेकिन अभी हाल तक जो नेता विपक्षी एकता की पैरवी कर रहे थे या फिर भाजपा से दूरी बनाये थे, उनमें से कुछ पाला बदल चुके हैं। इनमें प्रमुख हैं जीतनराम मांझी और ओमप्रकाश राजभर। महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी राकांपा में विभाजन हो चुका है और विपक्षी एकता के सबसे बड़े पैरोकार नीतीश कुमार अपने दल में टूट की आशंका से ग्रस्त दिखने लगे हैं। आने वाले दिनों में ऐसे नेताओं की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि भाजपा भी अपने नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को विस्तार देने के लिए प्रयासरत है। मूल प्रश्न है कि विपक्षी एकता मोदी हटाओ के अलावा क्या कोई सकारात्मक एजेंडा लेकर सामने आ रही है, ऐसा लगता नहीं। समूचे राष्ट्र की जनता विपक्षी एकता की राजनीति को गंभीरता से देख रही है, बिना बुनियादी मुद्दों की चर्चा के ऐसी विपक्षी एकता कोई निर्णायक एवं प्रभावी होगी, इसमें संदेह है। कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी एकदूसरे के विरोध के बावजूद अब यदि एक मंच पर आने को सहमत हुए है तो यह स्पष्टतः सत्ता एवं स्वार्थ की राजनीति है। प्रश्न यह भी है कि क्या अब आम आदमी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में कांग्रेस पर अपने तीखे राजनीतिक हमले करने बंद कर देगी? इसी तरह एक प्रश्न यह भी है कि क्या बंगाल में कांग्रेस के नेता ममता बनर्जी के प्रति नरमी बरतने को तैयार होंगे? कांग्रेस को यह पहेली भी सुलझानी होगी कि क्या वह बंगाल में वाम दलों के साथ रहने और केरल में उनके विरोध में खड़े होने की अपनी विचित्र नीति पर चलती रहेगी? वास्तव में ये वे प्रश्न हैं, जो विपक्ष में व्याप्त अंतर्विरोध को ही दर्शाते हैं। हालांकि ये जो नये दल बेंगलुरु में विपक्षी एकता को बल देने के लिए पहुंच रहे हैं, वे मुख्यतः दक्षिण भारत में सीमित असर रखने वाले ही हैं, लेकिन विपक्ष के पास यह दावा करने का अवसर तो होगा ही कि अब उसके साथ कहीं अधिक दल हैं। इसके बाद भी यह कहना कठिन है कि अगले आम चुनाव तक वे सभी एकजुट रह पाएंगे, क्योंकि उनमें से अधिकांश दलों में इसे लेकर मंथन जारी है कि किस पाले में खड़े होने से लाभ होगा। भारतीय राजनीति की नाटकीय परंपरा में विपक्ष की भूमिका अद्भुत एवं महत्वपूर्ण होते हुए लगातार निस्तेज हुई है, इससे लोकतंत्र भी कमजोर हुआ है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण मानी गयी है, वह राष्ट्रीय मंच पर छाया रहता है। लेकिन हमारा विपक्ष जरूरी जिम्मेदारियों से मुंह फेरते हुए मात्र राजसत्ता का भोग करने के लिये लालायित रहता है। जबकि विपक्ष को तीव्र आलोचना, आन्दोलन एवं विरोध के देश-निर्माण में भागीदारी निभानी चाहिए। विपक्ष निष्काम सेवा में विश्वास रखने वाला होना चाहिए। जैसाकि भगवद्गीता में कहा गया है- हमारा अधिकार सिर्फ अपने कर्म पर है, उसके परिणाम पर हमारा कोई अधिकार नहीं है। विपक्ष दल कहां कर्म कर रहा है? राजनीतिक दलों ने 2024 के आम चुनावों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हटाने की ठान ली है। विपक्ष में होड़ मची है। क्योंकि एक दशक से विपक्षी नेताओं ने सत्ता-सुख नहीं भोगा है। इक्कीसवीं शताब्दी की भारतीय राजनीति आमूल-चूल बदल चुकी है। अब कोई भी सरकार जनाकांक्षाओं की अनदेखी नहीं कर सकती, फिर सत्ता की लालसा रखने वाला विपक्ष जनाकांक्षाओं की बजाय केवल सत्ता प्राप्ति की आकांक्षा से कैसे सफलता प्राप्त कर सकता है। इस दौर में तटस्थता विपक्ष की सबसे बड़ी योग्यता होनी अपेक्षित है। साथ ही वह भी कि कितने लोगों को साथ लेकर चल सकता है। माई-बाप संस्कृति में रची-बसी देश की जनता नहीं जानती कि राष्ट्र प्रमुख होने का मतलब राष्ट्रीय मंच पर छाये रहना नहीं बल्कि देश के हित के लिए काम करना है। भगवद्गीता में कहा गया है कि सच्चा नेता वह है जो किसी मोह में पड़े बिना अपना काम करता रहे। उसके लिए कुछ भी व्यक्तिगत नहीं होता। लेकिन आज का विपक्ष तो सत्ता-मोह में उलझा है। विपक्षी एकता तभी सार्थक एवं सफल होगी जब उनमें समझ और समझौता की मानसिकता हो। समझौते में शर्तें व दवाब होते हैं जबकि समझ नैसर्गिक होती है। इन्हीं दो स्थितियों में विपक्षी एकता संभव है। बैंगलोर में 26 परस्पर असमान विचारों वाले ग्रुपों के साथ न्यूनतम कार्यक्रमों के समझौते के आधार पर विपक्षी दल एकजूट होने के लिये जुट रहे हैं। हर स्तर पर एक समझौता होता है, नीतिगत और व्यवस्थागत। राजनीति तो चलती ही समझौतों के आधार पर है। जहां भी समझौता नहीं, वहां अशांति और असंतुलन/ बिखराव हो जाते हैं। लेकिन जो एक सोचता है वैसा ही दूसरा सोचे, ऐसा राजनीति में कहां संभव है। समझौते के आधार पर कई बार अधिकारों को लेकर, विचारों को लेकर, नीति को लेकर फर्क आ जाता है, टकराव की स्थिति आ जाती है। समझौता मौलिक नहीं होता, कई तानों-बानों से बनता है। इसमें मिश्रण भी है। माप-तौल भी है। ऊँचाई-नीचाई भी है और प्रायः मजबूरी व दवाब भी सतह पर ही दिखाई देते रहते हैं। लगभग यही स्थिति विपक्षी एकता में बार-बार देखने को मिल रही है। जरूरत है समझौते से ज्यादा समझ को विकसित किया जाये। क्योंकि समझ प्राकृतिक है। समझौता मनुष्य निर्मित है। समझ निर्बाध जनपथ है। समझौता कंटीला मार्ग है, जहां प्रतिक्षण सजग रहना होता है। समझ स्वयं पैदा होती है। समझौता पैदा किया जाता है। पर जहां-कहीं समझ का वरदान प्राप्त नहीं है वहां समझौता ही एकमात्र विकल्प है। प्रजातंत्र में प्रदत्त अधिकारों की परिधि ने समझ की नैसर्गिकता को धुंधला दिया है।

लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण मानी गयी है, वह राष्ट्रीय मंच पर छाया रहता है। लेकिन हमारा विपक्ष जरूरी जिम्मेदारियों से मुंह फेरते हुए मात्र राजसत्ता का भोग करने के लिये लालायित रहता है।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आईये सुने अश्वत्थामा की कथा

उसी समय अर्जुन ने भी ब्रम्हास्त्र चला दिया ऋषि मुनियों के समझाने के बाद अर्जुन ने तो अपना ब्रम्हास्त्र वापस ले लिया लेकिन अश्वत्थामा को ब्रम्हास्त्र वापस लेना नहीं आता था तो उसने ब्रम्हास्त्र अभिमन्यु की विधवा की कोख में पल रहे बच्चे को मारने के लिए चला दिया। उससे उसकी जान चली गयी। उसके बाद भगवान कृष्ण ने उसे श्राप दिया की वो 6000 सालों तक बेसहारा बनकर घूमेगा उसे कोई भोजन नहीं देगा और उसके सर से वो मणि ले ली। सूत्रों से पता चलता है कि अश्वत्थामा की आज भी मध्यप्रदेश के कई जंगलो में होने की और देखे जाने की खबर की पुष्टि की गयी है। वह उत्तराखंड में ही देखे जा चुके है। अश्वत्थामा के होने का पता कुछ ऐसे चलता है कि जंगलों में अश्वत्थामा अपने सर से निकलते हुए खून और दर्द के कारण चिल्लाते है। कहते है कि अश्वत्थामा आज भी मध्यप्रदेश के बुरहानपुर में उतावली नदी में स्नानकर के शिव मंदिर में पूजा करते है। वहीं पास में एक पहाड़ों के बीच एक तालाब भी है जो कि कभी सूखता नहीं फिर चाहे कितनी भी गर्मी क्यू न हो।

(समाप्त)

आइये सुने कथा आचार्य चाणक्य

आचार्य चाणक्य को ही कौटिल्य, विष्णु गुप्त और वात्सायन कहते हैं। उनका जीवन बहुत ही कठिन और रहस्यों से भरा हुआ है। आओ जानते हैं उनके जीवन की संक्षिप्त कहानी। मगध के सीमावर्ती नगर में एक साधारण ब्राह्मण आचार्य चणक रहते थे। चणक मगध के राजा से असंतुष्ण थे। चणक किसी भी तरह महामात्य के पद पर पहुंचकर राज्य को विदेशी आक्रांताओं से बचाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने अपने मित्र अमात्य शकटार से मंत्रणा कर धनानंद को उखाड़ फेंकने की योजना बनाई।

(क्रमशः)

सबसे पहले दिल्ली स्मार्ट होती!

ऋतुपर्ण दवे

देशवासियो ने एक सपना देखा था, बल्कि कहें कि दिखाया गया था। एक स्मार्ट सिटी होगी। उसमें सब कुछ स्मार्ट होगा। बहुत बड़ी कार्य योजना प्रस्तुत की गई। 25 जून 2015 को केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने स्मार्ट सिटीज मिशन का आगाज किया। यह 100 शहरों के बुनियादी ढांचों में सुधार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देनी की मुहिम थी। यह शहर थे- पोर्टब्लेयर, विशाखापत्तनम, तिरुपति, काकीनाडा, अमरावती, पासीघाट, गुवाहाटी, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बिहारशरीफ, पटना, चंडीगढ़, रायपुर, बिलासपुर, नया रायपुर, दीव दादरा और नगर हवेली, सिल्वासा, नई दिल्ली नगर परिषद, पणजी, गांधीनगर, अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, राजकोट, दाहोद, करनाल, फरीदाबाद, धर्मशाला, शिमला, श्रीनगर, जम्मू, रांची, मंगलुरु, बेलगावी, शिवमोगा, हुबली धारवाड़, तुमकुरु, दावणगेरे, बेंगलुरु, कोच्चि, तिरुवनंतपुरम, कवरत्ती, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, सतना, उज्जैन, नासिक, थाइन, ग्रेटर मुंबई, अमरावती, सोलापुर, नागपुर, कल्याण-डोम्बीवली, औरंगाबाद, पुणे, पिंपरी चिंचवाड़, इंफाल, शिलांग, आइजोल, कोहिमा, भुवनेश्वर, राउरकेला, औल्गरेट, लुधियाना, जालंधर, अमृतसर, जयपुर, उदयपुर, कोटा, अजमेर, नामचि, गंगटोक, तिरुचिरापल्ली, तिरुनेलवेली, डिंडीगुल, तंजावुरी, तिरुपूर, सलेम, वेल्लोर, कोयंबटूर, मदुरै, खत्म, तूतुकुड़ी, चेन्नई, ग्रेटर हैदराबाद, ग्रेटर वारंगल, करीमनगर, अगरतला, मुरादाबाद, अलीगढ़, सहारनपुर, बरेली, झांसी, कानपुर, प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी, गाजियाबाद, आगरा, रामपुर और देहरादून। स्मार्ट शहरों पर सूचना एवं डिजिटल टेक्नालॉजी की सार्वजनिक व निजी भागीदारी के जरिये शहरों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से टिकाऊ और समावेशी विकास पर फोकस किया गया। मिशन को ऐसा उदाहरण बनाने का लक्ष्य भी रखा गया कि ऐसी सिटी के अन्दर और बाहर की व्यवस्थाओं काअनुसरण हो ताकि नागरिकों की सबसे अहम जरूरतों एवं जीवन में सुधार करने के लिए बड़े से बड़े अवसरों को सृजित किया जा सके। मिशन के लिए 7,20, 0000 करोड़ रुपये की फंडिंग भी की गई। इसमें कृत्रिम बुद्धि के तहत आईसीटी का परिचय, आईटी कनेक्टिविटी, डिजिटलीकरण तो ई-गवर्नेंस के तहत ई-पंचायत, ई-चौपाल इसी तरह बुनियादी ढांचे के तहत अच्छे और साफ पानी की आपूर्ति, सभी के लिए बिजली, उचित स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, शहरी गतिशीलता, पर्याप्त सार्वजनिक परिवहन, आवास जैसी किफायती जीवन स्थितियां और सतत पर्यावरण जैसे जरूरी विषयों को शामिल किया गया। योजना को लागू हुए नौ बरस हो चुके हैं। सपने और हकीकत का अंतर भी साफ झलकने लगा है। हाल की बारिश ने जिस तरह से बड़े से बड़े शहरों की पोल खोलकर रख दी है उससे तो यही लगता है कि इन्फ्रॉस्ट्रक्चर के मामले में हमारी बुनियाद ही बहुत कमजोर है। केवल दिल्ली को ही एक आदर्श के रूप में रखें तो भी डर लगता है। राष्ट्रीय राजधानी का जो मंजर बीते सप्ताह बल्कि पखवाड़े में दिखा तो उसने हर किसी को डरा कर रख दिया। 41 वर्षों में महज 24 घंटों में ही 200 मिलीमीटर बारिश का नया रिकॉर्ड तो बना लेकिन अव्यवस्थाओं की इतनी सारी पोल खुली जिसने पूरे देश को झकझोर दिया। राष्ट्रीय राजधानी के मुख्य स्थानों इंडिया गेट के आसपास की सड़कों के मंजर से रूह कांप गई। जगह-जगह जलभराव की वो स्थिति बनी कि न जाने कितने लोग इससे जूझे और कितने घायल हुए, इसका सही आंकड़ा तक नहीं है।

स्मार्ट शहरों पर सूचना एवं डिजिटल टेक्नालॉजी की सार्वजनिक व निजी भागीदारी के जरिये शहरों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से टिकाऊ और समावेशी विकास पर फोकस किया गया।

स्मार्ट सिटी

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से

भाजपा का बैकवर्ड कार्ड : सवर्णों के नाराजगी का भी खतरा

यशोदा श्रीवास्तव

बैकवर्ड कार्ड के जरिये भाजपा 2024 की जो राजनीतिक बिसात बिछा रही है उससे सवर्णों के नाराजगी का भी खतरा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में बैकवर्ड राजनीति के दो चेहरे ओम प्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान फिर भाजपा में दाखिल हो गये हैं। इनका खूब महिमा मंडन भी हो रहा है। दोनों की पहचान इनके क्षेत्रों में आया राम गया राम की ही है। ओम प्रकाश राजभर ने जैसा कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय से फोन आया और वे भाजपा में शामिल हो गये। यह अचरज की बात है कि भाजपा की ऐसी क्या मजबूरी थी कि उसे उस राजभर को पार्टी में वापस बुलाना पड़ा जो मोदी और शाह को वापस गुजरात भेज देने की धमकी देता रहा। सवर्णों के समर्थन से राजनीति के उच्चतम मुकाम पर पहुंची भाजपा खुद की पहचान अब बैकवर्ड पार्टी के रूप बनाना चाह रही है। यही वजह है कि राजनीति में जरा भी असर रखने वाले किसी भी बैकवर्ड नेता को भाजपा अंगीकार करने में जरा भी देर नहीं कर रही। वह चाहे राजभर हो या चौहान! ओम प्रकाश राजभर दर असल स्वयं को पूर्वांचल के जिलों में राजभर जातियों के नेता के रूप में प्रस्तुत करते हैं और उनका दावा इन जातियों में अंदर तक पकड़ का है। यह अलग बात है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में गाजीपुर के जहूराबाद विधानसभा क्षेत्र से वे बड़ी मुश्किल से जीत पाये थे जबकि राजभर बाहुल्य जनपद बलिया से उनके पुत्र अरविंद राजभर को हार जाना पड़ा था। सपा के साथ आने के पहले ओम प्रकाश राजभर भाजपा के सहयोगी दल थे। ये कैबिनेट मंत्री थे और इनके पुत्र अरबिंद दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री थे। ओम प्रकाश राजभर के भाजपा में जाने की अटकलें पिछले कई महीनों से लगाई जा रही थी। इस बार चर्चा है कि ये योगी मंत्रिमंडल में फिर कैबिनेट मंत्री बनेंगे जबकि इनका एक पुत्र गाजी पुर से लोकसभा का प्रत्याशी होगा और दूसरा राज्य सभा में जायेगा। ओम प्रकाश राजभर की राजनीति दरअसल अलग पूर्वांचल की मांग से शुरू हुआ था। अपनी पार्टी सुभासपा के बैनर तले उन्होंने बड़ा आंदोलन भी किया था। पूर्वांचल के जिला मऊ के निवासी और इसी जिले के घोसी लोकसभा क्षेत्र से सांसद और केंद्र में मंत्री रहे स्व.कल्पनाथ राय का सपना अलग पूर्वांचल राज्य का था। वे जीवन पर्यन्त पूर्वांचल राज्य के लिए आंदोलन करते रहे। उन्होंने इस मांग को लेकर कई जिलों तक पद यात्राएं भी की थी। कल्पनाथ राय के आंदोलन और पद यात्राओं का उन्हें भारी जन समर्थन मिला। इससे एक बात साफ थी कि पूर्वांचल के लोग अलग पूर्वांचल राज्य के पक्षधर हैं। कल्पनाथ राय की मृत्यु के बाद ओम प्रकाश राजभर ने इस आंदोलन को आगे बढ़ाया। पूर्वांचल राज्य के आंदोलन के बीच वे राजभर बिरादरी में पैठ बनाने लगे और देखते देखते अपनी बिरादरी के नेता हो गये लेकिन इतने बड़े भी नहीं कि राजभर बिरादरी के लोग इन पर फिदा हो जांय। अब सुभासपा के फिर से भाजपा के साथ जाने पर सवाल यह है कि अब्बास अंसारी का क्या होगा? अब्बास अंसारी मऊ विधानसभा क्षेत्र से ओमप्रकाश राजभर की पार्टी से ही चुनाव जीते हैं। वह अभी जेल में हैं। मऊ सीट से अब्बास अंसारी के पिता मुख्तार अंसारी बसपा से विधायक थे। सपा छोड़ फिर भाजपा में गये दारा सिंह चौहान की भी कहानी कुछ कुछ ऐसे ही है। दारा सिंह चौहान के राजनीतिक पैंतरे बाजी को देखें तो आया राम गया राम की कहानी उन पर भी फिट बैठती है। दारा सिंह मूल रूप से आजमगढ़ के रहने वाले जहां उन्होंने एक डिग्री कॉलेज से छात्र राजनीति की शुरूआत की।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में बैकवर्ड राजनीति के दो चेहरे ओम प्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान फिर भाजपा में दाखिल हो गये हैं। इनका खूब महिमा मंडन भी हो रहा है।

राजनीति

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

हॉस्पिटल मैनेजमेंट का कोर्स कर सपनों को दें नई उड़ान

कोरोना काल के बाद लोगों में हेल्थ को लेकर जागरुकता बढ़ी है। वहीं इस मुश्किल दौर में डॉक्टर और नर्सों ने अपने स्वास्थ्य की परवाह किए बगैर लोगों की सेवा की है। बता दें कि हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स कर आप अपने करियर को नई उड़ान दे सकते हैं। हेल्थ केयर सेक्टर में करियर बनाने का सपना देखने वाले युवाओं के लिए हॉस्पिटल मैनेजमेंट का सेक्टर काफी शानदार है। वहीं इस क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं हैं। कोरोना काल के बाद लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ी है। कोरोनाकाल में हेल्थ सेक्टर जीवनदाता बन लोगों की सेवा करते नजर आए। इस सेक्टर में कई तरह के कोर्स हैं। उनमें से आप हॉस्पिटल मैनेजमेंट या हेल्थ केयर मैनेजमेंट भी एक बेहतरीन ऑप्शन है।

हॉस्पिटल मैनेजमेंट

बता दें कि हॉस्पिटल मैनेजमेंट का कोर्स हेल्थ केयर एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के तहत आता है। हेल्थकेयर सेक्टर से जुड़े प्रोफेशनल्स का मानना है कि हेल्थ से संबंधित सर्विसेस के विस्तार में हॉस्पिटल मैनेजमेंट में काम बढ़ गया है। हेल्थकेयर सेक्टर में सभी व्यवस्थाओं को सुनियोजित ढंग से करने और उन पर पैनी नजर बनाए रखना होता है। इस दौरान मरीजों को बेहतरीन इलाज मिलने के साथ ही कुशल तंत्र के प्रयास करने होते हैं। इस सेक्टर में आधुनिक उपकरणों और नई तकनीकी व्यवस्था को बनाए रखना आदि हॉस्पिटल मैनेजमेंट के दायरे में आता है। इसके अलावा यदि कोई हादसा होता है तो इसकी जिम्मेदारी भी प्रोफेशनल्स की होती है।

अहम होता है यह सेक्टर

हॉस्पिटल मैनेजमेंट के तहत कैंटीन से लकर लिफ्ट तक के कार्यभार की जिम्मेदारी भी इसी कोर्स में आती है। एक सर्वे के अनुसान, भारत में साल 2025 तक 10 लाख से ज्यादा हॉस्पिटल मैनेजर्स की जरूरत पड़ेगी।

कोर्स

ग्रेजुएशन इन हॉस्पिटल मैनेजमेंट
सर्टिफिकेट कोर्स इन हेलथ केयर क्वालिटी मैनेजमेंट
पोस्ट ग्रेजुएशन इन हॉस्पिटल मैनेजमेंट
पीजी डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिसिन
पीजी डिप्लोमा इन हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन
एमबीए इन हॉस्पिटल मैनेजमेंट

इतने साल का है कोर्स

बैचलर कोर्स- 12वीं कक्षा में साइंस 50 प्रतिशत अंको के साथ
पीजी कोर्स- ग्रेजुएशन इन हॉस्पिटल मैनेजमेंट
एमफिल या पीएचडी- पीडी हास्पिटल मैनेजमेंट

कहां से करें कोर्स

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल वेलफेयर एंड मैनेजमेंट- कोलकाता
अपोलो इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन- हैदराबाद
टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसेज- मुंबई
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय- इंदौर
आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज- पुणे
एम्स- नई दिल्ली

जॉब के अवसर

हमारे देश में सरकारी के साथ ही प्राइवेट दोनों क्षेत्रों में नौकरी के काफी चांसेज हैं। इस कोर्स के माध्यम से आप हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी, अस्पताल के क्षेत्र में, इंटरनेशनल और डोमेस्टिक हेल्थ केयर इंस्टीट्यूट और नर्सिंग होम में नौकरी के अवसर पा सकते हैं। इस कोर्स को करने के बाद आप फोर्टिस, टाटा, डंकन, विप्रो, अपोलो अस्पताल, वाक हार्ट, मैक्स, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, फोर्टिस हेल्थ केयर लिमिटेड और अपोलो हेल्थ केयर जैसी बड़ी कंपनियों में नौकरी के लिए अप्लाई कर सकते हैं। इन बड़ी-बड़ी कंपनियों में असिस्टेंट हॉस्पिटल मैनेजर के पद से करियर की शुरूआत होती है। साथ ही आपको लाखों का पैकेज ऑफर होता है।

❖ अनन्या मिश्रा

राजस्थान में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर मांगे गए आवेदन...

राजस्थान के युवाओं के लिए एक बड़ी खबर निकलकर सामने आई है। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने असिस्टेंट प्रोफेसर के कई पदों पर वैकेंसी निकाली है। इन पदों पर 25 जुलाई 2023 तक आवेदन कर सकते हैं। राजस्थान में सरकारी नौकरी की चाह रखने वाले युवाओं के लिए अच्छी खबर सामने आयी है। बता दें कि RPSC यानी की राजस्थान लोक सेवा आयोग ने असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर वैकेंसी निकाली है। RPSC ने अलग-अलग सब्जेक्ट पर कुल 1913 पदों पर वैकेंसी निकाली है।

आवेदन के इच्छुक उम्मीदवार RPSC की ऑफिशियल वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। वहीं आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की उम्र 21 से 40 साल के बीच होनी चाहिए। वहीं 25 जुलाई आवेदन की लास्ट डेट है।

वैकेंसी डिटेल्स

बॉटनी- 70 पद
केमेस्ट्री- 81 पद
मैथ- 53 पद
फिजिक्स- 60 पद
जूलॉजी- 64 पद
ए.बी.एस.टी- 86 पद
बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन- 71 पद
ई.ए.एफ.एम- 70 पद
जियोलॉजी- 6 पद
लॉ- 25 पद
इकोनॉमिक्स- 103 पद
इंग्लिश- 153 पद
जियोग्राफी- 150 पद
हिंदी- 214 पद
हिस्ट्री- 177 पद
सोशियोलॉजी- 80 पद
फिलॉसफी- 11 पद
पॉलिटिकल साइंस- 181 पद
पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन- 45 पद
संस्कृत- 76 पद
उर्दू- 24 पद
पंजाबी- 1 पद
लाइब्रेरी साइंस- 1 पद
साइकोलॉजी- 10 पद
राजस्थानी- 6 पद
सिंधी- 3 पद
नोलॉजी- 1 पद
गारमेंट प्रोडक्शन एंड एक्सपोर्ट मैनेजमेंट- 1 पद
मिलिट्री- 1 पद
आर्ट हिस्ट्री- 2 पद
म्यूज़ियोलॉजी- 2 पद
ड्राइंग और पेंटिंग- 35 पद
म्यूजिक- 18 पद
एप्लाइड आर्ट- 5 पद
पेंटिंग- 5 पद
मूर्तिकला- 4 पद
म्यूजिक तबला- 2 पद
एग्रीकल्चर- 16 पद

सैलरी : इन पदों पर जिन अभ्यर्थियों का सेलेक्शन होगा, उन उम्मीदवारों को हर महीने 60,700 से लेकर 1 लाख 92 हजार तक सैलरी दी जाएगी।

सेलेक्शन : 1913 पदों के लिए अभ्यर्थियों का सेलेक्शन रिटेन टेस्ट के आधार पर किया जाएगा। रिटेन टेस्ट में ऑब्जेक्टिव टाइप के सवाल पूछे जाएंगे। इस टेस्ट में पास होने वाले अभ्यर्थियों को इंटरव्यू प्रोसेस भी क्लियर करना होगा। फिर मेरिट के आधार पर पोस्टिंग दी जाएगी।

फीस : RPSC द्वारा निकली गई वैकेंसी में जनरल कैटेगरी और राजस्थान के क्रीमीलेयर श्रेणी के अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को 600 रुपए फॉर्म फीस देना होगा। वहीं नॉन क्रीमीलेयर श्रेणी के अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और दिव्यांग वर्ग के अभ्यर्थियों को 400 फीस देना होगा।

योग्यता : आवेदन के इच्छुक उम्मीदवारों के पास 55% के साथ एमए की डिग्री होनी चाहिए। इसके साथ ही UGC NET या CSIR NET क्लियर होना जरूरी है।

ऐसे करें आवेदन : सबसे पहले आवेदन के लिए ऑफिशियल वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर जाएं।
फिर होम पेज पर रिक्रूटमेंट टैब में जाएं।
भर्ती लिंक पर क्लिक करने के बाद रजिस्ट्रेशन करें और फिर लॉगिन करें।
अब मांगी हुई डिटेल्स भर फीस का भुगतान करें।
इसके बाद फॉर्म सबमिट कर दें।
आवेदन पत्र को डाउनलोड कर एप्लीकेशन की एक कॉपी अपने पास रख लें।

बहुआयामी विषय है अकाउंट्स

अकाउंट्स, कॉमर्स स्ट्रीम का महत्वपूर्ण विषय है, जो करियर के लिहाज से छात्रों को बेहतरीन संभावनाओं की ओर ले जाता है। बैंक से लेकर हर छोटी-बड़ी कंपनी को वित्तीय लेन-देन के हिसाब के लिए अकाउंट्स डिपार्टमेंट की जरूरत पड़ती है। एक वक्त था जब कॉमर्स खासतौर से अकाउंट्स से बारहवीं करनेवाले छात्र चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) एवं कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ते थे, लेकिन आज अकाउंट्स एक बहुआयामी विषय बन चुका है।

ऑडिटर : ऑडिटर वे प्रोफेशनल्स होते हैं, जो किसी कंपनी या व्यक्ति के फाइनेंस रिकॉर्ड तैयार कर समय-समय पर उनकी जांच करते हैं। क्लाइंट के सभी प्रकार के टैक्स का भुगतान सही समय पर हो, यह सुनिश्चित करना भी इनका काम है। एक ऑडिटर को कानून व विनियमों के तहत कंपनी के फाइनेंशियल स्टेटमेंट की जांच करने के लिए विभिन्न भूमिकाओं को निभाना पड़ता है। ऑडिटिंग एक विस्तृत क्षेत्र है। आज फाइनेंस, कंप्यूटर, फोरेंसिक जैसे विभिन्न क्षेत्रों में ऑडिटर की मांग बढ़ रही है।

आपके लिए है यह करियर : ऑडिटर बनने के लिए न्यूनतम योग्यता अकाउंटिंग में ग्रेजुएशन है। अकाउंटिंग में मास्टर व एमबीए की योग्यता आपके करियर को विस्तार देने में सहायक होगी। इस करियर को अपनाने के लिए आप ऑडिटिंग, अकाउंटिंग एवं ऑडिटिंग, टैक्सेशन, टैक्स एंड कंपनी लॉ में डिप्लोमा कोर्स भी कर सकते हैं।

टैली या कंप्यूटर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की जानकारी देनेवाले डिप्लोमा कोर्स आपके लिए नौकरी की संभावनाएं बढ़ायेंगे।

यहां मिलेंगे मौके : भारत में ऑडिटर के पास इंटरनल ऑडिटर, एक्सटर्नल ऑडिटर, गवर्नमेंट ऑडिटर, फॉरेंसिक ऑडिटर आदि बनने के मौके होते हैं। यह मौके मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, इंश्योरेंस व बैंकिंग सेक्टर, कॉरपोरेट, पब्लिक सेक्टर, एनजीओ आदि में मिलते हैं। इसके अलावा कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) परीक्षा विभिन्न सरकारी कार्यालयों में ऑडिटर बनने की राह खोलती है।

क्रेडिट एनालिस्ट : एक क्रेडिट एनालिस्ट मुख्य रूप से लोन के लिए आवेदन करनेवाली कंपनी या ग्राहक के फाइनेंशियल डेटा का विश्लेषण कर यह सुनिश्चित करता है कि ग्राहक उधार ली गयी धनराशि की भरपाई कर पायेगा या नहीं। कोई संस्थान या ग्राहक लोन क्यों लेना चाहता है, उसकी क्रेडिट वैलिडिटी क्या है, ग्राहक का भुगतान इतिहास कैसा है, जैसे मानदंडों का विश्लेषण करना क्रेडिट एनालिस्ट के वर्क प्रोफाइल में शामिल है। ये प्रोफेशनल्स अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

आपके लिए है यह करियर : अकाउंट्स, फाइनेंस या इससे संबंधित अन्य विषय जैसे-रेश्यो एनालिसिस, स्टेटिस्टिक्स, इकोनॉमिक्स, कैलकुलस, फाइनेंशियल स्टेटमेंट एनालिसिस और रिस्क असेसमेंट में स्नातक करनेवाले युवा क्रेडिट एनालिस्ट बनने की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। इन विषयों से स्नातक करने के बाद फाइनेंस में एमबीए करना एक लोकप्रिय विकल्प है।

यहां मिलेंगे मौके : आज बैंक से लेकर कॉरपोरेट सेक्टर तक में क्रेडिट एनालिस्ट के लिए बेहतरीन संभावनाएं हैं। पढ़ाई पूरी करने के बाद आपको जूनियर एनालिस्ट के रूप में करियर की शुरूआत करनी होगी। कुछ वर्षों के अनुभव के बाद आप अपनी पसंद की इंडस्ट्री, इंवेस्टमेंट बैंक, फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन, इंश्योरेंस कंपनी, सरकारी लोन विभागों, क्रेडिट रेटिंग एजेंसी, फिक्स्ड इनकम डोमेन, प्राइवेट इक्विटी फर्म आदि में क्रेडिट एनालिस्ट के पद पर अपनी जगह बना सकते हैं।

सूडोकु नवताल- 6765

★★★★☆ मध्यम

4	6		3		8	9		7
	1		9		6		5	4
						8		
	4		5				8	
2		5		4		6		1
	3				1		7	
		3						
5	9		7		2		6	
7		6	4		3		9	2

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6764 का हल

5	7	2	3	8	4	1	9	6
8	6	1	9	2	5	7	3	4
3	9	4	1	6	7	5	8	2
2	5	7	4	1	3	8	6	9
4	8	6	5	9	2	3	7	1
1	3	9	6	7	8	4	2	5
6	2	3	7	4	1	9	5	8
9	4	5	8	3	6	2	1	7
7	1	8	2	5	9	6	4	3

दैनिक पंचांग

19 जुलाई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कर्क में	कर्क	05.16 बजे से
चंद्र	कर्क में	सिंह	07.36 बजे से
मंगल	सिंह में	कन्या	09.48 बजे से
बुध	कर्क में	तुला	11.59 बजे से
गुरु	मेष में	वृश्चिक	14.13 ब.से
शुक्र	सिंह में	धनु	16.29 बजे से
शनि	कुंभ में	मकर	18.34 बजे से
राहु	मेष में	कुंभ	20.21 बजे से
केतु	तुला में	मीन	21.54 बजे से
राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक		मेष	23.24 बजे से
		वृष	01.04 बजे से
		मिथुन	03.02 बजे से

बुधवार 2023 वर्ष का 200 वां दिन
दिशाशूल उत्तर **ऋतु** वर्षा।
विक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास श्रावण **पक्ष** शुक्ल
तिथि द्वितीया 04.31 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** पुष्य 07.58 बजे को समाप्त। **योग** वज्र 10.25 बजे को समाप्त। **करण** बालव 15.20 बजे तदनन्तर कौलव 04.31 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 01.2 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 20° 56'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871679
जूलियन दिन 2460144.5
कलियुग संवत् 5123
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2549
हिजरी सन् 1444
महीना जिल्हेज **तारीख** 30
विशेष चंद्र दर्शन, डॉ. खूबचंद बघेल जयंती, इस्लामी नव वर्ष।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
लाभ	05.54 से	07.22 बजे तक	उद्वेग	05.41 से	07.12 बजे तक
अमृत	07.22 से	08.51 बजे तक	शुभ	07.12 से	08.44 बजे तक
काल	08.15 से	10.19 बजे तक	अमृत	08.44 से	10.16 बजे तक
शुभ	10.19 से	11.47 बजे तक	चर	10.16 से	11.47 बजे तक
रोग	11.47 से	01.16 बजे तक	रोग	11.47 से	01.19 बजे तक
उद्वेग	01.16 से	02.44 बजे तक	काल	01.19 से	02.51 बजे तक
चर	02.44 से	04.12 बजे तक	लाभ	02.51 से	04.23 बजे तक
लाभ	04.12 से	05.41 बजे तक	उद्वेग	04.23 से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली - 7827



बाएँ से दाएँ
1.जी,इच्छा,चित्त-2
2.तन,बदन,देह-3
4.अग्निदग्ध-2
6.रनिवास (उर्दू-3)
7.स्नान करना-3
8.विश्राम-3
9.राजा,सम्राट-3
10.वचन,प्रतिज्ञा-3
11.तरंग,हिलोर-3
13.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
14.सही का विलोम-3
15.सद्पुरुष-2
16.पाठ,शिक्षा-3
17.कर्ता,कार्य करने वाला-3
18.इज्जत,मान,सम्मान-3
19.सब कुछ छीन लेना-2
20.भवन,प्रासाद-3
21.वजह-3
23.खेल दिखाने वाला-2
24.पेन,लेखनी-3
25.ठाठ-बाट-2

ऊपर से नीचे
1.राय,वोट,अभिप्राय-2
2.लाज,लज्जा-2
3.500 कागजों की गड्डी -2
4.दुनिया,जगत-3
5.लेकर आना-2
6.अवैध,नाजायज-3
7.निगाह,दृष्टि-3
8.बैठने की जगह-3
9.आराम,मदद-3
10.कर्म,भाग्य-3
11.लगन,जिद,उत्साह-3
12.दांपत्य संबंध विच्छेद-3
14.जवान,तरुण-3
15.रिक्त जगह पूर्ण करना-3
16.दुर्बल का विलोम-3
17.वजह-3
18.पदचाप, किसी के आने की आवाज-3
19.रनिवास (उर्दू-3)
20.जी,इच्छा,चित्त-2
21.समयगति-2
22.देह,बदन-2

शब्द पहेली -7826 का हल

सा	ध		प	ना	ह		शा	न
त	र	ह		क	व	च		शा
	ती	र	थ		स	प	ना	
ध		म	का	न		ल	च	क
रा	ख		न	ज	र		ना	म
ना	र	द		ला	क	र		र
	ल	ह	र		म	वा	ली	
रा		न	क	ल		ना	प	ना
ज	रा		म	त	ली		ना	ना

आज का राशिफल

मेष राशि : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी।

वृष राशि : अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा।

मिथुन राशि : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

कर्क राशि : लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

सिंह राशि : दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

कन्या राशि : विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानियां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होंगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी।

तुला राशि : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

वृश्चिक राशि : आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

धनु राशि : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

मकर राशि : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

कुंभ राशि : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

मीन राशि : जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

विपक्ष की बैठक पर पीएम मोदी ने कहा, 'भ्रष्ट पार्टियों का गठबंधन'

एजेंसी। नई दिल्ली

बेंगलुरु में हो रही विपक्षी दलों की बैठक पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे वंशवाद को बढ़ावा देने वाला और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाला भ्रष्ट पार्टियों का गठबंधन करार दिया। मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पोर्ट ब्लेयर में वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल भवन का उद्घाटन करते हुए कहा, आज जो सभा हो रही है, वह केवल एक ही गारंटी दे सकती है, 20 लाख करोड़ रुपये के घोटालों की गारंटी। उन्होंने विपक्षी दलों की बैठक को 'कट्टर भ्रष्टाचार सम्मेलन' बताया और कहा कि वे वैसे नहीं हैं जैसे

वे बाहर से दिखते हैं। पीएम मोदी ने टिप्पणी की कि देश के लोग कहते हैं कि यह 'कट्टर भ्रष्टाचार सम्मेलन' है। इस बैठक की एक और खासियत यह है कि अगर कोई करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार में जमानत पर बाहर है, तो उन्हें बहुत सम्मान की नजर से देखा जाता है। अगर पूरा परिवार जमानत पर बाहर हैं, तो वे अधिक सम्मानित हैं, अगर कोई किसी समुदाय का अपमान करता है और अदालत उसे सजा देती है, तो वह सम्मानित होता है। "पश्चिम बंगाल, राजस्थान और तमिलनाडु सरकारों पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी दलों द्वारा शराब घोटाले और पेपर लीक जैसी कई अनियमितताओं के बावजूद, ये दल एक-दूसरे के अपराधों को कवर करते हैं और जब ईडी जैसी एजेंसियां उनकी जांच शुरू करती हैं, तो समान विचारधारा वाली पार्टियों के उनके सभी दोस्त उनका बचाव करने के लिए दौड़ पड़ते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हाल के पंचायत चुनावों के दौरान हुई हिंसा में कांग्रेस और वामपंथी जैसी पार्टियों ने अपने कार्यकर्ताओं को खो दिया, फिर भी उन्होंने अपने स्वयं के स्वयंसेवकों की मदद की गुहार पर ध्यान नहीं दिया, क्योंकि उन्हें अपनी राजनीतिक की अधिक चिंता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी विपक्षी दल, जो आज एक साथ आए हैं, उन्हें देश के विकास या युवाओं के कल्याण की चिंता नहीं है, बल्कि वे केवल अपने परिवार के हितों को आगे बढ़ाने के बारे में चिंतित हैं। पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, लोकतंत्र में, आदर्श वाक्य 'लोगों का, लोगों द्वारा और लोगों के लिए' है। लेकिन इन वंशवाद-संचालित पार्टियों के लिए आदर्श वाक्य 'परिवार के लिए, परिवार द्वारा और परिवार के लिए' है। उनके लिए 'परिवार पहले और राष्ट्र कुछ भी नहीं है।" पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि छोटे द्वीप देशों ने अपने लिए विकास का रास्ता चुना है और इसी तरह उन्हें विश्वास है कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह भी नए बुनियादी ढांचे के आने से विकास की ओर आगे बढ़ेंगे।

अर्जेंटीना से संबंधों को बढ़ावा देने और रक्षा सहयोग पर बनी सहमति

अर्जेंटीना 8675 करोड़ रुपये से खरीदेगा स्वदेशी तेजस मार्क-1 ए

एजेंसी। नई दिल्ली

चार दिनों की भारत यात्रा पर आये अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री जॉर्ज एनरिक तायाना के साथ मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने और रक्षा सहयोग को और ज्यादा मजबूत करने पर व्यावहारिक विचार-विमर्श किया। इससे पहले तायाना ने आज सुबह राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारत की चार दिवसीय यात्रा पर आए अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री जॉर्ज तायाना ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की

और शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी। तायाना चार दिनों की भारत यात्रा पर सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे थे। उन्होंने आज दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बातचीत की। अर्जेंटीनियाई रक्षा मंत्री के इस दौरे में भारत के साथ चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1 ए और एलसीएच प्रचंड के लिए 8675 करोड़ रुपये का सौदा होने की भी संभावना है। इसीलिए यात्रा के दौरान उनका बेंगलुरु जाने का भी कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति फर्नांडीज ने 24 जून, 2022 को जर्मनी के म्यूनिख में जी-7 शिखर सम्मेलन के मौके पर अपनी पहली द्विपक्षीय बैठक की थी। इसके बाद अर्जेंटीना ने 2022 में अपनी वायु सेना के लिए स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस में रुचि व्यक्त की थी।

श्रीलंका के राष्ट्रपति 21 जुलाई को आएंगे भारत

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे 21 जुलाई को आधिकारिक यात्रा पर भारत आएंगे। वर्तमान जिम्मेदारियां संभालने के बाद से यह राष्ट्रपति विक्रमसिंघे की पहली भारत यात्रा होगी। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति विक्रमसिंघे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। वे प्रधान मंत्री और अन्य भारतीय गण्यमान्य व्यक्तियों के साथ आपसी हित के कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार श्रीलंका

भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी और विजन सागर में एक महत्वपूर्ण भागीदार हैं। यह यात्रा दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती को मजबूत करेगी और सभी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने और पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग के रास्ते तलाशेगी।

राष्ट्रपति मुर्मू ने 9 राज्य सचिवों व 68 जिला कलेक्टरों को भूमि सम्मान प्रदान किया

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को यहां केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित एक समारोह में भूमि सम्मान 2023 प्रदान किए। यह पुरस्कार उन नौ राज्य सचिवों और 68 जिला कलेक्टरों को उनकी टीमों के साथ प्राप्त हुए, जिन्होंने डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स आधुनिकीकरण कार्यक्रम के मुख्य घटकों की संतृप्ति हासिल करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि देश के समग्र विकास के लिए ग्रामीण विकास में तेजी लाना आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के

लिए भूमि अभिलेखों का आधुनिकीकरण एक बुनियादी आवश्यकता है, क्योंकि अधिकांश ग्रामीण आबादी की आजीविका भूमि संसाधनों पर निर्भर है। ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए एक व्यापक एकीकृत भूमि प्रबंधन प्रणाली अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने कहा कि डिजिटलीकरण से पारदर्शिता बढ़ती है। भूमि अभिलेखों के आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण से देश के विकास पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण और विभिन्न सरकारी विभागों के साथ इसके जुड़ाव से कल्याणकारी योजनाओं के उचित कार्यान्वयन में मदद मिलेगी। बाढ़ और आग जैसी आपदाओं के कारण दस्तावेजों के नुकसान की स्थिति में भी यह बहुत मददगार होगा। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि डिजिटल इंडिया भूमि सूचना प्रबंधन प्रणाली के तहत, एक विशिष्ट भूमि पार्सल पहचान संख्या प्रदान की जा रही है, जो आधार कार्ड की तरह उपयोगी हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह संख्या भूमि के समुचित उपयोग के साथ-साथ नई कल्याणकारी योजनाओं को बनाने और लागू करने में मदद करेगी।

बीआरएस को झटका, वरिष्ठ नेता होंगे कांग्रेस में शामिल

एजेंसी। हैदराबाद

तेलंगाना विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को एक और झटका तब लगा जब वरिष्ठ नेता और ग्रेटर हैदराबाद के पूर्व मेयर तेगला कृष्ण रेड्डी ने अपनी बहू अनिता रेड्डी के साथ कांग्रेस में शामिल होने का फैसला किया। कृष्णा रेड्डी और अनिता रेड्डी ने मंगलवार को तेलंगाना के एआईसीसी प्रभारी माणिकराव ठाकरे और राज्य कांग्रेस प्रमुख ए रेवंत रेड्डी के साथ एक गुप्त बैठक की। दोनों बीआरएस नेताओं के जल्द ही कांग्रेस में शामिल होने की संभावना है। पूर्व मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव, खम्मम के पूर्व सांसद पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी और 33 अन्य लोगों के सत्तारूढ़ पार्टी छोड़ने और पिछले महीने कांग्रेस में शामिल होने के बाद यह बीआरएस के लिए दूसरा झटका होगा। माना जाता है कि कृष्णा रेड्डी ने यह फैसला आगामी विधानसभा चुनाव में महेश्वरम निर्वाचन क्षेत्र से टिकट नहीं मिलने की संभावना के चलते लिया है। पूर्व विधायक नाखुश हैं क्योंकि मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने कथित तौर पर शिक्षा मंत्री पी.सबिता इंद्रा रेड्डी को महेश्वरम से बीआरएस टिकट देने का फैसला किया है। उन्होंने 2018 के चुनाव में कृष्णा रेड्डी के खिलाफ कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था।

ईडी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे सेंथिल बालाजी

मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को दी चुनौती

एजेंसी। नई दिल्ली

तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी ने नौकरियों के लिए कथित नकदी घोटाले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। बालाजी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा तब खटखटाया है जब मद्रास हाईकोर्ट ने उन्हें हिरासत में लेने के ईडी के अधिकार को बरकरार रखा था। शुक्रवार को न्यायमूर्ति सीवी कार्तिकेयन की पीठ ने फैसला सुनाया था कि केंद्रीय एजेंसी को द्रमुक नेता को गिरफ्तार करने का अधिकार है।

पीठ ने फैसले में कहा था कि अगर एजेंसी गिरफ्तार कर सकती है तो हिरासत की मांग भी कर सकती है। ेंथिल बालाजी की पत्नी ने मद्रास हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर सेंथिल बालाजी की ईडी द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती दी। हालांकि, मद्रास हाईकोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखते हुए सेंथिल बालाजी को ईडी की न्यायिक हिरासत में रखने का आदेश दिया था। 4 जुलाई को दिए गए फैसले में न्यायमूर्ति जे. निशा बानू ने मंत्री की गिरफ्तारी को अवैध करार दिया और उन्हें तत्काल प्रभाव से रिहा करने का आदेश दिया, जबकि न्यायमूर्ति डी. भरत चक्रवर्ती ने उनकी 'अवैध' हिरासत के सवाल पर असहमति जताई। केंद्रीय जांच एजेंसी ने तत्कालीन अन्नाद्रमुक सरकार में 2011 से 2016 तक परिवहन मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान कथित तौर पर हुए नौकरी के बदले नकदी घोटाले के सिलसिले में सेंथिल बालाजी को गिरफ्तार किया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 को पीएम प्रणाम योजना की करेंगे शुरूआत

एजेंसी। सीकर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 जुलाई को सीकर आएंगे। प्रधानमंत्री यहां जिला स्टेडियम में किसानों को मिलने वाली सम्मान निधि की 14वीं किश्त जारी करेंगे। वे जनसभा को भी संबोधित करेंगे। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने मंगलवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी इसी दिन पीएम प्रणाम योजना की शुरूआत भी करेंगे। पिछले 9 वर्षों में सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के अथक प्रयास से यहां पर किसानों के लिए रेलवे, मेडिकल कॉलेज, सड़कों सहित अन्य विकास के कार्य करवाए हैं, उसको देखते हुए प्रधानमंत्री का यहां पर दौरा प्रस्तावित किया गया है। केंद्रीय

कृषि राज्य मंत्री ने एक सवाल में बताया कि कांग्रेस के साथ गठबंधन करने वाले अन्य राजनीतिक दलों का प्रभाव एक राज्य से दूसरे राज्य में नहीं है। इन दलों के नेताओं को उनके भ्रष्टाचार के कारण जेल भेजा जा रहा है, इससे बचने के लिए ये गठबंधन बना रहे हैं। पत्रकार वार्ता के बाद केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री ने जिला स्टेडियम का दौरा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

FILMY हलचल

बहुत अच्छे अभिनेता व निर्देशक हैं मेरे पिता : आलिया भट्ट

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने पिता महेश भट्ट की प्रशंसा करते हुए कहा

कि वह एक बहुत अच्छे अभिनेता, निर्देशक और सबसे अच्छे पिता हैं। आलिया ने यह बात अपनी आगामी फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के गाने 'वे कमलेया' के लॉन्च के दौरान कही। मंगलवार को नई दिल्ली में उनकी आगामी रोमांटिक ड्रामा 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के गाने 'वे कमलेया' के लॉन्च के दौरान आलिया से उनके पिता के बारे में पूछे जाने पर अभिनेत्री ने कहा कि मेरे पिता एक बहुत अच्छे अभिनेता हैं, एक गायक और अच्छे निर्देशक हैं लेकिन वह सबसे अच्छे पिता हैं। साथ ही कहा, करण जौहर वास्तव में एक बहुत ही मनोरंजक अभिनेता हैं, वह सेट पर हर किसी की भूमिका निभाते हैं। आलिया ने कहा, करण जौहर सबके स्टाइल में एक्टिंग करते हुए पूरा सीन पहले खुद दिखाते थे। हम उन्हें देखते थे और खूब एन्जॉय करते थे। यह रोज देखना बहुत ही मनोरंजक था।

पंकज त्रिपाठी ने 'ऊंची ऊंची वादी' भजन गाया तो चले आए 'महादेव'

अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म 'ओएमजी 2' के निमार्ताओं ने 'ऊंची ऊंची वादी' भक्ति ट्रैक रिलीज किया है। यह गाना स्कूल जाने वाले एक बच्चे के पिता के इर्द-गिर्द घूमता है। गाने में दिखाया गया है कि कैसे भगवान शिव उनके बचाव में आते हैं। 'ऊंची ऊंची वादी' भक्ति ट्रैक के बारे में मीडिया से बात करते हुए पंकज त्रिपाठी ने कहा कि यह गाना एक आत्मीय भक्ति गीत है। इसे सुनने से परेशान इंसान को आसरा मिलता है। जब भी हम कठिन परिस्थितियों का सामना करते हैं तो हम सभी का मार्गदर्शन चाहते हैं और बेहतर समय के लिए प्रार्थना करते हैं। यह गाना इसकी याद दिलाता है।

बुलिंग पर काबू पाना मुश्किल है : रसिका दुग्गल

एक्ट्रेस रसिका दुग्गल, जिन्हें अपने स्ट्रीमिंग शो 'अधूरा' के लिए काफी वाहवाही मिल रही है, का मानना है कि बुलिंग, जो समाज में एक प्रचलित मुद्दा है, को पहचानना मुश्किल है और जिन लोगों ने इसका अनुभव किया है उनके लिए इस पर काबू पाना कठिन है। 'अधूरा' उपेक्षा की दर्दनाक भावनाओं को दशार्ता है। सीरीज में दिखाई गई भयावहता ने समाज में बुलिंग पर एक बहस को जन्म दिया है। इसकी शुरूआत स्कूल रियूनियन से होती है, जो नैरेटिव की गहरी परतों को उजागर करने में ही विफल हो जाती है। 'अधूरा' में रसिका दुग्गल एक स्कूल काउंसलर का किरदार निभा रही हैं और 10 वर्षीय वेदांत मलिक की मदद करती हैं, जो मुश्किलों से घिरा है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि बुलिंग की स्थितियों को पहचानना कठिन है और इसलिए उन पर काबू पाना बहुत मुश्किल है। अक्सर जिन लोगों को

धमकाया जाता है, वे समस्या को अपने अंदर ही रख लेते हैं। इसलिए इस बारे में बात करना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। सीरीज ने उन्हें एक ऐसी हॉरर शैली का हिस्सा बनने का मौका दिया, जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं आजमाया था। सीरीज में श्रेणिक अरोड़ा, इश्वाक सिंह, पूजन छाबड़ा, रिजुल रे, जोआ मोरानी, साहिल सलाथिया, अरु कृष्णश वर्मा और जामिनी पाठक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

चुनौती 25 से अधिक देशों के सुरक्षा तकनीकों के इनोवेटर्स एक्सपो में आयेंगे

कंपनियां करेंगी नवीनतम उपकरण का प्रदर्शन

एजेंसी। नई दिल्ली

ारत दुनिया के मानचित्र पर नई सुपरपावर के रूप में उभर रहा है। ऐसे में देश की भीतरी सुरक्षा एवं पुलिस इन्फ्रास्ट्रक्चर के समक्ष मौजूद चुनौतियां कई गुना बढ़ गई हैं और जटिल हो गई है। वहीं नए दौर की चुनौतियों साइबर अपराध, डेटा चोरी, नारको टैरर एवं अन्य सीमा पार अपराधों को ध्यान में रखते हुए पुलिसिंग सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों को अपनाना होगा। भारत की भीतरी सुरक्षा एवं पुलिस संरचना को आधुनिक तकनीकों एवं इनोवेशन्स के साथ सक्षम बनाने के प्रयास में

एशिया के सबसे बड़े इंटरनल सिक्योरिटी एवं पोलिसिंग प्लेटफॉर्म इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो का आयोजन 26 से 27 जुलाई के बीच नई दिल्ली के प्रगति मैदान में किया जा रहा है। यूके, यूएसए, इजरायल, पौलैंड, जर्मनी, स्लोवाकिया, एस्टोनिया, फ्रांस यूएई, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, रूस, इटली, दक्षिण कोरिया और स्वीडन सहित 25 देशों से हथियारों, गोला-बारूदों एवं सुरक्षा तकनीकों के इनोवेटर्स इस प्रदर्शनी में हिस्सा लेंगे। नेक्सजेन एक्जहीबिशन्स द्वारा आयोजित इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो 2023 के दौरान आग्नेयास्त्रों, ड्रोन, साइबर सिक्योरिटी, डेटा चोरी, मोबाइल फोरेन्सिक एवं अन्य भावी तकनीकों में नेक्स्ट-जैन इनोवेशन्स का प्रदर्शन करने वाले 300 से अधिक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय निमार्ता, निर्यातक, एवं ब्राण्ड्स हिस्सा लेंगे। इन तकनीकों को 7000 से अधिक पुलिस एवं रक्षा कर्मियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। भीतरी सुरक्षा को सशक्त बनाने तथा विभिन्न सेक्टरों में ड्रोन्स एवं मानवरहित प्रणालियों की क्षमता का लाभ उठाने के उद्देश्य से नेक्सजैन एक्जहीबिशन्स आठवें इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो के साथ सबसे बड़े ड्रोन इंटरनेशनल एक्सपो 2023 और सातवें इंडियन होमलैंड सिक्योरिटी एक्सपो का आयेजन भी कर रहा है। वहीं इस बार प्रदर्शनी में शामिल होने वाली भारत की अग्रणी कंपनियों, अन्तर्राष्ट्रीय निमार्ता एवं वर्ल्ड लीडर्स में शामिल हैं।

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 से

भाजपा ने कम कार्य दिवस होने पर उठाए सवाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से चार अगस्त तक चलेगा। सदन में बतौर मंत्री बेबी देवी पहली बार मौजूद रहेंगी। बेबी देवी हेमंत सरकार की दूसरी मंत्री हैं जो निर्वाचन से पूर्व मंत्री बनी हैं। जगरनाथ महतो के निधन के बाद उनकी जगह मंत्री बनी बेबी देवी को उत्पाद मंत्री बनाया गया है। मानसून सत्र के दौरान सरकार द्वारा सदन में कई विधेयक लाने की तैयारी की जा रही है। इसमें पिछले दिनों राजभवन से लौटाए गए कुछ विधेयक भी शामिल हैं। 28 जुलाई को सदन की कार्यवाही दिन के 11 बजे से शुरू होगी। पहले दिन की औपचारिकता पूरी होने के बाद सोमवार 31 जुलाई 11 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित रहेगा। चार जुलाई तक चलने वाले झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सदन में प्रश्नकाल से

लेकर सरकार द्वारा अनुपूरक बजट, विनियोग विधेयक लाया जाएगा। दोनों ओर से बहस के बाद इसे सदन से पास कराने का प्रयास सरकार द्वारा किया जाएगा। पंचम विधानसभा का कार्यकाल समापन की ओर बढ़ चला है, इसलिए इस बार के मानसून सत्र को अहम माना जा रहा है। सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण रूप से संचालित करने की तैयारी में जुटे स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो इस सत्र को ऐतिहासिक बता रहे हैं। उनका मानना है कि पंचम विधानसभा का यह कार्यकाल चूंकि अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ चला है, इसलिए सभी सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की समस्या सदन में रखकर सदन के एक-एक पल का सदुपयोग करेंगे। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक छह महीने के अंदर सदन को आहूत करना आवश्यक है। इस वजह से सामान्य तौर पर विधानसभा का सत्र बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र के रूप में बुलाया जाता है। आम तौर पर बजट सत्र को छोड़कर मानसून और शीतकालीन सत्र कम दिनों का बुलाया जाता है। इसके कारण सदन में सभी विधायक अपने सवाल नहीं रख पाते हैं। इस बार भी सदन की कार्यवाही महज पांच कार्यदिवस का होगा, जिसमें सभी विधायक के द्वारा प्रश्न रखना मुश्किल है। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि सरकार चाहती ही नहीं है कि सदन में विधायक सवाल रखें। इतने कम दिनों के इस मानसून सत्र में 82 विधायक कैसे सवाल रख पाएंगे। पंचम विधानसभा में अब तक बगैर नेता प्रतिपक्ष के सदन चलता रहा है। ऐसे में हर बार सदन शुरू होने से पहले यह चर्चा होने लगती है कि झारखंड विधानसभा का यह कार्यकाल क्या बगैर नेता प्रतिपक्ष का ही समाप्त हो जाएगा।

अपराध नियंत्रण को लेकर डीजीपी आज करेंगे समीक्षा बैठक

रांची। अपराध नियंत्रण को लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह कल यानी बुधवार को समीक्षा बैठक करेंगे। डीजीपी सभी जिलों के एसपी और रेंज के डीआइजी के साथ पुलिस मुख्यालय में बैठक होगी। इस दौरान वह इस बात की भी समीक्षा करेंगे कि पूर्व में उन्होंने क्राइम कंट्रोल को लेकर जिन बिंदुओं पर पुलिस अधिकारियों को टास्क दिया था। उसका अनुपालन किया जा रहा है या नहीं। समीक्षा के दौरान भविष्य के लिए अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की योजना तैयार की जायेगी।डीजीपी की ओर से बैठक के लिए सभी जिलों के एसपी को एजेंडा तैयार कर उपलब्ध करा दिया गया है, ताकि वे तैयारी के साथ बैठक में शामिल हो सकें। बैठक का पहला एजेंडा है 2020 से लेकर 30 जून 2023 तक रंगदारी के लिए हत्या, डकैती, लूट, छिनतई, आर्म्स एक्ट, फिरौती के लिए अपहरण और संगठित गिरोह के द्वारा रंगदारी मांगने से संबंधित कितने मामले दर्ज किये गये।

रांची रेलवे स्टेशन पर ठग गिरोह सक्रिय

रांची। एनडीए की बैठक शामिल होने के लिए झारखंड में भाजपा की सहयोगी पार्टी आजसू के प्रमुख सुदेश महतो मंगलवार को दिल्ली रवाना हुए। दिल्ली जाने से पूर्व उन्होंने कहा कि इस बैठक में पूरे देश के साथ झारखंड के राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा होगी। रांची एयरपोर्ट पर सुदेश महतो ने पत्रकारों से कहा कि इस बैठक में राष्ट्रीय मुद्दों के साथ झारखंड के मुद्दे पर भी बातचीत होगी। उन्होंने कहा कि एनडीए पहले से ही स्थापित संगठन है और इन्हें जीत हासिल करने में लोगों के बीच समस्या नहीं होगी। सुदेश महतो ने कहा कि एनडीए गठबंधन के बारे में देश की जनता को पता है। सच्चाई के रास्ते पर चलकर जनता की भलाई करने का उद्देश्य एनडीए में ही है।

कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण,(I.T.D.A) गुमला।
(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

सूचना

डॉ0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, मोरहाबादी, राँची द्वारा झारखण्ड के आठ (8) अति संवेदनशील जनजातीय (PVTG) समुदायों के युवकों/युवतियों के लिए झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग (JSSC) झारखण्ड/कर्मचारी चयन आयोग (SSC), भारत सरकार एवं अन्य समकक्ष नियोजन (नौकरी) संबंधी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग प्रारम्भ करने का प्रस्ताव है। इसके लिए इच्छुक प्रतिभागियों (PVTG) का आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन के लिए शर्ते निम्नवत् है:–

1. आवेदक को झारखण्ड का निवासी होना चाहिए।
2. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के दिन आवेदक की आयु 21 वर्ष से 40 वर्ष हो।
3. आवेदकों का चयन 10वीं, 12वीं एवं स्नातक में प्राप्त अंक के आधार पर किया जाएगा।
4- JSSC एवं SSC द्वारा विज्ञापित पदों पर आवेदन दिए गये अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
5. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2023 संध्या 6.00 बजे तक है।
6. आवेदक अपना आवेदन संस्थान कार्यालय में अथवा ईमेल (Email-tri.directorate@gmail.com) या पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा कर सकते है। 30 जुलाई 2023 संध्या 6.00 बजे के बाद के आवेदन मान्य नहीं होगा।
7. आवेदन के साथ आवश्यक कागजात की छायाप्रति :–
   I. जाति प्रमाण पत्र।
   II. सरकार द्वारा निर्गत फोटो पहचान पत्र।
   III. शैक्षणिक अंक – पत्र (10वीं/12वीं/स्नातक)।
   IV. JSSC / SSC द्वारा विज्ञापित पदों पर आवेदन का साक्ष्य (छायाप्रति)

आवेदन प्रारूप डॉ0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, मोरहाबादी, राँची के वेबसाइट से या संस्थान में जाकर प्राप्त कर सकते है।

PR 302644 Welfare(23-24)D

जिला कल्याण पदाधिकारी, गुमला।

मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखने बेंगलुरु गए हैं सीएम : संजय सेठ

रांची। भाजपा सांसद संजय सेठ ने कहा है कि झारखंड की हेमंत सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। राज्य में केंद्रीय योजनाओं को लटका दिया गया है और उसका इल्जाम मोदी सरकार पर डाला जा रहा है। अपने दायित्वों का निर्वहन करने और जनता की समस्याओं को दूर करने के बजाए मुख्यमंत्री मुंगेरी लाल के हसीन सपने देखने बेंगलुरु गए हैं। सांसद ने कहा कि राज्य के पीडीएस डीलरों को 18 महीने से कमीशन नहीं मिला है। वित्त विभाग की ओर से यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं भेजे जाने के कारण केंद्र से मिलने वाले 200 करोड़ रुपये फंस गये हैं। राज्य सरकार अपना काम करने में फेल है और इल्जाम केंद्र सरकार पर थोप रही है। यही हालत दूसरे विभागों की भी है। संजय सेठ अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। सांसद ने कहा कि राज्य सरकार की वजह से यहां जल जीवन मिशन फेल हो गया है।

जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का कोर्ट ने दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने झारखंड विधानसभा की ओर से कोर्ट के आदेश के आलोक में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने अगली सुनवाई में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की वन मैन कमिटी की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए कहा कि अगर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जाती है तो सचिव, विधानसभा कोर्ट में अगली सुनवाई में कोर्ट में सशरीर उपस्थित रहेंगे। मामले की अगली सुनवाई 16 अगस्त को होगी। इससे पहले विधानसभा की ओर से कोर्ट में शपथ पत्र प्रस्तुत कर कहा गया की जस्टिस

विक्रमादित्य प्रसाद की कमिशन की रिपोर्ट अभी जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन के पास है। इस पर खंडपीठ ने विधानसभा सचिव को निर्देश दिया कि वे जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की कमीशन से जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट लेकर हाई कोर्ट में प्रस्तुत करें। वर्ष 2005 से वर्ष 2007 के बीच में झारखंड विधानसभा में करीब डेढ़ सौ लोगों की अवैध नियुक्ति की जांच कराने का आग्रह करने वाली शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका पर मंगलवार को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। विधानसभा की ओर से अपर महाधिवक्ता जयप्रकाश एवं अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की जबकि याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने विधानसभा सचिव से पूछा था कि जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन की रिपोर्ट का क्या हुआ? यह रिपोर्ट कब तक आएगी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

ई0 प्रोक्योरमेन्ट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(3rd Call)

Tender Notice No.-DWSD/GAR-SVS-22/2022–23 Dated–17.07.2023

Sl. No.	Name of Work	Group No.	No. of Scheme	Estimated cost (in Rs.)	Bid Security (Rs.)	Cost of BOQ (Rs.)	Time of Completion
1	Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through DT/GPT (Solar based) 01/2.0 H.P. DC Motor pump complete set for different tolas of concern villages which is not included/included in MVS etc. work **under (JJM)** For the year 2022-23						
	Banutikar, SVS under Garhwa Block	Gar-20	04 Nos.	24,22,687.00	49,000.00	5,000.00	03 Months
	Date & time of Tender Uploading on Website		19.07.2023/12:30 P.M.				
	Last date & time of Bid Submission		25.07.2023/05:00 P.M.				
	Last date & time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard copy)		26.07.2023/ 10:30 AM to 05:00 P.M. (1) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (2) Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Medininagar.				
	Date & time of Opening Tender		27.07.2023/05:00 P.M.				
	Name & Address of Office inviting tender		Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa.				
	Name & Address of Opening Officer		Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa.				
	Contact No. of Procurement office		9973003856				
	Help No. of e-Procurement Cell		0651-2490920				

नोट–(i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR.NO.302650 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

नेशनल शूटर तारा शाहदेव प्रकरण में सीबीआई की ओर से बहस जारी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न व दहेज प्रताड़ना से संबंधित नौ साल पुराने मामले में सीबीआई की ओर से बहस जारी है। मंगलवार को सीबीआई के वरीय लोक अभियोजक प्रियांशु सिंह ने बहस के दौरान कहा कि तारा शाहदेव को अंधेरे में रखकर शादी की गई। शादी के बाद जबरदस्ती निकाह पढ़ाकर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला गया। उसको प्रतिबंधित मांस भी खिलाया गया था। इतना ही नहीं मामले के सह-आरोपी हाईकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार(विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद ने तारा शाहदेव से जबरदस्ती करने की कोशिश की थी। उसके निजी पार्ट को छुआ। उसे प्रताड़ित किया गया। बहस पूरी नहीं हो सकी। सीबीआई मामले में जल्द से जल्द बहस पूरी करनी चाह रही है।

शताक्षी महिला मंडल ने 11 दिव्यांगों को दिए ट्राई साइकिल

रांची। ईसीएल की कोल इंडिया ऑफिसर्स वाइफ एसोसिएशन से संचालित शताक्षी महिला मंडल ने राजमहल परियोजना के राजमहल हाउस में 11 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरित किए। साथ ही एक असहाय लड़की की शादी के लिए सभी जरूरत के सामानों की जिम्मेवारी ली। महिला मंडल की अध्यक्ष पुष्पिता पंडा ने परियोजना प्रभावित क्षेत्र के सभी दिव्यांगों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पंडा ने कहा कि महिला मंडल के द्वारा परियोजना प्रभावित क्षेत्र के गरीब एवं असहाय व्यक्तियों के लिए कई कार्यक्रम किया जाता है।

विपक्षी दलों के बीच ही आपसी संघर्ष है : बाबूलाल

वीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को बेंगलुरु में हो रही विपक्षी दलों की बैठक पर कटाक्ष किया। उन्होंने विपक्षी बैठक को परिवार बचाओ मोर्चा की बैठक बताया। साथ ही कहा कि विपक्षी दलों के बीच ही आपसी संघर्ष है। इसके बाद भी सब जहर का घूंट पीकर अपने अस्तित्व को बचाने के लिए गोलबंद होने का प्रयास कर रहे हैं। बाबूलाल ने कहा कि यूपी में अखिलेश यादव कांग्रेस से लड़ रहे हैं। केजरीवाल दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस से लड़ रहे हैं। बिहार में कांग्रेस को खत्म करने की कोशिश में नीतीश-लालू लगे हैं। झारखंड में कांग्रेस पिछलग्गू बनकर रह गई। कांग्रेस के मंत्री कहते हैं कि मुख्यमंत्री कांग्रेस को खत्म करना चाहते हैं।

कार्यालय, अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार
(गोपनीय शाखा)

प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी जिला इकाई, लातेहार के जिला प्रबंध समिति (District Managing Committe) के निर्वाचन प्रकिया में भाग लेने वाले सदस्य एवं सभी प्रकार के लाईफ मेम्बर को सूचित किया जाता है कि जिला प्रबंध समिति के निर्वाचन में भाग लेने वाले सदस्यों की सूची/ मतदाता सूची अनुमण्डल कार्यालय, लातेहार/ सभी प्रखण्ड कार्यालय, लातेहार जिला के सूचना पट्ट एवं लातेहार जिला के वेबसाईट latehar.nic.in पर अवलोकन कर सकते हैं तथा किसी सदस्य को यदि आपत्ति हो तो दिनांक– 24.07.2023 तक अपना आपत्ति अनुमण्डल कार्यालय, लातेहार में दाखिल कर सकते हैं। जिला प्रबंधन समिति (कार्यकारिणी सदस्य) के गठन/निर्वाचन हेतु निम्न प्रकार कार्यक्रम निर्धारित किया जाता हैं :–

1.	नामांकन फार्म मिलने की तिथि समय एवं स्थान–	**दिनांक– 26.07.2023** से **31.07.2023** तक पूर्वा0 11:00 बजे से संध्या 3:00 बजे अपराह्न तक स्थान– अनुमण्डल गोपनीय शाखा, लातेहार (कार्यदिवस के कार्य अवधि में)
2.	नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि समय एवं स्थान–	**दिनांक– 01.08.2023** को पूर्वा0 11:30 बजे से संध्या 3:00 बजे अपराह्न तक (स्थान– अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय कक्ष में)
3	स्क्रूटनी की तिथि समय एवं स्थान–	**दिनांक– 02.08.2023** को पूर्वा0 11:00 बजे से संध्या 3:00 बजे अपराह्न तक (स्थान– अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय कक्ष में)
4	नाम वापसी की तिथि समय एवं स्थान–	**दिनांक– 03.08.2023** को पूर्वा0 11:00 बजे से संध्या 3:00 बजे अपराह्न तक (स्थान– अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय कक्ष में)
5	आम सभा एवं चुनाव की तिथि	**दिनांक– 08.08.2023** को पूर्वा0 11:00 बजे से संध्या 3:00 बजे अपराह्न तक (स्थान– दीन दयाल उपाध्याय नगर भवन, लातेहार में)
6	मतगणना परिणाम की तिथि	**दिनांक– 08.08.2023** को अप0 03:00 बजे से (स्थान– दीन दयाल उपाध्याय नगर भवन, लातेहार में)
7	जिला प्रबंधन समिति की पहली बैठक की तिथि	**दिनांक– 11.08.2023** को मध्याह्न 12:00 बजे से (स्थान– समाहरणालय, लातेहार के सभाकक्ष)

जिला प्रबंधन समिति (कार्यकारिणी सदस्य) हेतु पात्रता :– सोसाईटी के अभिदाता सदस्य (Patron, Vice Patron, Life Member & Life Associate) नोमिनेशन कर सकते है। नोमिनेशन पेपर दिनांक– 31.07.2023 से पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार के गोपनीय शाखा से प्राप्त किया जा सकता है।

इंडियन रेड क्रॉस सोसाईटी, लातेहार के सभी अभिदाता सदस्य (Patron, Vice Patron, Life Member & Life Associate) से अनुरोध है कि उपरोक्त निर्धारित तिथि दिनांक– 08.08.2023 को मतदान में अपने पहचान हेतु आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पासपोर्ट, बैंक या डाकघर के द्वारा फोटोयुक्त निर्गत पासबुक फोटोयुक्त पेशन संबंधी दस्तावेज में से किसी एक दस्तावेज को लेकर आयेगें तथा उन्हें अपने पहचान के रूप में दिखाना अनिवार्य होगा।

अनुमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार

PR 302593 District(23-24)#D

पृष्ठ एक के शेष

सुखाड़ से निपटने के लिए सरकार...

90 प्रतिशत तक का अनुदान है, दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार अपनी तरफ से 3 रूपये प्रति लीटर ऐसे लोगों को दे रही है जो डेयरी फार्म से जुड़े हुए हैं। कैटल फीड सब्सिडी भी हम देने जा रहे हैं, यह स्कीम पहले नहीं था, इसे दूध उत्पादन में वृद्धि हुई है, यहां भी बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज की व्यवस्था की गई है। सरकार गाय देती है और इसके साथ ही गाय का दूध वह कहां बेचेंगे इसके लिए मार्केट भी उपलब्ध कराती है। एनडीडीवी के माध्यम जेएमएफ के माध्यम से दूध खरीदने के लिए सेंटर बनाया गया है, इसके जहां 23 गोकुल केंद्र थे, वहां अब 141 गोकुल केंद्र तैयार हैं और आज ही उसको एनडीडीवी को सुपुर्द करने का हमने विभागीय आदेश जारी किया है, इससे किसान इन 141 केंद्रों पर अपने दूध को बेच सकेंगे।

प्रश्न– देखा गया है कि छोटे किसान अपने धान की बिक्री सरकार के विक्रय केंद्रों पर नहीं कर पाते, सरकार इसके लिए क्या कर रही है।

उत्तर– देखिए, हर किसान का धान ले ही लेंगे, ऐसा कोई नियम या कोई राज्यादेश नहीं है। हां, धान के प्राइस को मॉनिटर करने के लिए हर जगह सेंटर खोले गए हैं ताकि उनके पास विकल्प रहे, हर सेंटर मॉनिटर करता है कि धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य कम से कम किसानों को मिले। इसके लिए पहले से ज्यादा सेंटर खोले गए हैं और हमारा लक्ष्य है कि हर एक पंचायत में ऐसे सेंटर बनाए जाएं, हम गोदाम बना रहे हैं, एक 100 एमटी का और एक 500 एमटी का गोदाम बनाया जा रहा है ताकि किसान को दूर ना जाना पड़े घर के पास ही धान बेच सकें, सरकारी खरीदारी हो, इसके लिए सरकार युद्ध स्तर पर तैयारियां कर रही है। इसके साथ ही राइस मिलों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। हमने तो लाह को भी कृषि का दर्जा दिया है, लगभग दर्जनों जिलों में 4 लाख परिवार प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से लाह उत्पादन से जुड़े हुए हैं, इस बार हमने इसे कृषि कर दर्जा दिया है। इसका मतलब यह है कि उन्हें भी अनुदानित दर पर सरकार की सारी योजनाएं उपलब्ध रहेंगी।

प्रश्न– ऐसे युवा किसान जो खेती से जुड़ना चाह रहे हैं उनके लिए आप क्या कहेंगे

उत्तर– युवा किसानों के लिए एक प्रतिशत लोन उपलब्ध है, एग्रीकल्चरल इंफ्रास्ट्रक्चर फंड है अगर वे खेती को व्यवसाय बनाना चाहते हैं, तो उनको बैंक सपोर्ट करेगा, एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट नाबार्ड भी सपोर्ट करेगा। युवा खेती के लिए लोन ले सकते हैं। इसका लोन राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों मिलकर वहन करेंगे। युवा किसान इस पर आगे बढ़ सकते हैं और वो भी बिना किसी लायबिलिटी के, मेरे ख्याल से इसके लिए युवा किसानों को आगे आना चाहिए। डेरी फॉर्म में अगर कोई युवा आना चाहता हैं तो 5 गाय या 10 गाय से भी अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं, जिसमें एसटी, एससी के लिए 75% का अनुदान है, वहीं सामान्य वर्ग के लिए 50% का अनुदान है, पहले यह मात्र 20 प्रतिशत था।

टमाटर व सब्जियों के बाद...

खुदरा मिल रहा है। लाल और काली मिर्च के भाव बिना खाये ही मुँह में कड़वाहट बना दे रहे हैं। लाल मिर्च 260 रुपए तो हरी मिर्च 210 रुपए प्रति किलो मिल रही है। एमडीएम, मीट मसाला समेत अन्य उपयोगी मसाले भी महंगाई की चपेट में आ गये हैं। खुदरा दुकानदार प्रमोद बताते हैं कि ग्रामीण इलाकों में रहने वाले गरीब परिवार के लोग दस -बीस रुपए लेकर गर्म मसाला खरीदने आते हैं। यह उनकी रोजमर्रा में शामिल है, लेकिन आसमान छूते गरम मसालों के दाम को देखते हुए गरीबों को गरम मसाला देना महंगा पड़ रहा है। बहरहाल टमाटर तो गरीबों की थाली से दूर है ही। अन्य सब्जियों की महंगाई ने पहले ही गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार की भोजन की थाल से संख्या और मात्रा कम कर रखी है और अब मसालों के बढ़े भाव ने तो थाल की बची खुची सब्जियों का स्वाद भी बिगाड़ना शुरू कर दिया है।

राज्य के सात लाख बेटियों के चेहरे पर...

किशोरियों को योजना के तहत 405.7 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में नौ लाख बेटियों को योजना से जोड़ा जाना है।

सबसे अधिक गिरिडीह की बेटियां : योजना से सर्वाधिक गिरिडीह की 59024 किशोरियों जुड़ी हैं। इसके बाद रांची की 50954, पलामू की 50814, बोकारो की 41650, पूर्वी सिंहभूम की 41468, हजारीबाग की 40130 और धनबाद की 36870किशोरियां योजना का लाभ लेने में आगे रहीं।

जिला स्तर पर चल रहा अभियान : राज्य की नौ लाख बेटियों को योजना से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है, ताकि सभी किशोरियों को योजना का लाभ मिल सके। इसके लिए किशोरियों को जरूरी प्रमाण पत्र निर्गत कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि योजना के दायरे में आने वाली सभी पात्र बेटियों को योजना से जोड़ा जाए।

पढ़ाई छूटे नहीं, जागरूकता का हो संचार : सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के जरिए राज्य सरकार बालिका शिक्षा पर जोर दे रही है ताकि आर्थिक तंगी की वजह से उनकी पढ़ाई ना छूटे। बेटियां शिक्षित होंगी तो बाल विवाह प्रथा पर विराम लगेगा और बेटियां अपने जीवन के संबंध में स्वतंत्र निर्णय लेने में सक्षम भी होंगी।

चार पुलिसकर्मियों की हत्या में...

सिमडेगा के सीमांत में अपनी गतिविधि चलाता था। पिछले माह दो कमांडर राजेश उरांव और लाजिम के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद से ही खुदी ने आत्मसमर्पण कर दिया।

संगठन में ऐसे शामिल हुआ खुदी मुंडा : सरेंडर के बाद नक्सली खुदी मुंडा ने कहा कि 1996 में अपने चचेरे भाई पूर्व में माओवादी का सक्रिय सदस्य बॉबी मुंडा के लिए सामान पहुंचाने और पुलिस के आवागमन की सूचना देने का कार्य करता था। 1999 में चचेरा भाई के साथ लापुंग थाना क्षेत्र में हथियारों की लूटपाट और कई नक्सली घटनाओं में शामिल रहा। वर्ष 2001 में गिरफ्तार होकर जेल चला गया। जेल में बंद रहने के दौरान उग्रवादी संगठन के कई सदस्यों से जान पहचान हुई।

2005 में जेल से बाहर आने के बाद पारिवारिक विवाद के कारण भाकपा माओवादी के कमांडर मनोज नगेसिया और सिलबेस्तर लकड़ा के संपर्क में आया और दस्ता के साथ रहने लगा।

कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू

शुद्धि पत्र
PR.no.-302452

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र सं0 951/जि0अ0, दिनांक 11.07.2023 द्वारा ई–संख्या– DOPR/DE/ZP/Palmu 02/2023-24 ई–निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशित कराई गयी थी जिसमें वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 17.07.2023 तथा ई–निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय 25.07.2023 समय 5:00 बजे तक निधारित की गयी थी। अपरिहार्य कारणों से तिथि में संशोधन किया गया है जो निम्न प्रकार है–

1.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि– 20.07.2023
2.ई–निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि 28.07.2023 एवं समय 5:00 बजे तक।
3.जिला परिषद कार्यालय में अपलोड किये गये दस्तावेज जमा करने की तिथि 29.07.2023 एवं समय पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक।
4.निविदा खोलने की तिथि 31.07.2023 एवं समय पूर्वाह्न 11:00 बजे।

शेष शर्तें यथावत रहेगा।

ह0/–
जिला अभियंता,जिला परिषद, पलामू

PR 302585 (District)23-24*D

NEWS इन ब्रीफ

रैकेट तोड़ने पर नोवाक जोकोविच पर लगा भारी जुर्माना

लंदन। 23 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच पर कार्लोस अल्काराज के खिलाफ विंबलडन फाइनल के दौरान नेट पोस्ट पर अपना रैकेट तोड़ने के लिए भारी जुर्माना लगाया गया है। यह घटना रविवार को 20 वर्षीय स्पैनियार्ड के खिलाफ उनकी हार के पांचवें सेट में हुई जब जोकोविच अल्काराज की सर्विस तोड़ने में असफल रहे और बाद में अपना सर्विस गेम हार गए और लकड़ी के नेट पोल में से एक के खिलाफ अपने रैकेट को जोर से मारकर अपनी निराशा व्यक्त की। अंपायर फर्गस मर्फी ने तुरंत जोकोविच को उनके रैकेट-स्मैशिंग उल्लंघन के कारण कोड उल्लंघन के लिए चेतावनी जारी की।

बृज भूषण सिंह को अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली की राऊज एवेन्यू अदालत ने मंगलवार को भाजपा के सांसद और भारत के पूर्व कुश्ती प्रमुख बृजभूषण सिंह को देश की प्रमुख महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के मामले में अंतरिम जमानत दे दी। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) हरजीत सिंह जसपाल ने सिंह के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर को भी अंतरिम जमानत दे दी। आरोपी व्यक्तियों की ओर से पेश होते हुए, वकील राजीव मोहन ने अदालत के समक्ष कहा कि चूंकि आरोप पत्र गिरफ्तारी से पहले है, इसलिए वह जमानत बांड दाखिल कर रहे हैं।

एशिया कप : भारत-पाक के बीच होगा महा मुकाबला

एजेंसी। कोलंबो

भारत ए बहुप्रतीक्षित एसीसी मेन्स इमर्जिंग में पाकिस्तान ए से भिड़ेगा और इस दौरान एक रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है। एशिया कप 2023 क्रिकेट में 'महानतम प्रतिद्वंद्विता' की लौ को फिर से प्रज्वलित कर रहा है। दो क्रिकेट टीमों के बीच यह टकराव प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है क्योंकि वे दोनों देशों की अगली पीढ़ी की प्रतिभाओं को आमने-सामने होते देखेंगे। भारत भर के प्रशंसक 19 जुलाई दोपहर 2 बजे से विशेष रूप से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर सभी लाइव एक्शन देख सकते हैं। इंडिया ए का नेतृत्व होनहार युवाओं के एक समूह द्वारा किया जाएगा जो पहले ही घरेलू मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन कर चुके हैं। यश ढुल, ध्रुव जुरेल, साई सुदर्शन और

अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ी अपने शानदार आईपीएल सीजन के बाद एक स्थायी छाप छोड़ना चाहेंगे और सीनियर राष्ट्रीय टीम में अपना रास्ता बनाना चाहेंगे।

इस मैच में उनका प्रदर्शन उनकी संभावनाएं निर्धारित कर सकता है और भारत की समृद्ध क्रिकेट विरासत में योगदान दे सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता खेल में सबसे तीव्र और ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता में से एक होने के कारण, यह मैच विशेष महत्व रखता है। यह न केवल उभरती प्रतिभाओं को चमकने का मौका देता है, बल्कि 'महानतम प्रतिद्वंद्विता' के शानदार इतिहास में एक और अध्याय जोड़ने का भी अवसर देता है। भारत ए और पाकिस्तान ए के बीच मुकाबला सिर्फ व्यक्तिगत प्रदर्शन के बारे में नहीं है बल्कि इस प्रतिद्वंद्विता के ऐतिहासिक महत्व के बारे में भी है। दोनों टीमें इस साल दो प्रमुख टूर्नामेंटों, अर्थात एशिया कप 2023 और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में एक-दूसरे का सामना करने के लिए तैयार हैं।

सात्विक ने सबसे तेज बैडमिंटन 'हिट' का बनाया गिनीज विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी। सोका (जापान)

भारत के स्टार खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने 565 किमी प्रति घंटा की रफ्तार के स्मैश के साथ बैडमिंटन में किसी पुरुष खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज 'हिट' का गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया है। हाल में चिराग शेट्टी के साथ मिलकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 का खिताब जीतने वाले सात्विक ने इसके साथ ही मई 2013 में बनाए मलेशिया के टेन बून हियोंग के 493 किमी प्रति घंटे के एक दशक से भी पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। सात्विक का स्मैश किसी फॉर्मूला वन कार द्वारा हासिल की गई 372.6 किमी प्रति घंटे की सबसे तेज रफ्तार से भी अधिक तेज था। महिला वर्ग में सबसे तेज बैडमिंटन 'हिट' का रिकॉर्ड मलेशिया की टेन पियर्ली के नाम रहा जिन्होंने 438 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से शॉट लगाया था। जापान की खेल उपकरण निमार्ता कंपनी योनेक्स ने विज्ञप्ति में कहा, योनेक्स को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि योनेक्स बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी (भारत) और टेन पियर्ली (मलेशिया) ने क्रमशः सबसे तेज पुरुष और महिला बैडमिंटन हिट के साथ नया गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया है।" विश्व रिकॉर्ड 14 अप्रैल 2023 को बनाया गया था और गिनीज विश्व रिकॉर्ड के आधिकारिक जजों ने उस दिन के गति माप नतीजों के आधार पर इसकी पुष्टि की।

विशेष गोलकीपिंग शिविर हमारी तैयारियों के लिए वरदान है : श्रीजेश

एजेंसी। बेंगलुरु

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने स्पेनिश हॉकी फेडरेशन की 100वीं वर्षगांठ पर होने वाले अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के लिए टीम की तैयारियों के बारे में खुलकर बात की, जो महत्वपूर्ण हांगझाऊ एशियाई खेलों से पहले टीम के लिए महत्वपूर्ण प्रतियोगिताएं हैं। सितंबर में एशियाई खेल जहां उनकी ओलंपिक योग्यता दांव पर होगी। स्पेन स्पेनिश हॉकी फेडरेशन की 100वीं वर्षगांठ पर अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए, भारत का सामना इंग्लैंड, नीदरलैंड और स्पेन से होगा। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के लिए, भारत एकल राउंड-रॉबिन प्रारूप में चीन, कोरिया, जापान, पाकिस्तान और मलेशिया से भिड़ेगा। श्रीजेश का मानना है कि नीदरलैंड के डेनिस वान डी पोल के साथ नियमित गोलकीपिंग शिविर बड़े आयोजनों से

पहले समस्याओं को दूर करने में वरदान साबित हुआ है। गोलकीपिंग कोच डेनिस 13 जुलाई से 19 जुलाई तक भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ विशेष शिविर का आयोजन कर रहे हैं। इसके बाद वह हांगझाऊ एशियाई खेल 2023 से पहले 7 सितंबर से 14 सितंबर तक एक और प्रशिक्षण सत्र आयोजित करेंगे। डेनिस के साथ मिलकर काम करने के बारे में श्रीजेश ने कहा, ह्लडेनिस एक शानदार कोच हैं। उनके अनुभव और क्षमता वाले किसी व्यक्ति के साथ मिलकर काम करना निश्चित रूप से उपयोगी रहा है। हमारे पास आगे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट होने वाले हैं और मेरा मानना है कि हमने यहां उनके समय का अच्छा उपयोग किया है, खासकर युवा गोलकीपरों के लिए भी। उनकी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और कोचिंग कौशल ने निश्चित रूप से मदद की है। हमने पीसी डिफेंस, पेनल्टी शूटआउट और सबसे महत्वपूर्ण हमारे फुटवर्क सहित विभिन्न अभ्यासों पर काम किया है।" उन्होंने कहा, फिलहाल, मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से, मेरा तत्काल ध्यान स्पेनिश हॉकी फेडरेशन- अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट पर है, जहां हम जो कुछ भी करना चाहते हैं उसे निष्पादित करना चाहेंगे, हमने शिविर में अभ्यास किया है और हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 एक मंच होगा यह देखने के लिए कि सितंबर में महत्वपूर्ण एशियाई खेलों से पहले हम कहां खड़े हैं।" हॉकी प्रशंसक भी 16 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद चेन्नई में अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी से खुश हैं। चेन्नई ने इससे पहले 2007 में पुरुष हॉकी एशिया कप की मेजबानी की थी, जिसमें भारत ने दक्षिण कोरिया को 7-2 से हराकर ट्रॉफी जीती थी। चेन्नई द्वारा एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने और 16 साल बाद राज्य में अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी पर अपने विचार साझा करते हुए गोलकीपर ने कहा, चेन्नई को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करते हुए देखना अच्छा है।

मैं बाहर जाता हूं तो मुसीबत खड़ी हो जाती है : पृथ्वी शॉ

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने कहा है कि उन्होंने अकेले रहना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब भी वो बाहर निकलते हैं तो लोग उन्हें परेशान करते हैं और एक मुसीबत खड़ी हो जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि जब उन्हें भारतीय टीम से बाहर किया गया तो उन्हें निराशा हुई लेकिन उन्होंने आगे बढ़ने का फैसला किया। शॉ का शीर्ष पर पहुंचना आसान था। उन्होंने कप्तान के रूप में अंडर-19 विश्व कप जीता और टेस्ट शतक के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। हालांकि, इस तरह के प्रदर्शनों के बावजूद वह राष्ट्रीय टीम में जगह पक्की नहीं कर पाए। 2018 में टेस्ट डेब्यू करने के बावजूद उन्होंने पिछले दो वर्षों में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। उनके लिए आईपीएल 2023 भी

निराशाजनक रहा, जहां वह आठ मैचों में 13.25 के औसत से सिर्फ 106 रन बना सके। क्रिकबज से शॉ ने कहा, 'जब मुझे (भारतीय टीम से) बाहर किया गया, तो मुझे इसका कारण पता नहीं चला। कोई कह रहा था कि यह फिटनेस हो सकता है। लेकिन निश्चित रूप से मैं यहां (बेंगलुरु) आया और एनसीए में सभी परीक्षण पास कर लिए। रन बनाए और फिर से टी20 टीम में वापसी की। लेकिन वेस्टइंडीज में दोबारा मौका नहीं मिला। मैं निराश हूं लेकिन बस आगे बढ़ना है।" उन्होंने कहा कि वह अपने में ही सिमट कर रहना चाहते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह अपने विचार साझा करने से डरते हैं क्योंकि यह सब सोशल मीडिया पर आ जाता है। शॉ ने कहा, एक व्यक्ति के रूप में, मैं बस अपने आप में रहना पसंद करता हूं। लोग मेरे बारे में बहुत सी बातें कहते हैं। लेकिन जो लोग मुझे जानते हैं, वे ये भी जानते हैं कि मैं कैसा हूं। मेरे पास दोस्त नहीं हैं, मुझे दोस्त बनाना पसंद नहीं है। मैं अपने विचार साझा करने से डरता हूं। किसी न किसी तरह यह सब सोशल मीडिया पर आ जाता है। मेरे बहुत कम दोस्त हैं, कुछ दोस्त हैं, और उनके साथ भी मैं सब कुछ साझा नहीं करता, केवल कुछ चीजें ही साझा करता हूं।

प्रो लीग : न्यूजीलैंड की जगह लेगा यूएसए

एजेंसी। स्विट्जरलैंड

न्यूजीलैंड की महिला टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग के अगले सीजन में भाग नहीं लेगी। यह हॉकी न्यूजीलैंड द्वारा खेल के मैदान पर रेलीगेशन से बचने के बावजूद प्रतियोगिता से हटने के निर्णय के बाद आया है। हालांकि, न्यूजीलैंड की हॉकी की शासी निकाय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि टीम 2024 के बाद हॉकी प्रो लीग में फिर से शामिल होने की कोशिश करेगी। इसे हासिल करने के लिए, ब्लैक स्टिक्स को हॉकी नेशंस कप जीतने की आवश्यकता होगी, जो हॉकी प्रो लीग के लिए योग्यता पथ है। न्यूजीलैंड के हटने के परिणामस्वरूप, संयुक्त राज्य अमेरिका, जो हाल ही में संपन्न सीजन में अंतिम स्थान पर रहा था, आगामी सीजन के लिए भाग लेने वाले देशों में अपना स्थान बनाए रखेगा। हॉकी न्यूजीलैंड के सीईओ एंथनी क्रमी ने कहा, ₹लीग में भाग लेने वाले संस्थापक देश के रूप में, यह हमारे लिए एक कठिन निर्णय था, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए सही निर्णय है कि हम अपने कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम ओलंपिक खेल के लिए अर्हता प्राप्त करने और तैयारी करने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति में हैं।

शकील के शतक से पाक ने श्रीलंका पर बनाई बढ़त

गॉल। सऊद शकील के दूसरे टेस्ट शतक की मदद से पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन लंच तक पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल की। लंच के समय बाएं हाथ के बल्लेबाज शकील 119 रन बनाकर खेल रहे थे जिससे पाकिस्तान ने वर्षा से प्रभावित पहले सत्र की समाप्ति तक छह विकेट पर 313 रन बना लिए है। पाकिस्तान को एक रन की मामूली बढ़त हासिल है। पिछले साल दिसंबर में टेस्ट पदार्पण करने वाले शकील छह मैच में दो शतक और पांच अर्धशतक जड़ चुके हैं। पाकिस्तान ने कल 101 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद शकील और आगा सलमान (83) ने छठे विकेट के लिए रिकॉर्ड 177 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। यह श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान की ओर से टेस्ट क्रिकेट में छठे विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है।

दूसरे टेस्ट के लिए वेस्टइंडीज टीम की घोषणा

रेमन रीफर की जगह ऑलराउंडर केविन सिंक्लेयर को मिला मौका

एजेंसी। पोर्ट ऑफ स्पेन

वेस्टइंडीज ने गुरुवार से यहां भारत के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट के लिए टीम की घोषणा कर दी है। स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर केविन सिंक्लेयर को बल्लेबाजी ऑलराउंडर रेमन रीफर की जगह टीम में शामिल किया है। वेस्टइंडीज के लिए सात एकदिवसीय और छह टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले सिंक्लेयर को टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का इंतजार है। डोमिनिका में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में पारी के अंतर से हार के बाद वेस्टइंडीज ने सिंक्लेयर को रीफर की जगह शामिल करके टीम में एकमात्र बदलाव किया है। रीफर हालांकि चोटिल खिलाड़ी के कवर के रूप में टीम के साथ रहेंगे। सिंक्लेयर इसी साल बांग्लादेश के खिलाफ

तीन मैचों की श्रृंखला में वेस्टइंडीज ए के सबसे सफल गेंदबाज रहे थे। वह जिंबाब्वे में आईसीसी विश्व कप क्वालीफायर के लिए भी वेस्टइंडीज की टीम का हिस्सा थे। वेस्टइंडीज की टीम भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही है। पहले टेस्ट के दौरान छाती के संक्रमण से परेशान रहे ऑफ स्पिनर राहकीम कोर्नवाल को टीम में बरकरार रखा गया है। यह देखना होगा कि पहले टेस्ट में स्पिन की अनुकूल पिच के बाद वेस्टइंडीज दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए किस तरह की पिच तैयार करता है। रविचंद्रन अश्विन ने पहले टेस्ट में स्पिन का जादू चलाते हुए मैच में 12 विकेट चटकाए जबकि रविंद्र जडेजा ने पांच विकेट हासिल किए जिससे मैच तीन दिन के भीतर खत्म हो गया।

अश्विन बल्लेबाजों के दिमाग से खेलते हैं : अनिल कुंबले

एजेंसी। नई दिल्ली

वेस्टइंडीज के खिलाफ डोमिनिका में खेले गए पहले टेस्ट मैच में रविचंद्रन अश्विन (12-131) ने 8वीं बार दस विकेट लेने का कारनामा किया और अनिल कुंबले के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा दस विकेट लेने वाले भारतीय बन गए। वह कुंबले के बाद टेस्ट में सबसे ज्यादा बार 5 विकेट लेने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। कुंबले ने 35 बार टेस्ट में 5 विकेट लिए हैं, जबकि अश्विन ने 34 बार यह कारनामा किया है। टेस्ट में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज अनिल कुंबले ने अश्विन की तारीफ करते हुए कहा कि वह बल्लेबाजों के दिमाग से खेलते हैं। कुंबले ने कहा,"यह सिर्फ आपके पास मौजूद कौशल के बारे में नहीं है। यह बल्लेबाज पर दबाव स्थानांतरित करने की क्षमता भी है जिसे आप आर अश्विन का सामना करने वाले प्रत्येक बल्लेबाज में

देख सकते हैं, आप इसे उनकी शारीरिक भाषा में देख सकते हैं।" कुंबले ने कहा कि घरेलू टीम के बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ अश्विन ने क्रीज का बेहतरीन इस्तेमाल किया, खासकर जिस तरह से उन्होंने सलामी बल्लेबाज तेगनारायन चंद्रपॉल को आउट किया। उन्होंने कहा, "उन्होंने बाएं हाथ के बल्लेबाज के पास आते हुए क्रीज से बाहर वाइड गेंदबाजी की। एक बार बाएं हाथ के बल्लेबाज ने सोचा कि गेंदें अंदर आएंगी, तभी अश्विन ने चंद्रपॉल को वह खूबसूरत गेंद फेंकी जो उनके पास से निकल गई और ऑफ स्टंप ले उड़ी।"

एकदिवसीय टूर्नामेंट | **श्रृंखला बचाने उतरेगी भारतीय महिला टीम**

बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

एजेंसी। मीरपुर

रन बनाने के लिए जूझ रही भारतीय बल्लेबाजों को बुधवार को यहां दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला गंवाने से बचने के लिए धीमी पिच पर बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी। स्पिनरों, विशेषकर लेग स्पिनरों ने अब तक बांगलादेश दौरे के दौरान भारतीय बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। रविवार को पहले एकदिवसीय में भारतीय बल्लेबाजों को तेज गेंदबाज मारूफा अख्तर का सामना करने में भी मुश्किलें हुईं और टीम को बांग्लादेश के खिलाफ इस प्रारूप में पहली बार हार का सामना करना पड़ा। अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में जीत के बाद बांग्लादेश ने पहले एकदिवसीय में भी जीत दर्ज की और अब मेजबान टीम की नजरें श्रृंखला में एतिहासिक जीत करने पर टिकी हैं।

बांग्लादेश को अगले साल महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी भी करनी है और ऐसे में

भारतीय बल्लेबाजों को ऐसी पिचों पर रन बनाने के लिए सामंजस्य बैठाना होगा जहां गेंद बल्ले पर नहीं आती। भारत के लिए मौजूदा दौरा अब तक मुश्किलों से भरा रहा है और टीम बामुश्किल टी20 श्रृंखला जीतने में सफल रही। स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने मौजूदा दौरे पर निराश किया है जबकि एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच में शेफाली वर्मा की जगह लेने वाली प्रिया पूनिया भी वापसी करते हुए नाकाम रहीं। यस्तिका भाटिया और जेमिमा रोड्रिग्स दोनों को स्ट्राइक रोटेट करने में परेशानी का सामना करना पड़ा और इससे टीम पर अतिरिक्त दबाव पड़ा। रिचा घोष की गैरमौजूदगी में कोई भी बल्लेबाज फिनिशर की भूमिका नहीं निभा पा रही है और टीम को बाउंड्री जुटाने के लिए जूझना पड़ रहा है। रविवार को अपनी गेंदबाजी से प्रभावित करने वाली अमनजोत कौर के पास बल्ले से भी छाप छोड़ने का मौका है और वह फिनिशर के रूप में विकल्प मुहैया करा सकती हैं। भारत ने श्रृंखला के पहले मैच में 19 वाइड फेंकी जो चिंता का सबब है।

टीम इस प्रकार है

भारत : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, यस्तिका भाटिया, हरलीन देयोल, देविका वैद्य, उमा छेत्री, अमनजोत कौर, प्रिया पूनिया, पूजा वस्त्रकार, मेघना सिंह, अंजलि सरवानी, मोनिका पटेल, राशि कनौजिया, अनुषा बारेड्डी और स्नेह राणा।

बांग्लादेश : निगार सुल्ताना (कप्तान), नाहिदा अख्तर, मुर्शिदा खातून, फरगाना हक, शोभना मोस्तरी, शोर्ना अख्तर, रितु मोनी, लता मंडल, दिशा बिस्वास, मारुफा अख्तर, शर्मिन अख्तर, संजीदा अख्तर, राबिया खान, सुल्ताना खातून, सलमा खातून, फाहिमा खातून और शमीमा सुल्ताना। समयः मैच भारतीय समयानुसार सुबह नौ बजे शुरू होगा।